RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 301 ■ मुंबई, शुक्रवार 23 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह




पाकिस्तान के नापाक इतिहास से सबक लेने का समय

पेज-4



सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है आपका खून?

पेज-6



सेहत के लिए लाभकारी हल्दी

पेज-8



आज नीरज और वेबर फिर आमने-सामने

पेज-9

# सिंदूर मिटाने वालों को हमने मिट्टी में मिला दिया : मोदी

महानगर नेटवर्क

बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हूं कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा वो आज घरों में दुबके पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वो मलबे में ढेर में दबे हुए हैं। पीएम ने कहा कि ये शोध प्रतिशोध का खेल नहीं ये न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है। ये सिर्फ आक्रोश नहीं है, ये समर्थ भारत का रौद्र रूप है। ये भारत का नया स्वरूप है। उन्होंने कहा कि हमने पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार। आतंक का फन कुचलने



की यही नीति है, यही रीति है...यही भारत है, नया भारत है। भारतीयों की जान से खेलने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हिंदुस्तान का लहू बहाने वालों को कतरे-कतरे का हिसाब चुकाना पड़ेगा। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गरम होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर बह रहा है।

## पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

## 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए

पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है? यह संयोग है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयरस्ट्राइक हुई थी तो उसके बाद उनकी पहली सभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी।

## आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान चुकाएगा

भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा, ये भारत का संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि वह सभा से पहले नाल एयरबेस पर गए। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन वह रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया। यहां से कुछ दूर सीमा पर पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस है। पता नहीं आगे कब खुलेगा। आईसीयू में पड़ा है। भारत की सेना के अचूक प्रहार ने इस एयरबेस को तहस-नहस कर दिया है।'

# टॉक और टेरर साथ नहीं

## PAK और उसके 'भाईजान' को भारत का सख्त संदेश

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का बयान आया। वीकली प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध बाइलेट्रल होना चाहिए, बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते।

तुर्किये पर विदेश मंत्रालय ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की, पाकिस्तान से यह अपील करेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय और ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। भारत को लगता है कि तुर्की इस मामले में पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता



हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की, पाकिस्तान से यह अपील करेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय और ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है।

के आधार पर ही बनते हैं। रणधीर ने कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन नहीं त्याग देता। जैसा कि हमारे PM ने कहा है- पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आतंकवाद भी एक साथ नहीं चल सकते।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) पर, जैसा कि आप जानते हैं, ये वार्ता वर्तमान में हो रही है। वाशिंगटन, डी.सी. हमारे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, टीम के साथ, बातचीत करने के लिए वहां हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है, और जब भी हमारे पास साझा करने के लिए कुछ होगा, हम आपको अपडेट करेंगे। फिलहाल स्थिति यही है।'

जायसवाल ने कहा- पाकिस्तान को भारत पर किए हमलों के लिए जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए दुनिया को साथ में आने की जरूरत है। हम विदेशों में 7 डेलिगेशन भेज रहे हैं। 3 डेलिगेशन निकल चुके हैं। हम दुनिया को बताना चाहते हैं कि आतंकवाद से कैसे निपट रहे हैं। पाकिस्तान पिछले 40 साल से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां छेड़े हुए है।

## Short News एक नजर

### अब दिव्यांगों को भी मिलेगा अपना 'घर'

**नई दिल्ली।** अब दिव्यांगजनों के लिए भी सरकारी घर पाना एक सपना नहीं रहेगा। केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला लेते हुए केंद्रीय सरकारी आवास योजनाओं में 4% आरक्षण लागू कर दिया है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में लिया गया यह फैसला न केवल दिव्यांगों को सम्मान और सुविधा देगा, बल्कि एक समावेशी और सुगम भारत के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### शीना बोरा हत्याकांड: शबनम सिंह का नाम गवाहों की लिस्ट से हटा

**नई दिल्ली।** CBI ने गुरुवार को विशेष अदालत के समक्ष 65 नाम पेश किए, जिन्हें उन्होंने शीना बोरा हत्याकांड में जांच के लिए गवाहों की सूची से हटा दिया है। जिसमें पीटर मुखर्जी की पूर्व पत्नी शबनम सिंह भी शामिल हैं। बोरा की मां इंद्राणी मुखर्जी इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। इंद्राणी के पूर्व पति और मीडिया दिग्गज पीटर मुखर्जी भी इस मामले में आरोपी हैं। इस साल मार्च में सीबीआई ने 125 गवाहों की फाइनल लिस्ट कोर्ट को दी थी और पुष्टि की थी कि इंद्राणी मुखर्जी की बेटी विधि मुखर्जी और पूर्व पति तथा सह-आरोपी संजीव खन्ना उनमें शामिल हैं।

### अब NEET-PG में मेडिकल संस्थानों को फीस डिटेल्स देनी होगी

**नई दिल्ली।** NEET-PG की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को NEET-PG में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऐजी मसीह की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनाल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। साथ ही कहा कि अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है तो उसे NEET-PG के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।

### पाकिस्तान में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे में 100 साल पुराने एक हिंदू मंदिर पर कब्जे का आरोप लगा है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने गुरुवार को बताया कि जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है।

# आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद



महानगर नेटवर्क

जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चटरू के सिंहपोरा इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने गोलीबारी के बाद तीन से चार आतंकियों को घेर लिया। गोलीबारी में एक जवान बलिदान हो गया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अन्य घायल सैनिकों का उपचार उधमपुर सेना अस्पताल में किया जा रहा है। किश्तवाड़ आतंकी मुठभेड़ में शहीद सैनिक की पहचान सिपाही गायकवाड़ संदीप पांडुरंग निवासी करानाडी तहसील अकोला जिला अहमदनगर महाराष्ट्र के रूप में हुई है। सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली कि चटरू के सिंहपोरा इलाके में आतंकी छिपे हैं। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। आतंकियों की संख्या तीन से चार है। पहलगाम घटना के पहले यहां इसी क्षेत्र में तीन आतंकियों को मार गिराया गया था। यह क्षेत्र कश्मीर के अनंतनाग से लगता है। हो सकता है कि ये आतंकी भी कश्मीर से ही आए हों। आतंकी जैश मोहम्मद के बताए जा रहे हैं।

# 'पाक आर्मी चीफ मुनीर कट्टरपंथी'

## उनके भाषण के पांच दिन बाद पहलगाम हमला हुआ

महानगर नेटवर्क

एम्सटर्डम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को धार्मिक कट्टरपंथी बताया है। उन्होंने गुरुवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के विचारों और व्यवहार में धार्मिक कट्टरता साफ नजर आती है।

जयशंकर ने असीम मुनीर के भाषण का भी जिक्र किया। इसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के लिए गले की नस बताया था। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान के लोग कभी भी यह नहीं भूल सकते कि वे हिंदुओं से अलग हैं। मुनीर ने बच्चों को जिन्ना के दो-राष्ट्र सिद्धांत की कहानी सुनाने की वकालत की थी, ताकि वे समझ सकें कि बंटवारा क्यों हुआ था। इस घटना के 5 दिन



बाद ही पहलगाम आतंकी हमला हुआ।

जयशंकर ने कहा- पहलगाम में हुआ हमला एक बर्बर कृत्य था, जिसका मकसद कश्मीर में टूरिज्म को नुकसान पहुंचाना और धार्मिक विवाद को भड़काना था। जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताया। उन्होंने कहा वहां एक्टिव आतंकी गुटों को पाकिस्तानी सरकार से सपोर्ट मिलता है।

नीदरलैंड्स की मीडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सीधे बातचीत हुई थी।

उन्होंने बताया कि भारत ने सभी देशों को यह साफ बोल दिया था कि अगर पाकिस्तान गोलीबारी बंद करना चाहता है, तो उसे भारत के जनरल को फोन करके यह बताना होगा। अमेरिका की जंग रोकने में भूमिका के जयशंकर ने कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हो रहा था, अमेरिका समेत कई देशों ने समझौते की कोशिश की थी। अमेरिका सिर्फ अकेला ऐसा देश नहीं था। कुछ और देश भी बातचीत कर रहे थे, लेकिन मैं यह साफ करना चाहता हूं कि गोलीबारी रोकने का फैसला भारत और पाकिस्तान ने आपसी बातचीत के बाद लिया।

# वक्फ कानून: सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

## सरकार अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकती



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया है। इन मुद्दों में कोर्ट द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को डिनोटिफाइ करना, वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ बाय डीड शामिल है।

फैसला सुरक्षित रखने से पहले CJI बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने लगातार तीन दिनों तक वक्फ कानून का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक सिंघवी और सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनीं।

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ के दर्जे को लेकर एक बार जांच शुरू हो जाए तो रिपोर्ट आने तक वक्फ का दर्जा खत्म हो जाता है।

देश में 200 साल से भी पुराने बहुत से कब्रिस्तान हैं। 200 साल बाद सरकार कहेगी कि यह मेरी जमीन है और इस तरह कब्रिस्तान की जमीन छीनी जा सकती है?

इस पर CJI ने कहा, तो जमीन का रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराया गया। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा, उन्होंने (मुस्लिम समुदाय) रजिस्ट्रेशन इसलिए नहीं कराया क्योंकि यह राज्य की जिम्मेदारी थी, अब वे कहते हैं कि चूंकि उन्होंने पंजीकरण नहीं कराया, इसलिए यह समुदाय की गलती है। यदि आपके पास शक्ति है तो आप खुद की गलती का लाभ नहीं उठा सकते।

एक दिन पहले 21 मई (बुधवार) की सुनवाई में केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (SG) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा था कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो।

सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया था, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं।

# कर्नाटक के गृह मंत्री के ठिकानों पर ED की रेड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गुरुवार को छापेमारी की है। यह छापेमारी कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव द्वारा की गई



सोने की तस्करी से जुड़ी है। ईडी उसी मामले में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहा है और उसने धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत राज्यभर में 16 स्थानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी उन हवाला संचालक और अन्य ऑपरेटर को निशाना बनाकर की गई जिन्होंने सोना तस्करी की आरोपी रान्या राव के खातों में कथित तौर पर फर्जी वित्तीय लेनदेन किए थे। निदेशालय ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें राज्य में परमेश्वर से जुड़े तीन शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हैं। इस बीच, राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने यह कहकर मामले में नया ट्विस्ट ला दिया है कि गृह मंत्री ने उनसे कहा है कि उन्होंने अभिनेत्री को शादी में उपहार दिया था और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। शिवकुमार ने छापेमारी के बीच आज गृह मंत्री जी परमेश्वर से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- ED ने सारी हदें पार कीं

## ▸▸ तमिलनाडु शराब घोटाले की जांच पर रोक के निर्देश

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सारी हदें पार कर दी हैं। वह देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन (TASMAC) और तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। ED ने मार्च में TASMAC मुख्यालय पर छापेमारी के बाद कहा था कि उसे एक हजार करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता चला है। कॉर्पोरेट पोस्टिंग, ट्रांसपोर्ट और बार लाइसेंस टेंडर से जुड़ा डेटा मिला है। धोखाधड़ी करके शराब को तय कीमत से ज्यादा पर बेचने के भी सबूत हैं। अदालत ने एजेंसी को जांच और छापेमारी रोकने का भी निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई CJI बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच कर रही थी।




तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य ने 2014 से 2021 के दौरान भ्रष्टाचार मामले में शराब दुकानदारों पर 41 FIR दर्ज कीं। ED ने 2025 में TASMAC मुख्यालय पर छापा मारा। उसने अधिकारियों के फोन और डिवाइस ले गए और सब कुछ क्लोन किया।

# जासूस ज्योति की रिमांड 4 दिन बढ़ी

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। इसके बाद हिसार पुलिस को ज्योति की 4 दिन की रिमांड और मिल गई। हालांकि पुलिस ने 7 की रिमांड की मांग की थी। इस पर जज ने कहा कि 7 दिन की रिमांड किसलिए चाहिए। पुलिस ने कहा कि ज्योति ने देश में कई जगह ट्रैवल किया है, उसकी ट्रैवल हिस्ट्री निकालनी है। अभी उसके फोन और लैपटॉप से डिजिटल एविडेंस नहीं मिले हैं। इसको लेकर ज्योति से और पूछताछ की जानी है। कोर्ट ने चार ही दिन का रिमांड दिया।

# सलमान के घर दो दिन में दो अज्ञात लोग पहुंचे

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

महानगर संवाददाता

मुंबई

बांद्रा स्थित बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक और सुरक्षा चूक सामने आई है। इस बार एक महिला बिना अनुमति के इमारत परिसर में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ी गई। यह घटना पिछले दो दिनों में दूसरी बार हुई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बांद्रा पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला की पहचान ईशा छावड़िया के रूप में हुई है। घटना 19 मई की सुबह करीब 3:30 बजे की है, जब ईशा इमारत की लिफ्ट का इस्तेमाल कर सीधे सलमान खान के घर तक पहुंच गई। हालांकि, वहां तैनात सुरक्षा गार्डों ने उसे समय रहते पकड़ लिया और तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया। सुरक्षा कर्मियों की शिकायत के आधार पर बांद्रा पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



# काशी में पकड़ा गया जासूस तुफैल

महानगर नेटवर्क

वाराणसी

उत्तर प्रदेश एटीएस को एक बड़ी सफलता मिली है, जब उसने वाराणसी से एक जासूस तुफैल को गिरफ्तार किया, जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था। तुफैल, एक आई ए स आई (ISI) एजेंट है, वह भारत की खुफिया जानकारी पाकिस्तान को भेजता था। उसका कई पाकिस्तानी लोगों से संपर्क था। तुफैल नफीसा नामक पाकिस्तानी महिला के संपर्क में था। जिसका पति पाकिस्तानी सेना में है और पाकिस्तान के आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक (TLP) के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा करता था। इनमें बाबरी मस्जिद का बदला लेने और शरीयत कानून लागू करने जैसे संदेश होते थे। तुफैल के खिलाफ गंभीर आरोप हैं कि उसने भारत के महत्वपूर्ण स्थलों की तस्वीरें पाकिस्तानी लोगों को भेजी थीं, जिनमें राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, रेलवे स्टेशन और लाल किला शामिल थे।



## दिल्ली में भी पाक जासूस गिरफ्तार

दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद हारून को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। मोहम्मद हारून दिल्ली में स्क्रैप का काम करता है। साथ ही उस पर पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त कर्मचारी मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने के नाम पर अवैध धन वसूली करने के साथ ही राष्ट्रहित से जुड़ी सुरक्षा संबंधित सूचना साझा करने का आरोप है।

# UP में आंधी-बारिश से 45 की मौत

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 45 की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने मुताबिक, 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर के





पुंछ में LoC के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली-NCR में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा। राजस्थान के 17 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। देश के टॉप-5 गर्म शहरों की लिस्ट में राजस्थान के 3 शहर शामिल रहे। श्रीगंगानगर 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म शहर रहा।


# मानसून के दौरान मुंबई में पानी भरना तय !

## अभी तक मात्र 66 प्रतिशत नाला सफाई

### छोटे नालों की और हालत खराब, मात्र 55 प्रतिशत हुई सफाई




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**




मौसम विभाग ने इस साल समय से पहले मानसून आने की जानकारी दी है। मानसून पूर्व मनपा प्रशासन द्वारा की जाने वाली नाला सफाई की हालत और खराब है। पिछले कुछ दिनों हुई प्री मानसून बारिश ने मनपा के पहले ही पोल खोल दी है। अब द्वारा नाला सफाई भी समय पर नहीं हो पाने से मानसून में और पानी भरने की चिंता लोगों द्वारा व्यक्त की जाने लगी है। इस साल अभी तक नालों की सफाई कुल 66 प्रतिशत हुई है,जबकि मौसम विभाग ने शनिवार रविवार को मुंबई में ऑरेंज एलर्ट जारी किया है,जिसमें भारी बारिश होने की चेतावनी है। जबकि नाला सफाई के लिए भी अब मात्र सात दिन का ही शेष समय बचा है। सबसे बुरा हाल तो छोटे नालो का है जहा मात्र 55 प्रतिशत नाला सफाई हुई है।

#### नाला सफाई का काम तीन चरणों में किया जाता है

छोटे नालों का पानी ही बड़ा नाले में जाता है। छोटे नालों की सफाई नहीं होने से बारिश का पानी बड़े नालों तक कैसे पहुंचेगा ऐसा सवाल खड़ा किया जा रहा है। नाला सफाई इस साल पहले ही डेढ़ महीने देरी से शुरू हुआ था, 31 मई को समाप्त हो रहा है। मानसून पूर्व नालों की सफाई 80 प्रतिशत की जाती है। मानसून के दौरान 10 प्रतिशत और मानसून समाप्त होने के बाद 10 प्रतिशत। मुंबई में मीठी नदी सहित अन्य नदी नालों की सफाई और कीचड़ निकालने के लिए 23 ठेकेदारों को ठेका दिया है। मनपा ने नाला सफाई पर 395 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। ठेकेदारों को नाली सफाई कार्य से पहले और बाद में फोटो और वीडियो लेना अनिवार्य किया गया है। संबंधित इंजीनियरों को कार्यस्थल पर उपस्थित रहना भी अनिवार्य किया गया है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि अधिकांश छोटी नालियों की अभी तक सफाई नहीं हुई है। जिससे मानसून के दौरान पानी भरने की चिंता लोगों की बानी हुई है जो की प्री मानसून के दौरान दिखाई दिया। मीठी नदी के किनारे भी स्थिति चिंताजनक है। बीते तीन दिनों से जारी बारिश के कारण कीचड़ निकालने में दिक्कतें आ रही हैं। निकले गए कीचड़को मुख्य सड़क और मेट्रो स्टेशन के पास खुले में डाल दिया गया है।

# समुद्र में डूबते लोगों को बचाने मनपा तुर्की से खरीद रही रोबोट

**दिनेश सिंह**

**मुंबई।** पहलगाम की घटना के बाद हिंदुस्तान द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर किए गए हमलों के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का खुल कर सर्थन किया। केंद्र सरकार तुर्की से कई तरह के व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है। इस बीच मनपा प्रशासन ने तुर्की में बना हुआ रोबोट खरीदने का निर्णय लिया है। इस रोबोट का उपयोग समुद्र में डूब रहे लोगों को बचाने में किया जाएगा। मनपा द्वारा तुर्की से रोबोट लिए जाने के निर्णय पर विवाद होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।



**प्रत्येक चौपाटी पर एक रोबोट तैनात किया जाएगा**

मनपा प्रशासन ने मुंबई के गिरगांव चौपाटी, दादर शिवाजी पार्क,जुहू, वर्सोवा, अक्सा और गोराई जैसे छह समुद्र तटों पर फिलहाल 111 जीवन रक्षक तैनात हैं। इन तटों पर हर साल पर्यटकों के डूबने की घटनाएं होती हैं, जिनमें से कुछ में लोगों को बचा लिया जाता है, जबकि कुछ की मौत हो जाती है। विशेष अवसरों जैसे गणेश विसर्जन या दशहरे के दौरान भी ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं। समुद्र की लहरों और भरे ज्वार का अंदाजा न लगा पाने के कारण लोग बह जाते हैं। इन स्थितियों में जीवनरक्षक प्रयास करते हैं,लेकिन अब उनकी मदद के लिए रोबोटिक वाटर रेस्क्यू उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक चौपाटी पर एक रोबोट तैनात किया जाएगा। जिसे रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जा सकेगा।

**ठेकेदार को कुल कीमत की 80 प्रतिशत राशि दी जाएगी**

यह उपकरण ग्लास फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलिएस्टर से बना होगा,दोनों तरफ वॉटर जेट्स लगे होंगे और इसमें 10,000 एम ए एच की रिचार्जेबल बैटरी होगी। उपकरणों की आपूर्ति के बाद यदि अग्निशमन विभाग परीक्षण से संतुष्ट होता है तो ठेकेदार को कुल कीमत की 80 प्रतिशत राशि दी जाएगी। शेष 20 प्रतिशत राशि उपकरणों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दी जाएगी। प्रशिक्षण कम से कम दो दिनों का होगा, जिसे निर्माता कंपनी अग्निशमन कर्मियों को देना होगा।

## हर महीने रिश्वत की मांग
# राशन निरीक्षक रंगेहाथ गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ठाणे इकाई ने मुंबई के नागरिक आपूर्ति विभाग में कार्यरत एक राशन निरीक्षक को 12,000 की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी जनसेवक सागर साहेबराव वराले (पदः राशन निरीक्षक – निरीक्षण, श्रेणी-3) पर आरोप है कि वह प्रत्येक राशन दुकानदार से हर महीने 2000 की रिश्वत की मांग कर रहा था।

शिकायतकर्ता ने एसीबी ठाणे कार्यालय में 15 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की चार राशन दुकानों से छह माह के लिए कुल 48,000 की अवैध राशि की मांग की थी। 19 मई को सत्यापन कार्रवाई के दौरान आरोपी ने 12,000 की रिश्वत स्वीकार की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में आगे की कार्रवाई कलवा पुलिस स्टेशन, दाना सिटी में की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, ठाणे ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगी जाती है या भ्रष्टाचार की जानकारी हो, तो वे बेझिझक ACB ठाणे कार्यालय से संपर्क करें।

# पहली बारिश में ही नालों की गंदगी सड़कों पर बह निकली

## खुली मनपा की नाला सफाई व्यवस्था की पोल, नागरिकों में आक्रोश

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**



पिछले तीन दिनों से रुक रुक हो रही तेज बारिश ने भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका की नाला सफाई की हकीकत सामने ला दी। शहर के कई प्रमुख इलाके तीन बत्ती, पुराना मछली मार्केट, कमला होटल, गुलजार कोर्डिंग, म्हाडा कालोनी, काकूबाई चाल,आजमी नगर, सब्जी मार्केट,कल्याण रोड़, श्रीरंग नगर,पदमा नगर, गुलजार नगर आदि इलाको में नालों से निकला कचरा और गंदा पानी सड़कों पर बहता दिखाई दिया। इससे न केवल नागरिकों को आवागमन में परेशानी हुई, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के बाद मुख्य सड़कों पर कीचड़ और बदबूदार गंदगी फैल गई, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दुपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने मनपा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर साल मानसून से पहले सफाई के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत पहले ही पानी में बह जाती है। नागरिकों का आरोप है कि नाला सफाई का काम कागजों पर ही सीमित रह गया। नालों की मिट्टी और कचरा निकालकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया, जिसे समय रहते नहीं उठाया गया। नतीजतन, बारिश होते ही वही गंदगी वापस नालों में चली गई और सड़कें गंदे पानी से भर गईं।

**मनपा का कहना है कि नाला सफाई काम जारी है**

कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने मनपा प्रशासन से मांग की है कि संबंधित ठेकेदारों पर दंड लगाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मनपा प्रशासन का कहना है कि नाला सफाई काम जारी है और अधिकांश क्षेत्रों में काम पूर्ण होने के कगार पर है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश के कारण अवरोध उत्पन्न हुआ, जिसकी सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। स्थानीय नागरिकों की माने तो यदि जल्द ही स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो वे मनपा मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है कि हर साल एक जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन मनपा के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।

# भाजपा के दबाव में कंटेनर राजनीति का पटाक्षेप

**भायंदर।** मीरा-भायंदर शहर में काफी दिनों से चल रही कंटेनर शाखाओं एवं कार्यालय की राजनीति का पटाक्षेप हो गया है। मनपा आयुक्त के आदेश के बाद शहर के सारे कंटेनर शाखाओं को उठाने का काम मनपा के अतिक्रमण विभाग ने शुरू कर दिया है। इन कंटेनर शाखाओं पर मनपा की कार्रवाई नहीं होती देख कर भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने मनपा आयुक्त निवास के बाहर की कंटेनर कार्यालय शुरू कर दिया था। शहर में मनपा आयुक्त एवं मनपा अधिकारियों पर नेताओं के इशारों पर काम करने के आरोप भी लगने लगे थे। इस पुरे मामले में समाचारों पत्रों में प्रमुखता से खबरे प्रकाशित हुई थी। मनपा की खराब हो रही छवि को देखते हुए मनपा द्वारा सभी कंटेनरों को 24 घंटे में हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस मिलने के बाद भाजपा ने अपना कंटेनर कार्यालय खुद ही हटा लिया था परन्तु शिवसेना ने इसके लिए मनपा से 15 दिनों का समय मांगा था। हालांकि मनपा आयुक्त ने सभी कंटेनरों को हटाने का आदेश दिया और अतिक्रमण विभाग ने इनको हटाने का काम शुरू कर दिया है।



# पहाड़ी के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की मनपा ने दी सलाह

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मानसून के दौरना पहाड़ी खिसकने की बड़ी संभावना बनी रहती है। पहाड़ी खिसकने से जान मॉल का नुकसान होने का बड़ा खतरा बना रहता है। मनपा प्रशासन ने जिसके चलते घाटकोपर और विक्रोली में पहाड़ी किनारे रहने वाले लोगों को मानसून पूर्व ही सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी है। मनपा ने कहा है कि एन' विभाग कार्यालय की सीमा में आने वाले विक्रोली पार्कसाइट,विक्रोली (पश्चिम) और घाटकोपर (पश्चिम) क्षेत्रों के वर्षानगर, रामनगर, संजय गांधी नगर, राहुल नगर, गणेश नगर, खंडोबा टेकड़ी, आजाद नगर, सोनिया गांधी नगर, प्रेम नगर और आनंद नगर जैसे पहाड़ी इलाकों में रहने वाले झोपड़पट्टीवासियों से बृहन्मुंबई महानगरपालिका प्रशासन ने अपील की है कि वे बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित हो जाएं। इन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को पहले ही 'एन' विभाग कार्यालय द्वारा सावधानी की सूचनाएं और नोटिस जारी कर दिए गए हैं। इसके बावजूद अगर कोई निवासी स्थानांतरण नहीं करता है और किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से जान-माल की हानि होती है,तो इसके लिए मनपा जिम्मेदार नहीं होगी। मानसून के दौरान पहाड़ियों से भूस्खलन भारी बारिश के कारण पानी का तेज बहाव से मकानों का गिरना तथा नालों में बाढ़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इससे झोपड़ियां बहने या क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं हो सकती हैं।


# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में कॉलेज प्रिंसिपल गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई में एक कॉलेज प्रिंसिपल को अपने कॉलेज की नाबालिग छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार यह जानकारी दी। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत छेड़छाड़ के आरोपों के साथ मामला दर्ज किया गया और बाद में प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि प्रिंसिपल फिलहाल पुलिस हिरासत में है। छात्रा(17) दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा की रहने वाली है और बोरीवली के एक कॉलेज में पढ़ती है। शिकायत के अनुसार, प्रिंसिपल कई महीनों से छात्रा के करीब आने की कोशिश कर रहा था। उसके साथ अनुचित व्यवहार कर रहा था और बार-बार उसे परेशान कर रहा था। पुलिस के अनुसार छात्रा के कॉलेज के प्रिंसिपल ने जून 2024 और मई 2025 के बीच कथित तौर पर बार-बार यौन संबंध बनाने की कोशिश की और उसके साथ छेड़छाड़ की। गलत संबंध बनाने के लिए उस पर दबाव डाला। शुरुआत में छात्रा डर के कारण चुप रही।

# आठ आईएएस अधिकारियों का तबादला

**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार ने आठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। राज्य सरकार ने 2016 बैच के आईएएस सौरभ कटियार को मुंबई उपनगरीय कलेक्टर नियुक्त किया है। सौरभ कटियार अभी तक महाराष्ट्र के अमरावती जिले के कलेक्टर थे। सौरभ कटियार राजेंद्र क्षीरसागर का स्थान लेंगे, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। तो वहीं अमरवती में राज्य सरकार ने आशीष येरेकर को भेजा है। वह वर्तमान में अहिल्यानगर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। मुंबई सबअर्बन डिस्ट्रिक्ट महाराष्ट्र की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाला जिला है। जिले का मुख्यालय में बांद्रा में है। जिले में कुर्ला,अंधेरी, बोरीवली सब डिवीजन शामिल हैं। सौरभ कटियार को पिछले महीने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासकीय गतिमानता पुरस्कार से सम्मानित किया था।




**कहां के रहने वाले हैं कटियार**

महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी सौरभ कटियार उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उनके परिवार के लोग कानपुर देहात जिले के सिकंदरा में रहते हैं। सौरभ कटियार ने आईआईटी कानपुर से बीटेक के बाद एमटेक की डिग्री ली है। सौरभ कटियार सिकंदर तहसील में आने वाले मिरगांव के निवासी हैं। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 334वीं रैंक हासिल की थी। उन्होंने 2014 में भी सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। तब उन्हें आईआरएस मिला था। आईएएस में चयन की सूचना के वक्त पर IRS के रूप में इनकम टैक्स विभाग (नागपुर) में ट्रेनिंग ले रहे थे।

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़
# कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई

**मुंबई।** बोरिवली निवासी एक युवक को कस्टम विभाग ने प्रतिबंधित नशीले पदार्थ एमडीएमए (एक्स्टेसी) की अंतरराष्ट्रीय तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कथित रूप से यह ड्रग बेल्जियम से अंतरराष्ट्रीय डाक के जरिये मंगवाई थी। जब्त की गई ड्रग्स की मात्रा लगभग 975 ग्राम है, जिसकी बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद राशिद मेमन के रूप में हुई है, जो काजूपाड़ा,बोरिवली का निवासी है। कस्टम विभाग को बेल्जियम से आ रहे एक संदिग्ध पार्सल की सूचना मिली थी। फरवरी में जब इस पार्सल की जांच की गई, तो उसमें छिपाकर रखी गई एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुई। पार्सल का पता राशिद मेमन के नाम पर था। डाक विभाग की मदद से अधिकारियों ने पार्सल को संबंधित पते पर पहुंचाया, लेकिन राशिद मेमन ने इसे मंगाने से इनकार कर दिया। जांच में पता चला कि यह पार्सल उनके बेटे इरशाद मेमन ने उनके नाम का उपयोग कर मंगवाया था। कस्टम विभाग ने इरशाद को पूछताछ के लिए समन भेजा, लेकिन वह बार-बार पेश होने से बचता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि उसके खिलाफ दहिसर पुलिस स्टेशन में गांजा तस्करी का मामला पहले से दर्ज है और वह कोर्ट के आदेशानुसार नियमित रूप से थाने में हाजिरी दे रहा था। इसी दौरान कस्टम अधिकारियों ने पुलिस की मदद से उसे समन थमा दिया।

# देवनार डंपिंग ग्राउंड पर कचरे को नष्ट करने की कंपनी का आज होगा फैसला

## मुलुंड डंपिंग पर पड़े कचरे को नष्ट करने के लिए मनपा ने बढ़ाई समय सीमा

**मुंबई।** राज्य सरकार के निर्देश पर मनपा प्रशासन ने देवनार डंपिंग ग्राउंड के 110 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 185 लाख मीट्रिक टन जमा हुए कचरे को रासायनिक पद्धति से नष्ट करने के लिए निविदा प्रक्रिया की थी। डंपिंग ग्राउंड पर जमा कचरे को नष्ट करने के लिए कंपनी की नियुक्ति को लेकर आज प्री-बिड बैठक आयोजित हो रही है। जिसमे यह तय होगा की कौन सी कंपनी इतने बड़े कचरे के ढेर को तीन साल में नष्ट आकर सकेगी।

बता दें कि देवनार डंपिंग ग्राउंड पर जमा हुए कचरे में 110 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 185 लाख मीट्रिक टन जमा हुए कचरे को रासायनिक पद्धति से नष्ट किया जाएगा। कचरे को बायोरेमिडेएशन, खुदाई और प्रोसेस कर लगभग 110 जमीन खाली किया जायेगा। इस जमीन को राज्य सरकार ने धारावी का विकास करने के लिए अडानी को जमीन सौंपी है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि बोली जमा करने की अंतिम तिथि 3 जून है, लेकिन इच्छुक कंपनियां निविदा से संबंधित सवाल भी उठा सकती हैं। यदि मनपा को लगता है कि पूछे गए प्रश्न महत्वपूर्ण हैं तो एक सुधार अधिसूचना भी जारी की सकती है। मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर जमा कचरे को नष्ट करने दिया गया एक और साल का समय मुलुंड डंपिंग ग्राउंड की बायोमेडिएशन परियोजना को लेकर स्थिति अब भी अनिश्चित बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मुलुंड डंपिंग ग्राउंड जिस पर 2018 से कचरा डालना बंद कर दिया गया था। मुलुंड डंपिंग पर जमा हर कचरे को नष्ट करने तीन ठेकेदार की नियुक्ति की गई थी जिसके लिए ठेकेदार को 731 करोड़ की बायोमाइनिंग परियोजना तय की गई थी। ठेकेदार की समय सीमा जून में खत्म हो रहे है। मनपा ने अब ठेकेदार पर 10 करोड़ का दंड लगाकर एक साल का और समय दिया है।



# भिवंडी में बारिश से पहले मनपा का अलर्ट!

## ढलान पर बसे झोपड़े तुरंत हटाएं, वरना होगी कार्रवाई

**भिवंडी।** भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका ने बारिश से पहले संभावित दुर्घटनाओं को टालने के लिए प्रभाग समिति क्रमांक 2 में स्थित असुरक्षित झोपड़पट्टियों पर सख्त रुख अपनाया है। सहायक आयुक्त माणिक जाधव के नेतृत्व में झोपड़ा विभाग प्रमुख शरद भावर व अनिरुद्ध वाणी इत्यादि ने नवीवस्ती,नेहरू नगर, भादवड़ (साईनगर), किदवई नगर, रहमतपुरा, आजाद नगर, शांतिनगर जैसे इलाकों में ढलान या पहाड़ी क्षेत्रों पर बनी झोपड़ियों को गंभीर खतरे की श्रेणी में रखते हुए नोटिस जारी कर दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि मानसून में जमीन खिसकने या ढलान टूटने की स्थिति में इन झोपड़ियों और घरों के बहने या गिरने की आशंका प्रबल है। ऐसे में वहां रहना जानलेवा साबित हो सकता है। मनपा के अनुसार,कई झोपड़ियां ढलान की धार पर या सीधे ढलान पर बनी हुई हैं,जहां किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। सहायक आयुक्त जाधव के अनुसार, जिन घरों को नोटिस दिया गया है, उन्हें तत्काल खाली करने का निर्देश दिया गया है।



# अवैध होर्डिंग और पोस्टर शहर की खूबसूरती पर लगा रहे बट्टा

## मनपा अतिक्रमण विभाग मौन, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ हो रही खानपूर्ति

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर में अवैध होर्डिंग बैनर और पोस्टर से चौक चौराहे फुटपाथ सड़कें पर लगे स्ट्रीट लाइट्स के पोल और खुले स्थान पटे पड़े हैं , जिससे शहर की खूबसूरती पर बट्टा लगा रहा है। शहर के सभी चौक चौराहे स्टेशन परिसर सभी जगह पर इस प्रकार के अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर नजर आ रहे हैं,जिसमें राजनीतिक दलों के नेताओं के जन्मदिन व त्योहारों को लेकर शुभकामनाएं और कुछ जगह पर निजी कंपनियों द्वारा अपने प्रोडक्टस और होटल की मार्केटिंग भी शामिल है। इतना ही नहीं खुद मनपा प्रशासन का जाहिरात विभाग भी हाईकोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाता दिखाई दे रहा है। शहर के कई चौक चौराहों और फुटपाथ के किनारे बैनर और होर्डिंग लगाए गए हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का समान करना पड़ रहा है। हालांकि इस संदर्भ में मनपा अतिक्रमण विभाग ने कहा कि उनकी तरफ से लगातार अवैध होर्डिंग बैनर और पोस्टर पर कारवाई जारी है। शहर के चंदन नाका,अलकापुरी,एवर शाइन, ओसवाल नगरी लिंक रोड, हाईवे ,संतोष भवन,धानुबाग,वसईफाटा, सोपारा फाटा, भूमाल नगर, गाला नगर ,कैपिटल माल, रेंजऑफिस हर जगह पर बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं।



# एक साल में बाल विवाह के छह मामले रोके गए

## ठाणे में प्रशासन की सतर्कता से थमा बाल विवाह का खेल

**ठाणे।** ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रशासन ने नकेल कसनी शुरू कर दी है। जागरूकता और त्वरित कार्रवाई के बलबूते इस सामाजिक बुराई को रोकने में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में शाहपुर तालुका के वेलुक कटकरी वाडी गांव में 20 मई को एक नाबालिग बच्ची की शादी को ऐन वक्त पर रोक दिया गया।

बता दें कि मुख्य सेविका कविता जगताप को जैसे ही इस बाल विवाह की सूचना मिली, उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और टीम के साथ मौके पर पहुंच गईं। बाल विकास परियोजना अधिकारी धनश्री सालुंके, पुलिस निरीक्षक सुरेश गावित, उपनिरीक्षक सागर जाधव, दीपाली कांबले, सुरेखा विशे और कविता जगताप की संयुक्त कार्रवाई से यह विवाह रोका गया। प्रशासन की जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024 में जिले में कुल 18 बाल विवाह रोके गए थे।

# बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस की शुरुआत

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर स्टेशनों के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जा रही है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है।

ट्रेन संख्या 21903/21904 बांद्रा टर्मिनस - बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 21903 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 23.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.40 बजे बीकानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 मई से चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 21904 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को बीकानेर से 08.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 28 मई से चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और देशनोक स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर (इकोनॉमी) और एसी चेयर कार कोच हैं।

ट्रेन संख्या 21903 की बुकिंग 23 मई से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# धुले सरकारी गेस्ट हाउस कांड की होगी SIT जांच

## फडणवीस ने कहा, सच्चाई बाहर लाएंगे, गेस्ट हाउस के कमरे में मिले थे 1 करोड़ 84 लाख रुपए




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

धुले जिले के एक सरकारी गेस्ट हाऊस के कमरा नंबर 102 से मिले 1 करोड़ 84 लाख रुपए का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। यह कमरा शिवसेना शिंदे गुट के विधायक और विधान मंडल की आकलन समिति के प्रमुख अर्जुन खोतकर के पीए किशोर पाटिल के नाम पर बुक था। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना को बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के सच को बाहर आना ही चाहिए। हम विधानमंडल की समिति पर लगे आरोप बर्दाश्त नहीं कर सकते। घटना की जांच के लिए एसआईटी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सरकार विधान परिषद के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करेगी कि घटना की जांच विधानमंडल की आचार समिति (एथिक्स समिति) से कराए। इधर महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि संदिग्ध कक्ष अधिकारी किशोर पाटिल को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है।

### पीए किशोर पाटिल के नाम पर बुक था कमरा

मिली जानकारी के अनुसार धुले-नंदुरबार में विकास कार्यों का निरीक्षण के लिए आकलन समिति पहुंची थी। उन्हें धुले के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहराया गया था। यहां कमरा नंबर 102 आकलन समिति के प्रमुख और शिवसेना शिंदे गुट के विधायक अर्जुन खोतकर के पीए किशोर पाटिल के नाम पर बुक था। धुले के पूर्व विधायक और शिवसेना यूबीटी के नेता अनिल गोटे की शिकायत पर स्थानीय प्रशासन ने कमरा नंबर 102 का ताला तोड़कर तलाशी ली तो उसमें 1 करोड़ 84 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई। पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि इतनी बड़ी रकम सरकारी गेस्ट हाउस में क्यों लाई गई? और ये पैसा किसका है। अनिल गोटे ने आरोप लगाया है कि स्थानीय विकास के कामों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और ये पैसा सरकारी फंड में गबन से जुटाया गया है।

इस मामले में शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धुले जिले के दौरे के दौरान राज्य विधानमंडल की आकलन समिति को रिश्वत देने की कोशिश को नाकाम कर दिया।



### कमरे में रखे गए थे पांच करोड़: राउत

राउत ने दावा किया कि जब विधानमंडल की अनुमान समिति ने बुधवार को धुले जिले का दौरा किया, तब समिति को रिश्वत देने के लिए धुले के सरकारी विश्राम गृह गुलमोहर के कमरा नंबर 102 में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए रखे गए थे। राउत ने कहा कि शिवसेना के पूर्व विधायक अनिल गोटे और स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं ने कमरे को बंद कर दिया और बाहर पहरा देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित करने के बावजूद चार से पांच घंटे बीत गए और कोई नहीं आया। प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। रिश्वत का उद्देश्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता को दबाना था। आकलन समिति को राज्य बजट में किसी विशेष क्षेत्र को आवंटित धन के उपयोग की जांच करने का अधिकार है।



### विधानमंडल की बदनामी सहन नहीं करेंगे

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने धुले की घटना को बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि इसकी सच्चाई बाहर आनी चाहिए। विधानमंडल की समिति पर लगे आरोप हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। विधानमंडल की एक गरिमा है। ऐसी स्थिति में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। हमने घटना की जांच एसआईटी से कराने का निर्णय लिया है। साथ ही हम विधान परिषद के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करेंगे कि वे इसकी जांच विधानमंडल की एथिक्स कमेटी से कराई जाए। विधानमंडल की बदनामी को हम सहन नहीं करेंगे।

# राज्य के 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प

## पीएम मोदी ने किया लोकार्पण



### सीएसएमटी का होगा पुनर्विकास

**मुंबई।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देश भर के 103 स्टेशनों का लोकार्पण किया। इसमें महाराष्ट्र के परेल, चिंचपोकली, माटुंगा, वडाला रोड सहित कुल 15 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। बीकानेर में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अकेले महाराष्ट्र में 100 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। मुंबई के सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का दो हजार 800 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आम लोगों को अमृत भारत, वंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनें उपलब्ध कराई हैं, जिससे सफर गतिमान, आसान हो गया है। मोदी जी ने 34 हजार करोड़ की नई रेल लाइन बनाई हैं, यह जर्मनी से बड़ा रेल नेटवर्क है। आज ही मुंबई-बीकानेर के बीच एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की गई है।

### नए भारत की हुंकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दी है। आतंकी घटना को अंजाम देने वालों और उनके आकाओं को अलग से नहीं देखा जाएगा। यह नए भारत की हुंकार मोदी जी ने दी है।

# पुणे दहेज उत्पीड़न केस: पिता-पुत्र राकांपा से निष्कासित

## पुलिस को सख्त कार्रवाई का निर्देश: अजित पवार



**मुंबई।** पुणे के वैष्णवी हगवणे दहेज और आत्महत्या प्रकरण में बुधवार को राकांपा अजित पवार गुट ने राजेंद्र हगवणे और उनके बेटे सुशील हगवणे को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। फिलहाल दोनों इस मामले में फरार चल रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना को मानवता पर कलंक लगाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि वैष्णवी के बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। इस मामले की संपूर्ण जांच की जाएगी। राकांपा नेता राजेंद्र हगवणे की बहू वैष्णवी (26) ने 16 मई को पुणे के पास बावधन इलाके में ससुराल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। वैष्णवी के माता-पिता ने आरोप लगाया कि शादी के वक्त पति शशांक के परिवार को 51 तोला सोना, एक कार दी गई थी, इसके बावजूद हगवणे परिवार की तरफ से दहेज की मांग की जा रही थी। पुलिस ने कहा कि वैष्णवी के पति शशांक, सास लता राजेंद्र हगवणे, राजेंद्र हगवणे, ननद करिश्मा और देवर सुशील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और घरेलू हिंसा से संबंधित बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने वैष्णवी के पति, सास और ननद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि राजेंद्र और सुशील फरार हैं। इस घटना के छह दिन बाद बुधवार को राकांपा ने राजेंद्र हगवणे और सुशील हगवणे को राकांपा से निष्कासित कर दिया गया है।

### ...तो मैं कैसे जिम्मेदार

दंपति की शादी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें अजित पवार नवविवाहित जोड़े को उपहार में दी गई एसयूवी गाड़ी की चाबी सौंपते दिख रहे हैं। बारामती में पार्टी के एक कार्यक्रम में अजित पवार ने वैष्णवी और शशांक की शादी का जिक्र किया, जहां उन्होंने नवविवाहित दंपति को एसयूवी की चाबियां सौंपी थीं। पवार ने कहा कि उन्होंने दुल्हन के पिता से पूछा था कि क्या कार स्वेच्छा से उपहार में दी जा रही है या दूल्हे के परिवार के दबाव में दी जा रही है। उन्होंने कहा था कि आप सभी मुझे शादियों में आमंत्रित करते हैं और मैं उनमें शामिल होने की कोशिश करता हूं,लेकिन अगर मैं किसी पार्टी कार्यकर्ता के बेटे की शादी में जाता हूं और बाद में वह अपनी बहू के साथ दुर्व्यवहार करता है तो मैं कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता हूं? क्या अजित पवार ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था? ।

# बुधवार को मुंबई के कई इलाकों में 15 प्रतिशत पानी कटौती

**मुंबई।** पानी की सप्लाई करने वाले पांजरा पुर पंपिंग स्टेशन के टप्पा क्रमांक 1 में नए एंटी सर्ज वेसल को सक्रिय करने का कार्य किया जाएगा। मनपा द्वारा यह कार्य 28 मई बुधवार के दिन किया जाएगा जिसके चलते मुंबई के कई इलाको में इस दिन 15 प्रतिशत पानी कटौती रहेगी। मनपा जल विभाग ने जानकारी दी है की यह कार्य बुधवार को सुबह 9:45 से रात 10:45 तक यानी कुल 13 घंटे चलेगा।

मंडप के जल विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पांजरा पुर



पंपिंग स्टेशन पर किये जाने वाले कार्य के दौरान मुंबई शहर के परेल, शिवडी, हिंदमाता, करी रोड, नायगांव, काला चौकी, माटुंगा, वडाला, सायन जैसे इलाकों में पानी की कटौती रहेगी। वहीं पूर्व उपनगर में कुर्ला (पूर्व), घाटकोपर (पूर्व), विक्रोली, कांजुरमार्ग, भांडुप, नाहूर, मुलुंड, मानखुर्द, गोवंडी, चेंबूर, अँटॉप हिल, शिवाजी नगर जैसे क्षेत्रों में पानी की कटौती रहेगी। इसके अलावा, ठाणे और भिवंडी-निजामपूर महानगरपालिका क्षेत्र के उन हिस्सों में भी पानी की 15 प्रतिशत कटौती होगी।

मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी की कटौती से पहले जरूरी पानी जमा कर लें और उसका सोच-समझकर उपयोग करें। वर्तमान में मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले सात तालाबों में सिर्फ 17 प्रतिशत पानी का स्टॉक शेष बचा है।

**इन इलाको में पानी कटौती का लोगो को होगी समस्या**

एफ/दक्षिण विभाग – परेल, करी रोड, काला चौकी, शिवडी, नायगांव, हिंदमाता एफ/उत्तर विभाग – माटुंगा, सायन कोळीवाडा, अँटॉप हिल, प्रतीक्षा नगर, पारसी कॉलोनी, हिंदू कॉलोनी

**पूर्व उपनगर क्षेत्र:** टी विभाग – मुलुंड (पूर्व और पश्चिम)

एस विभाग – भांडुप, नाहूर, कांजुरमार्ग, विक्रोली (पूर्व)

एन विभाग – विक्रोली, घाटकोपर (पूर्व), घाटकोपर

एल विभाग – कुर्ला (पूर्व)

एम/पूर्व विभाग – गोवंडी, शिवाजी नगर।

# म्हाडा ने कल्याण के घरों की कीमत घटाई




**मुंबई।** म्हाडा द्वारा वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अत्यल्प आय वर्ग के लिए 'पहले आओ पहले पाओ' सिद्धांत पर निकाली गई लॉटरी में शिरढोण (तालुका कल्याण,जिला ठाणे) और खोणी (तालुका कल्याण जिला ठाणे) क्षेत्रों की 6,248 घरों की बिक्री कीमतों में कटौती की है। इस निर्णय से पात्र लाभार्थियों को आर्थिक राहत मिलने वाली है। इस तरह की जानकारी कोकण मंडल की मुख्य अधिकारी रेवती गायकर ने दी।

म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने शिरढोण और खोणी क्षेत्र के घरों की संशोधित बिक्री कीमत के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस मंजूरी के अनुसार अक्टूबर 2024 में निकाली गई लॉटरी योजना के अंतर्गत ठाणे जिले के शिरढोण के 5,236 अत्यल्प आय वर्ग के घरों की कीमत में प्रति घर 1,43,404 की कमी की गई है। अब इन घरों की कीमत 19,28,742 निर्धारित की गई है।इसी तरह खोणी के 1,012 घरों की कीमत में प्रति घर 1,01,800 की कटौती की गई है और अब उनकी कीमत 19,11,700 होगी।

### गोपाल शेट्टी के प्रयासों से केतकीपाड़ा की टल गई तोड़क कार्रवाई

**मुंबई।** दहिसर (पूर्व) में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित केतकीपाड़ा क्षेत्र के नागरिकों को वन विभाग द्वारा तोड़क कार्रवाई की नोटिस मिलने के बाद उनके बेघर होने का खतरा मंडरा रहा था। पर उनकी छत बचाने के लिए उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी जी-जान से जुटे हुए थे। वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से लेकर मंत्रालय तक पत्राचार और अनगिनत बैठकों के सिलसिलों द्वारा इन नागरिकों को न्याय दिलाने और सरकार के 'धोरण' अनुसार उन्हें मकान दिलाने के लिए जनसेवक गोपाल शेट्टी पूरी ताकत लगाकर प्रयास करते रहे। गुरुवार की सुबह वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लेकर बड़े पैमाने पर यहां तोड़क कार्रवाई कर यहां के निवासियों के घरों को जमींदोज करने और सबको हटाने की योजना बनाई थी। लेकिन पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी को जैसे ही इसकी जानकारी मिली,वे तुरंत केतकीपाड़ा जा पहुंचे और हजारों नागरिकों के साथ चट्टान की तरह अडिग खड़े होकर तोड़क कार्रवाई करने वालोँ के समक्ष अभेद्य दीवार बन गए।

# मेट्रो 2 ए और 7 के लिए किराया निर्धारण समिति के गठन का प्रस्ताव



**मुंबई।** कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कदम उठाते हुए, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मेट्रो रेल (ऑपरेशन्स एंड मेंटेनेंस) अधिनियम, 2002 के अध्याय VII "किराया निर्धारण" की धारा 33 और 34(1) के तहत किराया निर्धारण समिति (एफएफसी) के गठन का प्रस्ताव पेश किया है। यह कदम विशेष रूप से मेट्रो मार्ग 2ए और 7 से जुड़ा है, जिनका संचालन वर्तमान में महामुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) द्वारा किया जा रहा है।

प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित यह प्रस्ताव किराए तय करने या उनमें संशोधन करने की कोई पहल नहीं है,बल्कि मेट्रो रेल (ऑपरेशन्स अँड मेंटेनन्स) अॅक्ट, 2002 के तहत अनिवार्य अनुपालन प्रक्रिया का हिस्सा है। इस अधिनियम की धारा 34 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार समय-समय पर किराया निर्धारण समिति (एफएफसी) का गठन कर सकती है, ताकि किराया निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और कानूनी दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित हो सके। अधिनियम के अनुसार, मेट्रो मार्ग 2 ए और 7 के लिए प्रारंभिक किराया मेट्रो रेल प्रशासन द्वारा उस समय तय किया गया था, जब इन मार्गों पर संचालन शुरू हुआ था।


**पश्चिम रेलवे**

**वॉटर वेंडिंग मशीनों का प्रावधान**

मुंबई सेंट्रल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर **मई 2025** माह हेतु **वॉटर वेंडिंग मशीनों** के लिए ई-नीलामी आयोजित की जा रही है.

नीलामी कॅटलॉग क्र. : बीसीटी-सीटीजी-25-डब्ल्यूवीएम4

**ई-नीलामी की तिथि : 29.05.2025**

| क्र. सं. | लॉट क्र. | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-बीसीटी-एनवीएस-डब्ल्यूवीएम-65-25-1 | उदवाड़ा, बिलीमोरा, नवसारी | ए, बी | 02 - उदवाड़ा, 02 - बिलीमोरा, 02 - नवसारी |
| एए/2 | एमएसएस-बीसीटी-वीआर-डब्ल्यूवीएम-64-25-1 | दहिसर, मीरा रोड, भायंदर, नायगांव, वसई रोड, नालासोपारा, विरार | सी | 01 - दहिसर, 02 - मीरा रोड, 01 - भायंदर, 01 - नायगांव, 03 - वसई रोड, 02 - नालासोपारा, 03 - विरार |
| एए/3 | एमएसएस-बीसीटी- वापी-डब्ल्यूवीएम-54-25-4 | वापी एवं वलसाड | ए | 04 - वापी, 04 - वलसाड |

**यूनिट का प्रकार:** वॉटर वेंडिंग मशीन
**क्षेत्रफल (वर्ग मी.):-** **ई-नीलामी का समय :** 12.00

**टिप्पणी :** संभावित बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर उपलब्ध ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट कॅटलॉग अंतर्गत उपलब्ध हैं. **0170**

लाईक करे: facebook.com/WesternRly • फॉलो करे: X.com/WesternRly


# मुंबई में आज और कल ऑरेंज एलर्ट

## सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में रेड अलर्ट

**मुंबई।** राज्य में हो रही अचानक भारी बारिश ने कहर बरपाया है। मौसम विभाग ने मुंबई में शुक्रवार और शनिवार को ऑरेंज एलर्ट जारी किया है, जबकि सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में रेड अलर्ट जारी किया है।



उल्लेखनीय है की मुंबई,पुणे,विदर्भ, मराठवाड़ा, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है और खेती को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। गुरुवार सुबह से मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही थी। इस बीच अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण अगले दो दिनों तक बारिश का जोर बना रहेगा। मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में शुक्रवार और शनिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिससे भरी बारिश की चेतावनी दी गई है। साथ ही, पूरे कोकण तटीय क्षेत्र में भी शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# वर्सोवा में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**मुंबई।** वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र में कल शाम तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी की नेता और पूर्व विधायक डॉ. भारती लव्हेकर द्वारा किया गया । इस तिरंगा पदयात्रा में वर्सोवा क्षेत्र के सभी धर्मो के नागरिक, युवक-युवतियां बड़ी संख्या में बाइक पर और हाथों में तिरंगा लेकर जयजयकार करते हुए शामिल हुए थे। पहलगाम में महिलाओं की मांग का सिंदूर मिटाने वाले आतंकवादियों को सबक सिखाने वाले सैनिकों के



बलिदान को सम्मान देने के लिए और पाकिस्तानी आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए उन्हें नमन करने के उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा आयोजित की गई थी, ऐसी जानकारी डॉ. भारती लव्हेकर ने दी। इस तिरंगा यात्रा में योगीराज दाभाडकर,रंजना पाटील, उर्मिला गुप्ता, रवि गुप्ता, महामंत्री विजय शाह, सिद्धेश शिंदे, अमित प्रेमजी गढ़ा, जयेश पाटील, महामंत्री सुनीता कांबळे, अमोल काळे, सचिन चव्हाण, रिद्धेश पाटील, निलेश चव्हाण, कृष्णा खानल आदि शामिल हुए थे।


**पनवेल महानगरपालिका, पनवेल**

**शहर अभियंता विभाग**

**दरपत्रक**

**पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता अंदाजपत्रक तयार करण्यासाठी दरपत्रक (Market Rate) मागविण्यात येत आहेत.**

| अ. क्र. | कामाचे नाव | मुदत |
|---|---|---|
| १. | Establishment of Renewable Energy Driven Natural Draft Modern Wood based last Rite System. with 3 years maintenance. | २३/०५/२०२५ ते २९/०५/२०२५ (०७ दिवस) |

या कामाच्या दरपत्रकाबाबतची माहिती पनवेल महानगरपालिकेच्या www.panvelcorporation.com या संकेतस्थळावर दि. २३/०५/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. सदर बाबींचे बाजार भाव स्वत:च्या लेटरहेडवर महानगरपालिका कार्यालयात अथवा pmbandhkamdept01@gmail.com/ panvelcorporation@gmail.com या ई-मेलवर मुदतीत पाठविण्यात यावे ही विनंती. सदर दर हे अंदाजपत्रक तयार करण्यासाठी आहेत. याची कृपया नोंद घ्यावी.

सही/-
उप आयुक्त-I
पनवेल महानगरपालिका

जा.क्र.पमपा/बांधकाम/४३२५/प्रक्र. ०६/१७६४/२०२५
दिनांक: २२/०५/२०२५


# महाराष्ट्र पुलिस के 21 डीसीपी स्तर के अधिकारियों का तबादला




**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस में एक के बाद एक तबादले सामने आते जा रहे हैं। पहले डीआईजी (एडिशन सीपी) बाद में सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर मुंबई और अब पुलिस उपायुक्त के तबादले किये गए हैं। इस तबादले में 21 पुलिस अधीक्षक (डीसीपी) दर्जे के अधिकारोयों का तबादला किया गया है।

जिनके तबादले किये गए हैं उनके नाम निम्नलिखित हैं। राकेश ओला को पुलिस उपायुक्त मुंबई, सोमनाथ घारगे,आंचल दलाल को पुलिस अधीक्षक रायगढ़, महेंद्र पंडीत को पुलिस उपायुक्त ठाणे, योगेश कुमार गुप्ता को पुलिस अधीक्षक कोल्हापुर, बच्चन सिंह को समादेशक, रा. रा. पोलीस बल गट न.1. पुणे, अर्चित चांडक को पुलिस अधीक्षक अकोला, मंगेश शिंदे को पुलिस अधीक्षक लोहमार्ग नागपुर, राजतिलक रोशन को पुलिस उपायुक्त मुंबई, बालासाहेब पाटील को पुलिस अधीक्षक नाशिक ग्रामीण, यतिश देशमुख को अधीक्षक पालघर, सौरभ अग्रवाल को पोलीस अधीक्षक, अपराध शाखा, पुणे, मोहन दहिकर को पुलिस अधीक्षक सिंधुदुर्ग, विश्व पानसरे को समादेशक, रा.. रा. पोलीस बल गट न. 9 अमरावती, निलेश तांबे को पुलिस अधीक्षक बुलढाणा, समीर अस्लम शेख को पुलिस उपायुक्त मुंबई, तुषार दोषी को पुलिस अधीक्षक सतारा, सोमय विनायक मुंडे को पुलिस उपायुक्त ज़ोन छत्रपति संभाजी नगर, जयंत मीना को पुलिस अधीक्षक लातूर, नितिन बगाटे को पुलिस अधीक्षक रत्नागिरी और रितु खोकर को पुलिस अधीक्षक, धाराशिव बनाया गया है।


INDIA'S BEST PERFORMING PORT

**जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण**
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: पीपीडी/डीजीएम/टीएस/मेंटेनेंस/टी-07(आर1)/2025, दिनांक 22.05.2025**

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण द्वारा, इस निविदा में उल्लिखित "न्यूनतम पात्रता मानदंड" को पूरा करने वाले अनुभवी ठेकेदारों से, **"वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए पोर्ट टाउनशिप के दैनिक सिविल रखरखाव कार्य हेतु" "ऑनलाइन" प्रतिशत दर** पद्धति पर दो लिफाफोमें निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

इस कार्य की अनुमानित लागत **रु. 7,58,63,500/-** है। संपूर्ण ई-निविदा **"ऑनलाइन"** प्रक्रिया द्वारा दिनांक **02.06.2025 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ जेएनपीए की वेबसाइट "www.jnport.gov.in" या "https://eprocure.gov.in" पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**पत्तन योजना एवं विकास विभाग**



महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सुचना**

म.रा. वि.वि.कं. मर्या. मालेगाव विभागाअंतर्गत खालीलप्रमाणे पात्र व नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून ई-निविदा स्वरूपात डिजिटल सीलबंद व स्वाक्षरीकृत निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे स्वरूप |
|---|---|---|
| १ | EE/UCR/MLG/ T-०१/ २०२५-२६ | मालेगाव विभागाअंतर्गत सुरक्षा साधने पुरविणे बाबत. |

कामाचे स्वरूप, नोंदणी तारखा, निर्दिष्ट क्षेत्र, निविदा शुल्क, अंदाजित किंमत, ईएमडी इ. तपशील https://etender.mahadiscom.in/eatApp/ येथे उपलब्ध करण्यात आला आहे. निविदा दि. २२.०५.२०२५ पासून दि. २८.०५.२०२५ पर्यंत उपलब्ध असेल. निविदा शुल्क ऑनलाईन भरणा केलेनंतर सदरील निविदा दि. २८.०५.२०२५ रोजी २३:०० वा. पर्यंत भरणेसाठी उपलब्ध असेल. संपर्क क्र. ७८७५७६६०१५

**पी.आर.ओ.क्र.-१४९** **कार्यकारी अभियंता, श.त.ग्रा विभाग मालेगाव.**



**पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ बीकानेर के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस का शुभारंभ**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | प्रभावी तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 21903 | बांद्रा टर्मिनस - बीकानेर (साप्ताहिक) | 26.05.2025 | 23.25 बजे (सोमवार) | 20.40 बजे (अगले दिन) |
| 21904 | बीकानेर - बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक) | 28.05.2025 | 08.50 बजे (बुधवार) | 06.45 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव :** बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, नादियाड, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, फालना, मारवाड, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और देशनोके स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 3 – टीयर (इकॉनमी) तथा एसी चेयर कार कोचेस

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 21903 के लिए बुकिंग 23.05.2025 से शुरू होगी.

**पश्चिम रेल्वे**
www.wr.indianrailways.gov.in
लाईक करे: facebook.com/WesternRly
फॉलो करे: X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.

## ट्रंप के गैरजिम्मेदाराना बयान

पिछले कुछ हफ्तों में भारत-अमेरिका संबंधों में काफी खटास आयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं, जबकि भारतीय पक्ष रक्षात्मक मुद्रा में उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश कर रहा है। दोनों पक्षों ने पिछले ढाई दशकों में मजबूत संबंध बनाने के लिए अथक प्रयास किये हैं,लेकिन ट्रंप के बयान और नीतियां उस प्रक्रिया को अस्थिर कर सकती हैं। आपसी संबंध ऐसे मोड़ पर पहुंच गये हैं, जिस पर अगर ध्यान नहीं दिया गया, तो रिश्ता और भी खराब हो सकता है। इस कड़वाहट के मुख्य कारण ट्रंप के गैरजिम्मेदाराना बयान और संरक्षणवादी नीतियां हैं। उन्होंने टैरिफ, भारत-पाक युद्धविराम और एप्पल के निवेश पर आपत्तिजनक बयान दिये हैं।ट्रंप को यह भ्रम है कि 'महाशक्ति' के नेता के रूप में उनकी तुच्छ टिप्पणियों से कोई गंभीर परिणाम नहीं निकलेगा। उनका यह भी मानना है कि उनके पास विश्व व्यवस्था को बदलने की दूरदृष्टि है। हकीकत में, ट्रंप जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आते हैं। अपने वफादारों से घिरे होने के कारण उन्हें शायद यह भी पता नहीं है कि दुनिया भर के लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। अन्य राष्ट्र नेता किसी भी पारस्परिक टिप्पणी से बच रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि ट्रंप को जल्द ही अपनी सीमाओं का अहसास हो जाएगा। वे जानते हैं कि ट्रंप आलोचनाओं को व्यक्तिगत रूप से लेते हैं और इससे अमेरिका के साथ संबंधों पर असर पड़ेगा। लेकिन यह अहसास बढ़ रहा है कि ट्रंप असहनीय होते जा रहे हैं और उनकी नीतियों से अमेरिका और दुनिया को नुकसान होगा। कुछ विशेषज्ञ गलती से मानते हैं कि ट्रंप नयी विश्व व्यवस्था के नियमों को फिर से लिख रहे हैं। वास्तव में, ट्रंप उभरती हुई आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था की जटिलताओं को नहीं समझते। वह 19वीं सदी का दृष्टिकोण अपनाकर अमेरिका के पतन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बयानों और नीतियों के कारण अमेरिका और ट्रंप, दोनों अपनी विश्वसनीयता खो रहे हैं। ट्रंप इस तथ्य से भी बेखबर हैं कि दुनिया उसकी सनक और मनमौजीपन पर नहीं चल रही है। ट्रंप खुद को एक सौदा करने वाले,शांति निर्माता के रूप में पेश करते हैं। लेकिन दुनिया में कहीं भी, चाहे वह रूस-यूक्रेन हो या गाजा, वह शांति लाने में सफल नहीं हो पाये हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के उनके दावे भी बेतुके हैं। उन्होंने दोनों प्रधानमंत्रियों से बात की थी। भारत सरकार ट्रंप को बहुत सम्मान भी देती है। पर भारत और पाकिस्तान ट्रंप की मध्यस्थता के कारण नहीं, बल्कि इसलिए संघर्षविराम के लिए सहमत हुए, क्योंकि वे युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहते थे और एक सम्मानजनक रास्ता तलाश रहे थे। भारत ने आतंकी शिविरों पर हमला करने से पहले ट्रंप से अनुमति नहीं ली थी। ट्रंप का यह दावा भी बेबुनियाद है कि उन्होंने दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु संघर्ष को रोका। भारत एक छोटी और तीव्र कार्रवाई चाहता था, न कि एक लंबे युद्ध में फंसना चाहता था। बहुत से भारतीय ट्रंप को इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह चीन के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे, भारत के आर्थिक उत्थान का समर्थन करेंगे और पाकिस्तान के खिलाफ भारत का साथ देंगे। ऐसे लोगों को बड़ा झटका और आश्चर्य का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप की पहली प्राथमिकता अमेरिका को फिर से महान बनाना है। ट्रंप किसी भी ऐसे देश के साथ समझौता करेंगे, जो उनके उत्थान में सहायक हो। और अगर उनके मित्र उनकी प्राथमिकताओं के आगे नहीं झुकते, हैं तो वह उन्हें भी नहीं बख्शेंगे। ट्रंप के लिए सबसे पहला और महत्वपूर्ण मुद्दा टैरिफ का है। उन्होंने भारत को 'टैरिफ किंग' कहा और बताया कि व्यापार नियम अमेरिका के लिए प्रतिकूल हैं। विगत दो अप्रैल को, उस दिन को ट्रंप ने 'मुक्ति दिवस' कहा था, उन्होंने कहीं से भी अमेरिका में आयात किये जाने वाले सभी सामान पर न्यूनतम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने भारत से आने वाले उत्पादों पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया। भारत को झटका लगा, पर उसके लिए राहत की बात यह रही कि यह टैरिफ चीन, वियतनाम और कई अन्य देशों से कम था। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ तीन चरणों वाले व्यापार समझौते की शर्तों पर बातचीत कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने 'संदर्भ की शर्तें' तय कर ली हैं, जो अंतिम सौदे की दिशा में रोडमैप तैयार करने में मदद करेंगी। इस सौदे के साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसे अगले साल अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इस बीच, जब तक वार्ता पूरी नहीं हो जाती, तब तक व्यापार और वाणिज्य में गिरावट के कारण दोनों देशों को नुकसान उठाना पड़ेगा। हाल ही में एक विवादास्पद और चिंताजनक बयान में, ट्रंप ने एप्पल के सीइओ टिम कुक को भारत में आइफोन उत्पादन विस्तार को रोकने और अमेरिका में एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने की सलाह दी। यह अनुमान लगाया जा रहा था कि चीन पर काफी अधिक टैरिफ दरों के कारण एप्पल जैसी कंपनियां भारत में अपने विविधीकरण को तेजी से बढ़ायेंगी। स्पष्ट रूप से ट्रंप अमेरिका के विनिर्माण आधार का विस्तार करना चाहते हैं और ऐसा करने के लिए हर अमेरिकी सीइओ को मजबूर करेंगे। नयी दिल्ली को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि ट्रंप भारत को कोई विशेष सुविधा प्रदान करेंगे। अमेरिकी संरक्षणवाद वहां से होने वाले निवेश के रास्ते में बाधा बनेगा। एक नवीनतम घोषणा में, ट्रंप आप्रवासियों द्वारा अपने देश भेजे गये धन पर कर लगाना चाहते हैं, जो अरबों डॉलर के धन प्रेषण प्रवाह को बाधित कर सकता है। वर्ष 2023-24 में भारत को प्राप्त कुल 118 अरब डॉलर के धन प्रेषण में से अमेरिका का योगदान लगभग 28 प्रतिशत था, जो कि 32 अरब डॉलर है। ऐसी नीतियां भारत के लिए अच्छी नहीं हैं। प्रवासन प्रतिबंधों के साथ-साथ प्रेषण पर प्रस्तावित अमेरिकी कर से भारतीयों पर और बोझ बढ़ सकता है। निष्कर्ष के तौर पर, हालांकि भारत और अमेरिका के बीच भू-राजनीतिक हितों में सम्मिलन है, दोनों देशों के बीच कुछ जटिल मुद्दे उभर रहे हैं। ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों और उनके आवेगपूर्ण बयानों ने भारत में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। दोनों देशों को अपने संबंधों में और तनाव से बचने के लिए सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*इजराइल कर रहा है, जैसे रिपु पर वार*
*मोदी जी तुम भी करो, वैसा आज प्रहार*
*वैसा आज प्रहार, कहो फिर आल इज ओके*
*वरना नहीं मिलेगा बाबूजी पीओके*
*कह सुरेश अब तालिबान-चीनी इस्माइल*
*तभी टुटेगा, आप बनोगे जब इजराइल*

# संकटकाल में घिनौनी राजनीति

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हर मुद्दे पर मोदी सरकार के विरोध में दिखना चाहते हैं और जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि वो ही ऐसे नेता हैं जो मोदी सरकार से लड़ रहे हैं। अब सवाल यह है कि उन्हें यह छोटी सी बात पता नहीं है कि जब देश दुश्मन से लड़ रहा हो तो देश के साथ खड़े होना पड़ता है। भाजपा और मोदी से लड़ाई चलती रहेगी लेकिन देश से ऊपर तो कुछ नहीं है। कांग्रेस और राहुल गांधी की सबसे बड़ी समस्या ही यही है कि वो मोदी का विरोध करते-करते देश विरोध तक पहुंच जाते हैं।



राजनीति में टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण होती है, कब क्या करना है, ये बात अगर आपको पता है तो आप राजनीति में सफल हो सकते हैं लेकिन लगता है कि कांग्रेस की राजनीतिक समझदारी को ग्रहण लग गया है। जब देश युद्ध के दौर से गुजर रहा हो तो उस समय शासन से लड़ना देशद्रोह कहलाता है। बेशक कांग्रेस विपक्षी पार्टी है,लेकिन उसे हर समय सरकार के विरोध में नजर नहीं आना चाहिए। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हर मुद्दे पर मोदी सरकार के विरोध में दिखना चाहते हैं और जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि वो ही ऐसे नेता हैं जो मोदी सरकार से लड़ रहे हैं। अब सवाल यह है कि उन्हें यह छोटी सी बात पता नहीं है कि जब देश दुश्मन से लड़ रहा हो तो देश के साथ खड़े होना पड़ता है। भाजपा और मोदी से लड़ाई चलती रहेगी लेकिन देश से ऊपर तो कुछ नहीं है। कांग्रेस और राहुल गांधी की सबसे बड़ी समस्या ही यही है कि वो मोदी का विरोध करते-करते देश विरोध तक पहुंच जाते हैं। सरकार और सेना ने कहा है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, सिर्फ रोका गया है। इसको इससे भी समझ सकते हैं कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक मोर्चे पर जबरदस्त जंग चल रही है । भारत लगभग 40 देशों को अपने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है ताकि वो इन देशों में जाकर भारत सरकार की बात रख सकें। भारत सरकार इन देशों को यह बताना चाहती है कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ क्यों और क्या कार्यवाही की है। क्या सामान्य हालातों में सरकार सर्वदलीय मंडलों को विदेशों में भेजती है। अगर सरकार ऐसा कर रही है तो उसे इसकी जरूरत महसूस हुई होगी। कांग्रेस भी इस प्रतिनिधि मंडल का हिस्सा है। इससे यह भी पता चलता है कि देश संकटकाल से गुजर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का सच विदेशों में पहुंचना चाहिए अन्यथा पाकिस्तान इसका फायदा उठा सकता है और खुद को पीड़ित बता सकता है। भारत की छवि के लिए यह जरूरी है। प्रतिनिधि मंडल भेजने से ही पता चलता है कि अभी जंग जारी है, बेशक वो कूटनीतिक मोर्चे पर लड़ी जा रही हो। इन हालातों में कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए बेतुके सवाल खड़े कर दिये हैं। इन सवालों का नतीजा यह निकला है कि राहुल गांधी पाकिस्तान के पोस्टर ब्वाय बन गये हैं। पाकिस्तानी मीडिया के हर चैनल पर उनका बयान चलाया जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी देने के सम्बन्ध में बयान दिया था कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को बता दिया था कि हमने सिर्फ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। आपके नागरिक और सैन्य ठिकानों पर कोई हमला नहीं किया गया है। इसके बाद अगर आप कार्यवाही करते हैं तो इसका बड़ा जवाब दिया जायेगा। हैरानी की बात यह है कि सेना के डीजीएमओ ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भी यह बयान दिया था कि हमले के तुरंत बाद पाकिस्तानी समकक्ष को उन्होंने बता दिया था कि भारत ने क्या किया है। राहुल गांधी विदेश मंत्री के बयान को अपने तरीके से परिभाषित करते हुए यह कह रहे हैं कि उन्होंने हमले से पहले ही पाकिस्तान को सूचना दे दी थी कि भारत हमला करने जा रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया कि विदेश मंत्री ने ऐसा कुछ नहीं कहा है लेकिन राहुल गांधी कहां किसी की सुनते हैं। वो इसके बावजूद अपना नैरेटिव चला रहे हैं। आतंकवादियों और उनके आकाओं को सजा देने की बात प्रधानमंत्री मोदी सहित कई नेता कर रहे थे लेकिन किसी ने यह नहीं कहा कि किस दिन और कहां हमला होने वाला है। राहुल गांधी विदेश मंत्री के बयान के आधार पर यह स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमले से पहले पाकिस्तान को सूचना दे दी जिसके कारण उसकी सेना अलर्ट हो गई और उसने भारतीय वायुसेना के कई विमान गिरा दिये। इसलिए वो पूछ रहे हैं कि सरकार बताये कि भारत के कितने विमान पाकिस्तान ने गिरा दिए हैं। कांग्रेस की बर्बादी का कारण उनकी इस सोच से ही पता चल जाता है। इस मानसिकता और समझ का इंसान अगर कांग्रेस को चलाएगा तो उसका यही हाल होगा जो हो रहा है। हैरानी है कि इतने समझदार नेता होने के बावजूद कांग्रेस अभी तक कैसे चल रही है। उनके नेता पवन खेड़ा तो राहुल गांधी से भी दो कदम आगे निकल गये हैं। उन्होंने कहा है कि विदेश मंत्री ने जो कुछ कहा है, वो चेतावनी देना नहीं है बल्कि मुखबिरी करना है। यही कांग्रेस की परेशानी है कि उसके नेता राहुल गांधी को समझाने की जगह उनके साथ खड़े हो जाते हैं। जयशंकर जी के बयान का ऐसा मतलब हल्की सी समझदारी वाला इंसान भी नहीं निकाल सकता। जहां तक पाकिस्तान के अलर्ट होने का सवाल है तो दोनों देश पहलगाम हमले के बाद ही पूरे अलर्ट पर थे । पाकिस्तान को पीएम मोदी सहित कई मंत्री सबक सिखाने की धमकी दे रहे थे और पाकिस्तान को यह भी पता था कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है। यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही पाकिस्तान कई देशों से भारत को रोकने की गुहार लगा रहा था। दूसरी बात यह है कि पाकिस्तान भारतीय हमले को रोकने की पूरी तैयारी करके बैठा हुआ था लेकिन हमारे सैन्य बलों की कुशलता और भारतीय हथियारों की ताकत ये हैं कि पाकिस्तान में बिना घुसे ही पाकिस्तान के 9 शहरों में स्थित आतंकी शिविरों को बर्बाद कर दिया गया। इसके बाद जब पाकिस्तानी सेना ने भारत पर हमला किया तो भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने सारे हमलों को ध्वस्त कर दिया । इसके बाद जवाबी हमले में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 11 वायुसैनिक अड्डों सहित अन्य सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। भारतीय सेना के पास ऐसी क्षमता है कि उसके विमान पाकिस्तान की सीमा को पार करे बिना भी उस पर हमला कर सकते हैं और ऐसा ही किया गया है। एक तरफ भारतीय सेना आतंकी ठिकानों को बर्बाद करने का दावा कर रही है तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि विदेश मंत्री ने पाकिस्तानी आतंकियों को बचा दिया।

**- राजेश कुमार पासी**

## पाकिस्तान के नापाक इतिहास से सबक लेने का समय

मूल प्रश्न यह है कि पाकिस्तान आखिर क्यों गलत नीतियों का चयन करता है? पाकिस्तान क्यों सभ्य राष्ट्र राज्यों के मौलिक सिद्धांतों का पालन नहीं करता है? कौन से आधारभूत तत्व हैं जो पाकिस्तान द्वारा गलत नीतियों एवं विकल्पों के चयन के लिए उत्तरदाई है ? किसी भी राष्ट्र - राज्य की राष्ट्रीय पहचान उसके राष्ट्रीय व्यवहार,राष्ट्रीय प्राथमिकताओं ,सफल कूटनीति, स्थिर सरकार एवं उसे राष्ट्र - राज्य के वैश्विक दृष्टिकोण को आकार देने वाला महत्वपूर्ण कारक है। 1930 में मुस्लिम लीग ने अपने इलाहाबाद अधिवेशन में मुसलमानों के लिए एक अलग राष्ट्र का विचार रखा था लेकिन इस प्रत्यय को ठोस आकार देने का श्रेय रहमत अली चौधरी को जाता हैं,जिन्होंने 1933 में लंदन में जारी एक ' पंपलेट' में" पाकिस्तान" शब्द का प्रयोग करके उसकी स्थापना की अपील की थी ।"मैं भारत की पांच उत्तरी इकाइयों पंजाब, उत्तर पश्चिम सीमांत प्रदेश (अफगान), कश्मीर, सिंध एवं बलूचिस्तान में निवास कर रहे पाकिस्तान के 30 मिलियन मुसलमानों की ओर से अपील करता हूँ "। इसमें उनकी राष्ट्रीय मान्यता की मांग सम्मिलित है जो भारत में निवास कर रहे अन्य निवासियों से अलग हैं एवं उसको सामाजिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक आधार पर स्थापित करना चाहिए। कालांतर में मोहम्मद अली जिन्ना ने इस विचार को ग्रहण कर लिया एवं अपने पाकिस्तान की मांग को एक राजनीतिक कार्यक्रम में बदल दिया। पाकिस्तान के लिए सेना एवं धार्मिक कट्टरता जीवित संस्था हैं। तमाम नकारात्मक परिणामों के बावजूद इन दोनों की पाकिस्तान के परिदृश्य में उपयोगिता बनी हुई हैं । देश अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सेना का गठन करते हैं लेकिन, पाकिस्तान की सेना की भूमिका सीमाओं की सुरक्षा के लिए नहीं बल्कि आंतरिक विप्लव में भूमिका सराहनीय है । पाकिस्तान के आवाम में सेना और सरकार से असंतोष का उत्पन होता हैं तो युद्ध,उन्माद , दहशतगर्दी और सीमा पार उन्मादी कार्य प्रारंभ हो जाता हैं। पाकिस्तान की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत आत्मपरीक्षण एवं आत्ममूल्यांकन की क्षमता का




लोप हो चुका है। इसका तात्पर्य है कि भविष्य में सुधार की संभावना नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना हैं कि पाकिस्तान एक असफल राज्य नहीं हैं बल्कि एक असुरक्षित राज्य है, जो गलत पड़ोसी की नीतियों का चयन करता है, आंतरिक स्तर पर अस्थिर तत्वों से प्रभावित रहता है। पाकिस्तान सभ्य राष्ट्र - राज्यों के राजनीतिक एवं कूटनीतिक शिष्टाचार को भूल चुका है। 23 अक्टूबर ,1947 को तत्कालीन आर्मी प्रमुख जनरल अकबर खान के नेतृत्व में पाकिस्तानी कबायलियों (सेना के सहयोग से) ने कश्मीर पर बलात आक्रमण किए थे । ब्रिटिश कमांडरों ने कश्मीर के खिलाफ विद्रोह किया और ' गिलगित' को पाकिस्तान को सौंप दिया गया था। इस युद्ध विराम समझौते का परिणाम यह हुआ कि जम्मू- कश्मीर रियासत भारत के साथ विलय हुआ था। तत्कालीन जम्मू - कश्मीर रियासत के विलय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंचालक गोलवलकर जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस युद्ध का परिणाम अनिर्णायक था हालांकि सबसे तटस्थ मूल्यांकन इस बात से सहमति है कि भारत युद्ध का विजेता था क्योंकि यह कश्मीर घाटी, जम्मू एवं लद्दाख सहित कश्मीर के दो - तिहाई हिस्से का सफलतापूर्वक बचाव करने में सक्षम हुआ था। 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध को "दूसरे भारत पाकिस्तान युद्ध " के रूप में जाना जाता हैं । पाकिस्तान एवं भारत के बीच अगस्त, 1965 से सितंबर, 1965 तक सशस्त्र युद्ध हुआ था। युद्ध पाकिस्तान के असफल "ऑपरेशन जिब्राल्टर" के पश्चात हुआ जिसे भारत सरकार के विरुद्ध विद्रोह को तेज करने के लिए जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ करने के लिए खाका तैयार किया था। 17 दिवसीय भीषण युद्ध में भारत और पाकिस्तान के हजारों लोग हताहत हुए ।तत्कालीन सोवियत संघ (दूसरी दुनिया) एवं संयुक्त राज्य अमेरिका( प्रथम दुनिया) द्वारा ' कूटनीतिक वार्ता ' एवं ' ताशकंद घोषणा पत्र' के पश्चात दोनों देशों के मध्य युद्ध समाप्त हुआ था। 1971 में भारत एवं पाकिस्तान के मध्य युद्ध का मुख्य कारण ' बांग्लादेश मुक्ति युद्ध' था जो बांग्लादेश को पाकिस्तान से स्वतंत्र करने के लिए लड़ा जा रहा था। इस युद्ध ने भारत को दक्षिण एशिया एवं वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित किया जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की भू - राजनीतिक प्रभाव में उन्नयन हुआ था। 6 एवं 7 मई ,2025 की आधी रात्रि को भारत ने आतंकवाद के गढ़ ' पाकिस्तान ' में सटीक, संयमित, और नैतिक प्रतिशोध का परिचय दिया था। "ऑपरेशन सिंदूर "एक सैन्य अभियान के साथ भारत की चेतना, राष्ट्रीयता, राष्ट्रभाव, और संस्कृति पर आघात का वैचारिक उत्तर था। भारत का राष्ट्रीयता की भावना सीमाओं के साथ ,मां की वंदना , स्त्रीत्व का गौरव और सभ्यता की अस्मिता की रक्षा का भाव है। धर्म पूछ कर आतंकवादियों द्वारा आघात करना भारत की संस्कृति, सहिष्णुता एवं सामूहिक चेतना पर दुस्साहसी आघात था । सेना की कार्रवाई भारत के सम्मान को सर्वोपरि रखने वाली वैचारिक स्पष्टता है। पाकिस्तान अधिकृत ' POJK ' में मौजूद जैश - ए - मोहम्मद एवं लश्कर- ए-तैयबा के आतंकी शिविर, पाकिस्तान पंजाब के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र , मस्जिदों एवं मदरसों की आड़ में चल रही जिहादी प्रशिक्षण शिविर को भारत ने चिन्हित कर सटीकता से ध्वस्त किया था। 2016 में "उरी सर्जिकल स्ट्राइक" और 2019 में "बालाकोट एयर स्ट्राइक" के पश्चात यह स्पष्ट हो गया है कि भारत के संयम एवं धैर्य को कमजोरी मानने वाले को सुधारने का तरीका समझ लिया है। 2025 में "ऑपरेशन सिंदूर "संयम से शक्ति का अगला सोपान है।

**- डॉ. बालमुकुंद पांडेय**

## सिंधु जल समझौते पर क्या होगा भारत का रुख?

सिंधु जल समझौते को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। हालांकि भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे। इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था। आपको बता दूं कि आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी। 1960 में हुए सिंधु जल समझौते की अहमियत, इसे लेकर दोनों देशों के बीच चले विवाद, इस विवाद की जड़ और राजनीतिक-कानूनी पहलुओं को समझने में डॉक्टर एजाज हुसैन की लिखी किताब काफी मददगार है। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे। इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था।आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। खैर, डॉक्टर हुसैन की किताब में 8 चैप्टर हैं। इसकी शुरुआत में सिंधु बेसिन सिस्टम के बारे में बताया गया है और यह भी कि क्यों इसे लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद था।

**- संजय सिन्हा**

आज का कार्टून




साभार

## क्या कांग्रेस श्री राम के अस्तित्व को स्वीकार करने में हिचकिचाती है?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस श्री राम के ऐतिहासिक अस्तित्व को स्वीकार करती है या नहीं, यह प्रश्न हाल ही में सार्वजनिक बहस में फिर से उभरा है जिससे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में तीव्र चर्चाएं छिड़ गई हैं। यह मुद्दा विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संयुक्त राज्य अमेरिका के ब्राउन विश्वविद्यालय में 21 अप्रैल, 2025 को एक सत्र के दौरान दिए गए बयानों के बाद सामने आया, और फिर 12 मई, 2025 को वाराणसी न्यायालय में दायर एक शिकायत के बाद प्रमुखता से उभरा । यह प्रश्न उठता है कि क्या यह विवाद केवल एक राजनीतिक चाल है, जिसका उद्देश्य धार्मिक भावनाओं को भुनाना है, या इसके पीछे कोई गहरी साज़िश छिपी है? क्या राजनेता धर्म को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, या यह भारतीय सभ्यता की मूल अवधारणाओं पर चल रहा एक वैचारिक संघर्ष है? इस प्रसंग में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठते हैं: क्या धर्म और आस्था जैसे संवेदनशील विषयों को सार्वजनिक मंचों पर राजनीतिक बहस का विषय बनाना उचित है? क्या किसी राजनेता की वैचारिक अभिव्यक्ति को धार्मिक असहमति या आस्था पर हमला मान लेना न्यायसंगत है? क्यों अक्सर केवल हिंदू धर्म से जुड़े मतों, रीति-रिवाजों और आदर्शों को ही बार-बार शंका और प्रश्नचिह्न की दृष्टि से देखा जाता है? क्या यह सिलसिला भारतीय समाज में धार्मिक असंतुलन और सांस्कृतिक पक्षपात को जन्म नहीं देता? इन प्रश्नों का उत्तर केवल राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, ऐतिहासिक विवेक और सांस्कृतिक सम्मान की दृष्टि से भी तलाशा जाना चाहिए। ब्राउन विश्वविद्यालय में, राहुल गांधी ने पौराणिक चरित्रों, जिनमें श्री राम भी शामिल हैं, का उल्लेख इस तरह से किया जिसे कई लोगों ने उनके ऐतिहासिक होने पर संदेह जताने के रूप में देखा । उनके बयानों की विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक समूहों द्वारा कड़ी आलोचना की गई है जो इन्हें न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान मानते हैं बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के इस मामले पर स्थापित रुख को भी चुनौती के रूप में देखते हैं। न्यायपालिका के अब संवेदनशील मुद्दों पर अधिक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के साथ, सवाल उठते हैं: क्या सर्वोच्च न्यायालय इस बयान का संज्ञान लेगा? क्या भारतीय संविधान न्यायपालिका को कार्रवाई करने का अधिकार देता है जब कोई व्यक्ति एक ऐतिहासिक न्यायिक फैसले और एक संवैधानिक बहुमत के सामूहिक विश्वास को कमजोर करता प्रतीत होता है? एक ऐतिहासिक फैसले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए व्यापक शोध के आधार पर, प्राचीन भारतीय ग्रंथों और वैज्ञानिक विश्लेषण से प्राप्त आंकड़ों के साथ, श्री राम के अस्तित्व को स्वीकार किया। अदालत का फैसला श्री राम के ऐतिहासिक होने के बारे में वर्षों से चले आ रहे विवाद को सुलझाने और भारत के सबसे संवेदनशील सामाजिक-धार्मिक विवादों में से एक को कानूनी तौर पर समाप्त करने का लक्ष्य रखता था। हालांकि, वाराणसी में स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा दायर की गई शिकायत का दावा है कि राहुल गांधी के बयान इस सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का अनादर करते हैं और लाखों लोगों की भावनाओं को आहत करते हैं जो श्री राम को एक देवता और एक ऐतिहासिक व्यक्ति के रूप में पूजते हैं। आलोचकों का तर्क है कि कांग्रेस पार्टी की कथित अनिच्छा श्री राम के ऐतिहासिक होने को स्पष्ट रूप से समर्थन देने में एक राजनीतिक चाल है जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक मतदाताओं को संतुष्ट करना या हिंदू राष्ट्रवाद की बढ़ती लहर से खुद को दूर रखना है। इस दृष्टिकोण से, राहुल गांधी के बयान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं । इसके अलावा, 2007 में, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के दौरान, संस्कृति मंत्रालय ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा दाखिल किया जिसमें श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया गया और दावा किया गया कि यह साबित करने के लिए कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि राम सेतु (एडम्स ब्रिज) मानव निर्मित था। दूसरी ओर, कांग्रेस के समर्थकों का सुझाव है कि पार्टी का रुख एक गहरे बौद्धिक और दार्शनिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। वे तर्क देते हैं कि श्री राम, भारतीय संस्कृति और धर्म में एक पूजनीय व्यक्ति होने के बावजूद पौराणिक कथा और इतिहास के बीच एक जटिल स्थान पर हैं।

**- गजेंद्र सिंह**

# बिहार को मिले दो अमृत भारत रेलवे स्टेशन

## पीएम मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

महानगर नेटवर्क

भागलपुर







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में पुनर्विकसित दो अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को लोकार्पण किया। इनमें गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन और भागलपुर जिले का पीरपैंती रेलवे स्टेशन शामिल है। पीएम ने राजस्थान के बीकानेर में एक समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के दो समेत देश भर के 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन कर यात्रियों को सौंपा। पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन कुमार मौजूद रहे। कहलगांव से भाजपा विधायक पवन यादव और मालदा डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

ललन कुमार ने कहा कि नए स्टेशन को यात्री सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिसमें ऊंचे और चौड़े प्रवेश द्वार और बेहतर सुविधाएं शामिल हैं, ताकि यात्रियों को अधिक आरामदायक अनुभव मिल सके। थावे रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भी कई निर्वाचित प्रतिनिधि और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

थावे और पीरपैंती स्टेशन अपने क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि थावे उत्तरी बिहार से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है, जबकि पीरपैंती बिहार के पूर्वी हिस्सों को पश्चिम बंगाल से जोड़ता है।

**पीरपैंती में 19 करोड़ से तैयार हुआ अमृत भारत स्टेशन**

लगभग 19 करोड़ की लागत से पीरपैंती स्टेशन का रिडेवलपमेंट किया गया है। पुरानी बिल्डिंग की जगह वहां भव्य और आधुनिक सुविधाओं से लैस सुसज्जित स्टेशन भवन बनाया गया है। पीरपैंती भागलपुर रेल एरिया का बड़ा व्यापारिक केन्द्र भी है। साथ ही यहां से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन की यात्रा करते हैं। झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से भी लोग इसी स्टेशन से ट्रेन की यात्रा करते हैं।

## बिहार में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी

**पटना।** बिहार में जल्द ही पानी पर तैरने वाली मेट्रो चलने वाली है। राजधानी पटना में गंगा नदी में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी हो रही है। केरल से आई टीम ने हाल ही में पटना से हाजीपुर, सोनपुर तक इसका सर्वे भी किया। वाटर मेट्रो नदी में चलने वाली एक तरह की इलेक्ट्रिक बोट होती है। इसमें यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही इसका किराया भी सार्वजनिक परिवहन की तरह बहुत कम होता है। पटना में इसी साल वाटर मेट्रो शुरू करने की योजना है। इसके चलने से उत्तर बिहार के इलाकों से राजधानी पटना तक आवागमन का एक और विकल्प लोगों को मिल जाएगा। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाटर मेट्रो को पटना मेट्रो रेल सेवा से भी जोड़ा जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत पटना में गंगा नदी के किनारे आधुनिक वाटर मेट्रो स्टेशन बनेंगे। एनआईटी स्टेशन पर पटना मेट्रो को जोड़ा जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर से लौट रहे एयरफोर्स जवान की मौत

## 7 मई को हुई थी शादी; खबर सुन पत्नी बेहोश

महानगर नेटवर्क

पटना



बरौनी-कटिहार रेलखंड के गौछारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक एयरफोर्स जवान की मौत हो गई। मृतक जवान खगड़िया के गोगरी थाना क्षेत्र के खटहा नगर परिषद क्षेत्र संख्या 6 निवासी रामविलास साह का 27 वर्षीय पुत्र कुणाल कुमार बताया जा रहा है। हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही खटहा गांव में कोहराम मच गया। बीते 7 मई को कुणाल की शादी हुई थी। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर छुट्टी कैंसिल होने पर 11 मई को ड्यूटी के लिए रवाना हो गए थे। घटना की सूचना पर पहुंचे महेशखूंट जीआरपी थानाध्यक्ष सदलबल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जीआरपी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया गौछारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर से एयरफोर्स जवान कुणाल का शव बरामद किया है। उन्होंने बताया कि एयरफोर्स जवान ट्रेन संख्या 15653 अप गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस से अपने घर गौछारी खटहा आ रहा था। गौछारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर ट्रेन से गिरकर उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस ट्रेन का गौछारी रेलवे स्टेशन में ठहराव नहीं है। गाड़ी स्लो होने पर उतरने के दौरान घटना बतायी जा रही है। वहीं इस घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता रामविलास साह ने रोते बिलखते बताया कि उसने अपने इकलौते पुत्र का विवाह गत सात मई को किया था। पाकिस्तान-भारत की बीच एयर स्ट्राइक छिड़ जाने के कारण 11 मई को वह आंपरेशन सिंदूर में शामिल होने अपनी ड्यूटी पर गाजियाबाद चला गया। वहां से उसे बागडोगरा कैंप भेज दिया गया। एयर स्ट्राइक समाप्त होते ही अवकाश लेकर अपने घर लौट रहा था, लेकिन गौछारी में ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई।

# बच्चों का निवाला गटक गए हेडमास्टर साहब

## अब भरना होगा 10 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना



**बिहारशरीफ।** महज एक कप साधारण चाय की कीमत में सरकारी स्कूल के एक छात्र को भरपेट भोजन देने का प्रावधान है। ऐसे में एमडीएम के माध्यम से बच्चों को दिया जाने वाला भोजन की कभी-कभार जांच करायी जाती है। गड़बड़ी मिलने पर निवाला गटकने वाले बिहार के 51 सौ से अधिक एचएम पर 10 करोड़ 87 लाख 81 हजार 433 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मासूम बच्चों का निवाला गटकने वाले एचएम की ढिठई इतनी कि जुर्माना की राशि पांच माह बाद भी जमा नहीं करायी है। महज दो जिलों शिवहर व शेखपुरा के सभी एचएम ने दंड राशि जमा करा दी है।

शेखपुरा के करीब पौने दो सौ शिक्षकों पर पांच लाख 37 हजार 468, तो शिवहर के 85 से अधिक एचएम पर 64 हजार 304 रुपया जुर्माना किया गया था। इस संबंध में निदेशक विनायक मिश्रा ने बताया कि 19 मई को एमडीएम में अनियमितता करने वालों के विरुद्ध लगाये गये जुर्माने की समीक्षा की गयी। चौकाने वाला तथ्य सामने आया कि अधिकतर एचएम जुर्माना के रुपये जमा नहीं कराये हैं। यह आदेश की अवहेलना को दर्शाता है। विभाग ने जुर्माने की राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही एफआईआर कराने का आदेश दिसंबर 2024 में ही दिया था। लेकिन, 20 मई 2025 तक एक भी एचएम के विरुद्ध एफआईआर नहीं करायी गई है। यह बात दीगर है कि 499 एचएम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की रिपोर्ट की गई है। जबकि, 608 एचएम ने डीईओ के यहां अपील दायर की है।

# पटना में क्रिकेट टूर्नामेंट में दनादन फायरिंग

## मुखिया पति को मारी 4 गोली, दो दर्शक भी जख्मी

महानगर नेटवर्क

पटना






बिहार की राजधानी में एक क्रिकेट टूर्मानेंट के दौरान बदमाशों ने दनादन फायरिंग कर दहशत मचा दिया। रानीतालाब थाना क्षेत्र के कनपा गांव स्थित खेल मैदान में बीती रात 12.30 बजे के करीब क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन के दौरान पुरस्कार वितरण के दौरान गोलीबारी की गई जिसमें अपराधियों नै सैदाबाद पंचायत के मुखिया ममता देवी के पति अंजनी सिंह समेत तीन लोगो को गोली मारकर जख्मी किया। घायल दर्शकों मे धर्मेंद्र कुमार और राजा शामिल हैं जिन्हें गोली लगी है। बदमाशों ने अंजनी सिंह को 4 गोली मारी। घायलों को इलाज के लिए पटना स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीती रात पालीगंज अनुमंडल के रानीतलाब थाना परिसर से ठीक पीछे सटे खेल मैदान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। खेल की समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण समारोह चल रहा था। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया ममता देवी के पति अंजनी कुमार सिंह पहुंचे थे। मैदान में सैंकड़ो लोग दर्शक के रूप में आनंद ले रहे थे। तभी अचानक दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधी पहुंचे और फायरिंग करके अफरातफरी मचा ही। अंजनी सिंह को निशाना बनाते हुए फायरिंग खोल दिया जिसमें उन्हें चार गोलियां लगी। हालांक बचने के प्रयास में उनके पैर में गोलियां लगने की बात बताई जा रही है। इसी दौरान धर्मेंद्र और राजा को भी गोली लग गई। तीनों को अस्पताल में आनन फानन में भर्ती कराया गया।

# बिजली करंट की चपेट में आई बहू बचाने में सास झुलसी, एक की मौत

महानगर नेटवर्क

समस्तीपुर



समस्तीपुर में बिजली का करंट लगने से सास और बहू झुलस गईं। परिजन दोनों को अस्पताल ले गए जहां बहू की मौत हो गई। घटना जिले के मोहिउद्दीननगर की है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि घायल सास का इलाज कराया जा रहा है। घर का पानी मोटर चालू करने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतका की पहचान मोहिउद्दीननगर के बोचहा निवासी नवीन कुमार की पत्नी, पूनम देवी, 27 वर्ष के रूप में की गयी है।

जानकारी के मुताबिक पूनम देवी गुरुवार की सुबह अपने तीन बच्चों को स्नान कराने के लिए मोटर चलाने गयी थी। इसी दौरान वह बिजली करंट की चपेट में आ गईं। बहू के करंट लगा देख छुड़ाने के लिए सास अरुणा देवी पति मिथिलेश राय दौड़ कर पहुंची। लेकिन दोनों ही करंट की चपेट में आ गईं। दोनों बुरी तरह से झुलकर घायल हो गईं।

परिजनों ने आनन फानन में उन्हें स्थानीय पीएचसी में पुंचाया। डॉक्टर ने बहू पूनम देवी को मरा हुआ घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर स्थानीय थाना की पुलिस वहां पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को परिजनों के साथ समस्तीपुर भेज दिया।

# गंदा वीडियो बना ब्लैकमेल कर रहा था पड़ोसी

## आबरू बचाने की खातिर महिला ने खा लिया जहर

**समस्तीपुर।** बिहार में एक युवक ने गंदा वीडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल करने की घिनौनी हरकत की। परेशान महिला ने अपनी इज्जत बचाने की खातिर जहर खा लिया। मामला समस्तीपुर जिले का है।

जिले के उजियारपुर थाना के मालती गांव में बुधवार को एक महिला ने पड़ोस के एक मनचले से अपनी आबरू बचाने के लिए जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास की। नाजुक हालत में महिला को परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पति ने इसकी जानकारी दी। उसने कहा कि उसके पड़ोस का एक युवक ने किसी तरह उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियो बनाकर विगत दिनों में ब्लैकमेल की कोशिश करने लगा था। जिससे तंग आकर महिला बुधवार को जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया है।

घटना की सूचना पर उजियारपुर थाना से 112 पुलिस टीम मालती पहुंचकर घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से बात कर पुलिस पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने बताया की महिला के स्वाथ्य होने के बाद ही उसके बयान पर ही सच्चाई सामने आयेगी।

# बिहार में फिल्मी स्टाइल में डकैती

## हम पुलिसवाले हैं, घर की तलाशी लेनी है

महानगर नेटवर्क

गया जी



गया जी जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बेलागंज अंतर्गत लोदीपुर पंचायत के लालगंज गांव में मंगलवार की रात हथियारबंद डकैतों ने एक घर में घुसकर करीब 10 लाख की संपत्ति लूट ली। इस वारदात को अंजाम देने से पहले डकैतों ने खुद को बेलागंज थाने की पुलिस बताकर परिवार को उठाया और बंदूक के बल पर बंधक बना लिया।

पीड़ित प्रवीण कुमार ने बताया कि घटना रात करीब एक बजे की है। जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। तभी लगभग दस की संख्या में डकैत घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में घुसे। डकैतों ने खुद को बेलागंज थाने की पुलिस बताकर कहा कि वे तलाशी के लिए आए हैं। जब परिवार ने विरोध किया तो सभी डकैतों ने हथियार निकालकर उन्हें धमकाया और घर के सभी सदस्यों को हाथ-पैर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद डकैतों ने आराम से घर के सभी कमरों, गोदरेज, बक्सों, आलमारियों और दुकानों की तलाशी ली और नगद राशि, जेवरात, कीमती सामान सहित करीब दस लाख रुपये की संपति लूट कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बेलागंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित प्रवीण कुमार व घर की महिलाओं ने बताया कि डकैतों ने घर से सटे दुकान को भी खंगाल लिया। बताया कि डकैतों ने नगदी सहित 10 लाख से ज्यादा की संपति लूट ली। बेलागंज थाना में अज्ञात डकैतों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

# जमीन कब्जाना चाहते हैं, जान को खतरा है

## पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के रिश्तेदारों पर संगीन इल्जाम



महानगर नेटवर्क

पटना

पटना से सटे बाढ़ में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के रिश्तेदारों पर संगीन आरोप लगा है। बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना इलाके के नयाटोला माधोपुर गांव में पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के रिश्तेदारों पर धमकी देने का आरोप लगा है। यहां रहने वाले एक परिवार का कहना है कि जमीन विवाद में उन्हें पूर्व सांसद के रिश्तेदारों द्वारा धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी जिंदगी खतरे में है। पीड़ित परिवार के एक सदस्य राकेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह पूरा मामला पैतृक संपत्ति का है। राकेश का दावा है कि विरोधी पक्ष उनके घर और जमीन पर कब्जा करना चाहता है। राकेश का दावा है कि उन्हें पूर्व सांसद के नाम पर सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां मिल रही हैं। उनका यह भी कहना है कि बेटा कोचिंग छोड़ कर घर पर बैठ गया है। राकेश का दावा है कि जब वो इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाने बख्तियारपुर जा रहे थे तब कुछ लोगों ने उन्हें घेर कर पीटा है। उनका दावा है कि इस दौरान उनके बेटे की पिटाई भी की गई है। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी गई है।

# तिरंगे में लिपटा आया बिहार का शहीद तो पूरी की गयी पत्नी की इच्छा

**भागलपुर।** जम्मू कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में शहीद हुए सेना के हवलदार संतोष यादव का पार्थिव शरीर गुरुवार को बिहार के भागलपुर स्थित उनके पैतृक गांव लाया गया। नवगछिया अंतर्गत इस्माइलपुर प्रखंड के पछियारी टोला डिमाहा उनका पार्थिव शरीर पहुंचा तो हजारों लोग वहां मौजूद रहे। शहीद से लिपटकर उनके परिजनों को रोता देख पूरे गांव के लोग भावुक हो गए। शहीद तिंरगे में लिपटा अपने घर आया तो पत्नी की वो इच्छा पूरी करवायी गयी जिसकी जिद वो बीते दो दिनों से कर रही थी।शहीद का पार्थिव शरीर गुरुवार को इस्माइलपुर प्रखंड के पछियारी टोला भिट्ठा गांव पहुंचा। सुबह छह बजे काफिला नवगछिया के जीरोमाइल पहुंचा।

**व्यापार**

# केनरा बैंक ने FD की ब्याज दरों में कटौती की




**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के बाद अब केनरा बैंक ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी FD की ब्याज दरों में की कटौती की है। नई ब्याज दरों के अनुसार अब 1 साल के लिए FD पर सामान्य नागरिकों को 6.85% की दर से ब्याज मिलेगा।

वहीं 2 साल की FD पर सालाना 6.90%, 3 साल की FD पर 7.00% और 5 साल की FD पर 6.70% ब्याज मिलेगा। वहीं बैंक 444 दिन की FD पर 7.00% ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को बैंक 7.50% तक का ब्याज दे रहा है।

**SBI में 1 साल की FD पर 6.50% ब्याज**

इससे पहले इसी महीने SBI ने FD की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की थी। SBI में अब 1 साल की FD कराने पर 6.50% ब्याज मिल रहा है। नई ब्याज दरें 16 मई 2025 से लागू हुई हैं। बैंक ने पिछले महीने 15 अप्रैल को भी ब्याज दरों में कटौती की थी।

## बिटकॉइन पहली बार 95 लाख रुपए के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन पहली बार 1.10 लाख डॉलर के पार पहुंच गया है। रुपए में एक बिटकॉइन की कीमत 95.50 लाख रुपए के करीब है। 2009 में जब सतोशी नकामोटो नाम के किसी व्यक्ति ने इसे बनाया था तब इसकी वैल्यू 0.0041 डॉलर थी। यानी, अगर उस समय आप बिटकॉइन में 10-20 पैसे भी निवेश करते तो आज उसकी कीमत 95 लाख रुपए से ज्यादा होती। इस आर्टिकल में हम बिटकॉइन की पूरी कहानी बता रहे हैं।



# ओबेन इलेक्ट्रिक स्वदेशी प्लेटफॉर्म ‘ओ100’ करेगी लांच

महानगर नेटवर्क

मुंबई



भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने आज घोषणा की कि वह अपने दूसरे स्वदेशी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म ओहंड्रेड (O100) पर काम कर रही है। यह नया प्लेटफॉर्म बेंगलुरु में स्थित ओबेन के अत्याधुनिक आरएंडडी सेंटर में तैयार किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी अब 100cc के बराबर वाली मोटरसाइकिल कैटेगरी में कदम रखेगी, जो भारत के टू-व्हीलर बाजार का लगभग 30% हिस्सा है। यह ओबेन इलेक्ट्रिक की एक रणनीतिक पहल है ताकि ज्यादा से ज्यादा कस्टमर्स तक पहुंचा जा सके।

ओहंड्रेड प्लेटफॉर्म को एक नई पीढ़ी की सस्ती इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के लिए तैयार किया गया है, जिसकी कीमत 1 लाख रूपए से कम होगी। यह खासतौर पर भारत के आम रोजाना सफर करने वाले कस्टमर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म की सबसे बड़ी खासियत है स्केलेबिलिटी, यानी इसे आसानी से आगे और बेहतर बनाया जा सकता है और जल्दी से बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन शुरू किया जा सकता है। इससे ओबेन इलेक्ट्रिक को अलग-अलग तरह की हाई क्वालिटी वाली इलेक्ट्रिक बाइक्स तैयार करने में मदद मिलेगी, जो अलग-अलग तरह के कस्टमर्स की जरूरतों को पूरा करेंगी। ओहंड्रेड की बनावट मॉड्यूलर और वर्सटाइल है, जिससे यह कई अलग-अलग वेरिएंट, बैटरी ऑप्शन और कस्टमर्स की पसंद के अनुसार फीचर्स को सपोर्ट करता है।

# क्यूपिड लिमिटेड ने मुंनाफा कमाया

**मुंबई।** भारत में पुरुषों एवं महिलाओं के कंडोम, वॉटर-बेस्ड पर्सनल ल्यूब्रिकेंट, आईवीडी किट, परफ्यूम, डियोडोरेंट्स, ऑमन्ड हेयर ऑयल, बॉडी ऑयल, पेट्रोलियम जेली और कई तरह के एफएमसीजी प्रोडक्ट्स का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी एवं ब्रांड, क्यूपिड लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 25 की चौथी तिमाही और 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। क्यूपिड लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 26 के लिए 335 करोड़ रुपए के दमदार राजस्व का लक्ष्य रखा है और अगले दो सालों में इसे 50% की CAGR से बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।

CUPID

क्यूपिड एफएमसीजी ब्रांडेड बिजनेस के जबरदस्त विकास के लिए सुपर स्टॉकिस्टों, डिस्ट्रीब्यूटरों और अन्य नेटवर्क भागीदारों को लगातार अपने साथ जोड़ने और उनकी निरंतर सहभागिता की दिशा में काम किया गया, ताकि पूरे भारत में केमिस्टों, आधुनिक एवं सामान्य व्यापार में 1 लाख से अधिक रिटेल टचपॉइंट्स के लक्ष्य तक पहुंचा जा सके। इस प्रकार कंपनी ने वित्त-वर्ष 2025 में 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया, साथ ही क्यूपिड के भारत में B2C बिजनेस से वित्त-वर्ष 26 के दौरान कारोबार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 125 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**मुंबई।** बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी सामान्य बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) ने 31 मार्च को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही और पूरे वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। सकल लिखित प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) पिछले वित्त वर्ष के 41,996 करोड़ से 3.86 प्रतिशत बढ़कर 43,618 करोड़ हो गया। कंपनी 12.6 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ बाजार में अग्रणी बनी रही। परिचालन दक्षता में सुधार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के लिए संयुक्त अनुपात 120% से घटकर 117% हो गया। सॉल्वेंसी अनुपात भी मजबूत हुआ और 31 मार्च तक 1.91 गुना तक पहुंच गया, जो मार्च 2024 में 1.81 गुना था। परिणामों पर बोलते हुए द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, गिरिजा सुब्रमण्यम ने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि NIACL ने वित्त वर्ष 25 में 43,618 करोड़ का सर्वकालिक उच्च सकल लिखित प्रीमियम (GWP) हासिल किया है, जो चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूद 3.86% की वृद्धि दर्शाता है।

## एएससीआई ने ओपिनियन ट्रेडिंग पर श्वेतपत्र जारी किया

**मुंबई।** एडवर्टाइजिंग स्टैण्डर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने “भारत में ओपिनियन ट्रेडिंग की जांच” (एक्ज़ामिनिंग ओपिनियन ट्रेडिंग इन इंडिया) शीर्षक से एक श्वेतपत्र जारी किया है, जिसमें ओपिनियन ट्रेडिंग/प्रेडिक्शन मार्केट्स के उभरते क्षेत्र और इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में नियामकीय स्पष्टता की आवश्यकता पर रौशनी डाली गई है। नेशनल इनिशिएटिव फॉर कंज्यूमर इंटरेस्ट (एनआईसीआई) के अनुसार, इन प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन से अधिक यूजर्स हैं और वार्षिक लेनदेन 50,000 करोड़ रुपये से अधिक है। ओपिनियन प्लेटफॉर्म यूजर्स को खेल से लेकर राजनीति तक के वास्तविक दुनिया की घटनाओं के बाइनरी (हां/नहीं) परिणामों पर मौद्रिक दांव लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। वैश्विक स्तर पर, ओपिनियन ट्रेडिंग को या तो वित्तीय साधन के रूप में या जुआ कानूनों के तहत नियंत्रित किया जाता है।

# एचएमएसआई ने की प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की घोषणा

महानगर नेटवर्क

अहमदाबाद



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. (एचएमएसआई), जो भारत में होंडा की मोटरसाइकिल उत्पादन और बिक्री से जुड़ी सहायक कंपनी है, ने अपने चौथे संयंत्र (विठलापुर, ज़िला अहमदाबाद, गुजरात) में चौथी प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की घोषणा की है। यह नई लाइन वर्ष 2027 से चालू होगी और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6.5 लाख यूनिट होगी। इसके साथ ही संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 26.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी, जिससे यह संयंत्र होंडा का विश्व में सबसे बड़ा मोटरसाइकिल असेंबली प्लांट बन जाएगा। फिलहाल एचएमएसआई के भारत में कुल चार उत्पादन संयंत्र हैं, जिनकी संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 61.4 लाख यूनिट है। कंपनी ने अप्रैल 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कुल उत्पादन में 7 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर लिया है, जो कि वर्ष 2001 में उत्पादन शुरू करने के 25 वर्षों बाद हासिल हुआ है। विठलापुर स्थित चौथा संयंत्र फरवरी 2016 में 6 लाख यूनिट वार्षिक क्षमता के साथ चालू हुआ था। जून 2016 में दूसरी प्रोडक्शन लाइन जुड़ने से इसकी क्षमता बढ़कर 12 लाख यूनिट हुई और जनवरी 2024 में तीसरी लाइन शुरू होने के साथ यह आंकड़ा 19.6 लाख यूनिट तक पहुंच गया।

## सेंसेक्स 645 अंक गिरकर 80,952 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 22 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स में 645 अंक गिरकर 80,952 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 204 अंक की गिरावट रही, ये 24,610 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट है। M&M, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व 2.5% तक गिरे हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट, एयरटेल और इंडसइंड बैंक में मामूली तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 गिरकर बंद हुए। NSE के ऑटो, IT, बैंकिंग और FMCG में 1.5% तक की गिरावट रही।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## वसई-विरार शहर महानगरपालिका
## प्रभाग समिती 'अ'
### अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत / चाळ / घराची माहिती
### अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत / चाळ / घरा विषयी जाहीर आवाहन

जा.क्र. वविशम/अ.बा./१९८/२०२५/२६
दि. २२/०५/२०२५

**महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम २६४ (१) (२) (३) (४) अन्वये**

### नोटिस

उपरोक्त अधिनियम तरतुदीस अनुषंगाने सोबत जोडलेल्या यादीतील इमारत/चाळ/घर मधील वास्तव करणारे मालक/भोगवटदार किंवा इतर यांना असे कळविण्यात येते की, आपली मिळकत असलेल्या इमारत/ चाळ/घराचे निवासी व वाणिज्य वापराकरीता अतिधोकादायक व धोकादायक असल्याबाबत तसेच या इमारत/चाळ/घरा मधील निवासी वापर तात्काळ थांबविणे व अतिधोकादायक इमारतीचे बांधकाम विनाविलंब तोडुन टाकणेबाबत आपणांस लेखी नोटिस देण्यात आलेल्या आहेत, तसेच महानगरपालिकेच्या मंजुर असलेल्या पॅनलवरील स्ट्रक्चरल ऑडीटरकडून खालील नमुद इमारत/चाळ/घराचे ऑडीट करुन घेण्यात आलेले आहे. येणे प्रमाणे सदरची इमारत/चाळ/ घर C१, C२A, C२B प्रवर्गात येत असल्याचे निदर्शनास आलेले आहे.

सबब आपली इमारत/चाळ/ घर असलेल्या इमारतीचा वापर करणे अतिधोकादायक व धोकादायक असल्याने इमारत/चाळ/घर कोसळुन जीवित व वित्तहानी होण्याचा संभव आहे. तथापी आपण सदर इमारत/चाळ घराचा निवासी व वाणिज्य वापर बंद करुन तसेच अतिधोकादायक बांधकाम तात्काळ तोडुन टाकावे. तसेच स्ट्रक्चरल ऑडीटमध्ये मालमत्ता दुरुस्ती योग्य (सी-२A, सी२बी) असल्याचे दर्शविल्यास दुरुस्ती करताना महानगरपालिकेची पूर्व परवानगी घेऊन स्ट्रक्चरल ऑडीटमध्ये सुचविल्याप्रमाणे दुरुस्ती करुन इमारत पूर्णता प्रमाणपत्र (Completion Certificate), स्थिरता प्रमाणपत्र (Stability Certificate) व इमारत राहण्यास योग्य असल्याबाबतचे प्रमाणपत्राचा (Habitable Certificate) स्वयंस्पष्ट अहवाल या कार्यालयात सादर करावा.

वरील प्रमाणे कार्यवाही न केल्याने होणा-या नुकसानीस आपणच जबाबदार रहाल, वसई विरार शहर महानगरपालिका वास जबाबदार राहणार नाही याची गांभियनि नोंद घ्यावी.

**अतिधोकादायक व धोकादायक इमारत/चाळ/घर खालीलप्रमाणे. (सन २०२५-२६)**
**सी - १ धोकादायक इमारतींची यादी २०२५**

| | | |
|---|---|---|
| १ | न्यु ओमकार को. ऑ.हौ.सो.लि. | विराट नगर, विरार प. |
| २ | हरिकृपा को. ऑ.हौ.सो. लि. | चाणक्य चौक, विराट नगर, विरार प. |
| ३ | मातृछाया अपार्टमेंट | स्टेशन रोड, विरार प. |
| ४ | कांता को. ऑ.हौ.सो. लि. | एम. बी. इस्टेट, विरार प. |
| ५ | आगाशी शितल को. ऑ.हौ.सो. लि. | चाळपेठ रोड, आगाशी, विरार प. |
| ६ | वर्धमान को. ऑ.हौ.सो.लि. ए व बी विंग | जैन मंदिर, विरार प. |
| ७ | लक्ष्मी निकेतन को. ऑ.हौ.सो.लि. | जैन मंदिर रोड, विरार प. |
| ८ | श्री. कृष्णा सदन ब | विराट नगर, पि. पि. मार्ग, विरार प. |
| ९ | मेरी अपार्टमेंट | आगाशी गार्मिन हॉस्पिटलजवळ, आगाशी, विरार प. |
| १० | हरेश्वर राऊत बिल्डींग | बँक ऑफ महाराष्ट्र बँक जवळ, आगाशी |
| ११ | सत्यम महल | चाळपेठ रोड, आगाशी, विरार प. |
| १२ | कर्मभुमी नं. १ | एम. बी. इस्टेट, विरार प. |
| १३ | साई दर्शन को. ऑ.हौ.सो.लि. | बि. नं. २ एम. बी. इस्टेट, विरार प. |
| १४ | मरीयम बी हाजी युसूफ चाळ | गावठण रोड, साईबाबा मंदिरजवळ |
| १५ | दिशा को. ऑ.हौ.सो.लि. | मस्जिद गल्ली, एम. बी. इस्टेट, विरार प. |

**वसई - विरार शहर महानगरपालिका**
**प्रभाग समिती 'अ' बोळींज**

सी - २ (A) (इमारत तात्काळ रिकामी करून संरचनात्मक दुरूस्ती करणे प्रवर्गामध्ये मोडणा*या २०२५)

| अ.क्र. | इमारतीचे नाव | इमारतीचे ठिकाण |
|---|---|---|
| १ | श्री गणेश को. ऑ.हौ.सो.लि. | डोंगरपाडा, विरार प. |
| २ | श्रुतिका अपार्टमेंट | बसिन कॅथेलिक बॅकजवळ, आगाशी, विरार प |
| ३ | साई गणेश बिल्डींग | चालपेठ रोड, आगाशी |
| ४ | मर्चंट को. ऑ.हौ.सो.लि. | दत्तमंदिर रोड, एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| ५ | अल- करिम को. ऑ.हौ.सो.लि. | एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| ६ | महालक्ष्मी निवास | एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| ७ | सोना अपार्टमेंट | दत्तमंदिर रोड, एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| ८ | शुभलक्ष्मी को. ऑ.हौ.सो.लि. | सेंन्ट्रल पार्क विरार प. |
| ९ | दुर्गा अपार्टमेंट | वर्तक वॉर्ड विरार प. |
| १० | कैलाश अपार्टमेंट | वर्तक वॉर्ड विरार प. |
| ११ | श्री. सिध्दार्थ को. ऑ.हौ.सो.लि. | श्रेया हॉटेलजवळ, विरार स्टेशन, विरार प |
| १२ | श्री परेश को. ऑ.हौ.सो.लि. | एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| १३ | न्यु वेदांत अपार्टमेंट | न्यु वेदांत अपार्टमेंट विराट नगर, विरार प |
| १४ | विराट पॅलेस को. ऑ.हौ.सो.लि. | विराट पॅलेस को. ऑ.हौ.सो.लि. यशवंतनगर |
| १५ | बाबजी मंजिल | आगाशी रोड, बोळींज, विरार प |
| १६ | निर्मल अपार्टमेंट | आगाशी रोड, बोळींज, विरार प |
| १७ | मनोरथ अपार्टमेंट | बोळींज सोपारा रोड, विरार प |
| १८ | मनोरथ को. ऑ.हौ.सो.लि. | बोळींज सोपारा रोड, विरार प |
| १९ | शिव आशिर्वाद अपार्टमेंट | बोळींज सोपारा रोड, विरार प |
| २० | ग्रेस समृध्दी अपार्टमेंट | बोळींज, नानभट, सोपारा रोड, विरार प |
| २१ | ग्रेस कॉलनी | बोळींज, नानभट, सोपारा रोड, विरार प |

सी - २ (B) (इमारती रिकामी न करता संरचनात्मक दुरूस्ती करणे प्रवर्गामध्ये मोडणा*या २०२५)

| अ. क्र. | इमारतीचे नाव | इमारतीचे ठिकाण |
|---|---|---|
| १ | चक्रधर अपार्टमेंट | डोंगरपाडा विरार प. |
| २ | सिटी पॉईंट बिल्डींग | वसई विकास बॅकजवळ, आगाशी, विरार प |
| ३ | जिवदानी कृपा बिल्डींग | कॅनरा बॅकजवळ, बाजारपेठ, आगाशी |
| ४ | राधा निवास | आगाशी, विरार प |
| ५ | कॅस्टल विव को. ऑ.हौ.सो. | बाजारपेठ, आगाशी विरार प |
| ६ | मरोलिया हाऊस | आगाशी, भंडारवाडा, विरार प |
| ७ | साईकृपा बिल्डींग | आगाशी, भंडारवाडा, विरार प |
| ८ | अंकिता अपार्टमेंट | आगाशी, भंडारवाडा, विरार प |
| ९ | लक्ष्मीछाया अपार्टमेंट | आगाशी, भंडारवाडा, विरार प |
| १० | कवळी बिल्डींग | कवळी आळी, आगाशी, विरार प |
| ११ | न्यु वैशाली अपार्टमेंट | के. जी. स्कुलजवळ, चाळपेठ रोड, आगाशी, विरार प |
| १२ | जानकी बिल्डींग | चाळपेठ रोड, आगाशी, विरार प |
| १३ | अवधूत को. ऑ.हौ.सो. | दत्तमंदिर रोड, एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| १४ | शक्ती को. ऑ.हौ.सो. | एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| १५ | सेंन्ट्रल पार्क | सेन्ट्रल पार्क विरार प |
| १६ | कर्मभुमी एन.एक्स | एम. बी. इस्टेट, विरार प |
| १७ | स्वर्ग को. ऑ.हौ.सो. | विराटनगर विरार प |
| १८ | रचना पॅलेस अपार्टमेंट | विराटनगर विरार प |
| १९ | सुवर्णा पॅलेस | विराटनगर विरार प |
| २० | सुरज हाईट | विराटनगर विरार प |
| २१ | श्यामकुंज को. ऑ.हौ.सो. | यशवंतनगर विरार प |
| २२ | न्यु मन उपवन अपार्टमेंट | यशवंतनगर विरार प |
| २३ | विजयदिप अपार्टमेंट | विराटनगर विरार प |
| २४ | एकविरा सदन को. ऑ.हौ.सो. | आगाशी रोड, बोळींज विरार प |
| २५ | श्री. उपवन को. ऑ.हौ.सो. | बोळींज नानभट सोपारारोड, विरार प |

जा.क्र. वविशम/अ. बां. १९८/२०२५/२६
दि. २२/०५/२०२५

सही/-
(शशिकांत पाटील)
सहा. आयुक्त, प्रभाग समिती 'अ'

# सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है आपका खून?

## PM मोदी पर राहुल गांधी का हमला, पूछे तीन सवाल

महानगर नेटवर्क
**नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दिमाग ठंडा तथा खून गरम' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जी को खोखले भाषण देना बंद कर यह बताना चाहिए कि देश के हितों से समझौता क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इधर-उधर की बातें नहीं कर यह बताना चाहिए कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठे सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों से बार-बार भारत को जब अपमानित कर रहे हैं तो करारा जवाब देने की बजाय राष्ट्रीय सम्मान से समझौता क्यों किया जा रहा है।



कांग्रेस नेता गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए: आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? इसके आगे प्रधानमंत्री से सवाल पूछते हुए उन्होंने लिखा, "आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है। आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया।"

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया PM मोदी के बीकानेर में दिए गए उस भाषण के बाद आई है, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा, "पाकिस्तान एक बात भूल गया। मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गरम रहता है। मोदी की नसों में अब लहू नहीं, गरम सिंदूर बह रहा है।"

# सत्यपाल मलिक के खिलाफ CBI की चार्जशीट

## जम्मू-कश्मीर के कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 2200 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप, 6 अन्य लोगों के भी नाम

महानगर नेटवर्क
**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किरू हाइड्रो परियोजना से जुड़े कथित करप्शन मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दायर की है जिसमें सत्यपाल मलिक का नाम शामिल है। उनके अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी चार्जशीट दायर हुई है। इस बारे में सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि कथित किरू हाइड्रो परियोजना से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सत्यपाल मलिक, उनके प्राइवेट सेकरेट्री और चार अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। इस एक्शन को लेकर अभी तक सत्यपाल मलिक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन पहले जरूर उन्होंने ऐसी तमाम कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया था। पिछले कुछ समय से सत्यपाल मलिक और



सरकार के बीच में तल्खी चल रही है, बात चाहे पुलवामा आंतकी हमले से जुड़ी सुरक्षा की रही हो या फिर किसान आंदोलन की, सत्यपाल मलिक के बयानों ने केंद्र की मुश्किलें कई मौकों पर बढ़ाई हैं। उसके बाद से ही रिश्तों में करवाहट आ गई और कई मौकों पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर देखने को मिला। अब इस बार सीबीआई ने जिस कथित घोटाले में सत्यपाल मलिक के खिलाफ चार्जशीट दायर की है, उसकी जांच भी लंबे समय से चल रही है।

# भाखड़ा डैम पर CISF तैनाती से विवाद

**पंजाब ने कहा- केंद्र थोप रहा खर्च**
**CM मान बोले-पंजाब पुलिस मुफ्त में दे रही सुरक्षा**

महानगर नेटवर्क
**चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र सरकार ने भाखड़ा डैम परियोजना पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की तैनाती को मंजूरी दे दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ हफ्ते पहले पंजाब पुलिस ने डैम के कुछ अहम हिस्सों पर नियंत्रण कर लिया था। गृह मंत्रालय (MHA) ने सीआईएसएफ की सुरक्षा शाखा में 296 नए पद सृजित करने की अनुमति दी है, ताकि नंगल स्थित भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (BBMB) में सुरक्षा बल की तैनाती हो सके। 19 मई को इस संबंध में सीआईएसएफ को एक आधिकारिक पत्र भेजा गया। इसके बाद सीआईएसएफ ने डैम पर तैनाती के लिए आवास, परिवहन, संचार उपकरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए। हाल ही में BBMB द्वारा हरियाणा के लिए अतिरिक्त 4,500 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्णय के बाद पंजाब सरकार ने डैम पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में BBMB चेयरमैन की ओर से दायर एक याचिका में कहा गया था कि पंजाब सरकार के अधिकारियों ने डैम के संचालन में बाधा डाली है।

# श्रीकांत शिंदे वाले डेलिगेशन पहुंचा अबूधाबी

- शिवसेना सांसद बोले- UAE आतंकियों को पनाह देने वालों के साथ नहीं
- भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा

महानगर नेटवर्क
**अबू धाबी/नई दिल्ली**

शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला सर्वदलीय डेलिगेशन गुरुवार को UAE पहुंचा। अबू धाबी में राष्ट्रीय मीडिया कार्यालय के महानिदेशक डॉ. जमाल मोहम्मद ओबैद अल काबी से डिलेगेशन ने मुलाकात की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। शिंदे ने कहा- हमने उन्हें बताया है कि भारत पर कई सालों से हमले हो रहे हैं, मुंबई आतंकी हमला, पठानकोट हमला, पुलवामा हमला। इस पर डॉ. काबी ने कहा है कि उनको इसकी जानकारी है। पहलगाम में हुए हमले में निर्दोष लोग मारे गए हैं। शिंदे ने कहा कि काबी ने कहा है कि UAE ऐसे देश के साथ कभी



खड़ा नहीं हो सकता जो आतंकी संगठनों और आतंकियों को पनाह देता है। UAE किसी भी तरह से आतंकवाद का समर्थन नहीं करेगा। UAE आतंकवाद के खिलाफ है और सभी देशों के लिए एक साथ आकर आतंकवाद से लड़ना जरूरी है। शिंदे ने कहा है कि UAE की रक्षा समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल नूमी और सहिष्णुता मंत्री नाहयान के साथ डेलिगेशन की बैठक हुई है। मुझे लगता है कि UAE आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के डेलिगेशन में बांसुरी स्वराज (BJP), ईटी मोहम्मद बशीर (IUML), अतुल गर्ग (BJP), सस्मित पात्रा (BJD), मनन कुमार मिश्रा (BJP), पूर्व मंत्री एसएस अहलूवालिया और पूर्व राजनयिक सुजान चिनॉय शामिल हैं।

# 'रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के आधार पर....'

**PAK को सपोर्ट कर रहे तुर्की को भारत का संदेश**

महानगर नेटवर्क
**नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री ने हाल ही में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस बातचीत में विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करने के लिए अफगान मंत्री को धन्यवाद दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने इस बात को भी सिरे से खारिज किया कि भारत और अफगानिस्तान के बीच कोई मतभेद है। उन्होंने कहा कि कुछ झूठे और मनगढ़ंत रिपोर्टों के ज़रिए दोनों देशों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है, जिसे भारत पूरी तरह



खारिज करता है।

तुर्की के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हम उम्मीद करते हैं कि तुर्की, पाकिस्तान से यह अपील करेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय व ठेस कदम उठाए जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर ही बनते हैं।"

"सेलेबी मामले पर तुर्की दूतावास से चर्चा हुई है। लेकिन मेरी समझ के अनुसार यह निर्णय नागरिक उड्डयन सुरक्षा द्वारा लिया गया था।"

पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी

प्रवक्ता ने यह भी बताया कि आगामी दिनों में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की विदेश यात्रा में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "जो देश आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, उन्हें जिम्मेदार ठहराना और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब करना ज़रूरी है।" सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "कुल सात प्रतिनिधिमंडल हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं... यह एक राजनीतिक मिशन है। हमारा उद्देश्य दुनिया से व्यापक संपर्क स्थापित करना है ताकि हम यह संदेश दे सकें कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों के खिलाफ एकजुट हो।

# 'हैजा' के खिलाफ भारत ने बनाई वैक्सीन

**नई दिल्ली।** हैजा जिसे कॉलरा भी कहते हैं, कभी ये बीमारी एक प्रकोप की तरह पूरी दुनिया को हिला चुकी है। इस बीमारी से लाखों लोगों की जान जा चुकी है। आज भी खराब स्वच्छता और दूषित पानी के कारण ये बीमारी खतरा बनी हुई है। लेकिन, अब भारत ने इस घातक बीमारी के खिलाफ वैक्सीन बना ली है। इस वैक्सीन ने दुनिया के सामने नई उम्मीद जगा दी है। 18 हजार लोगों पर इसका ट्रायल सफल रहा है. हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक ने ओरल वैक्सीन 'हिलकोल' विकसित की है जिसके थर्ड फेज ट्रायल में शानदार परिणाम सामने आए हैं। 18,000 लोगों पर किए गए परीक्षणों में इस वैक्सीन ने एंटीबॉडी को चार गुना तक बढ़ाने में सफलता हासिल की है। यह वैक्सीन सस्ती, सुरक्षित और बच्चों व वयस्कों दोनों के लिए प्रभावी है। WHO द्वारा प्रमाणित वैक्सीन जैसे डुकोरल, शंचोल और यूविचोल पहले से उपलब्ध हैं लेकिन हिलकोल भारत की अपनी पहल है जो लागत प्रभावी होने के साथ-साथ स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। हिलकोल की खासियत यह है कि यह मुंह के जरिए ली जाती है जिससे इसे लोगों को देना आसान है। ट्रायल में इसकी प्रभावशीलता पहले छह महीनों में 85% और पहले साल में 50-60% तक देखी गई है। यह वैक्सीन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामूहिक टीकाकरण के जरिए 'हर्ड इम्युनिटी' को बढ़ावा देती है जिससे उन लोगों को भी सुरक्षा मिलती है जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर भारत को मिला जापान का साथ

**संजय झा ने पाकिस्तान को किया बेनकाब**

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान भारत के दृढ़ और स्पष्ट रुख को दोहराया गया कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और इसे जड़ से समाप्त किया जाना चाहिए। जापानी मंत्री ने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का न केवल समर्थन किया बल्कि हालिया पहलगाम आतंकी हमले पर गहरा शोक भी व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने कहा, "हमने भारत का पक्ष बहुत दृढ़ता से रखा। जापानी विदेश मंत्री ने हमारे विचारों की सराहना की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने संयम दिखाकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा उन्हें दी गई जानकारी का भी उल्लेख किया और इस लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़े होने की बात कही।"

# व्यापारिक समुदाय ने टैक्स टेररिज्म का किया विरोध

**नई दिल्ली\ मुंबई।** व्यापारिक समुदाय ने आयकर, जीएसटी, वैट, एक्साइज, कस्टम ड्यूटी, प्रॉपर्टी टैक्स, एमसीए आरओसी, प्रोफेशनल टैक्स, स्टांप ड्यूटी आदि को हटाने की मांग की है और इसके स्थान पर एक वार्षिक प्रॉपर्टी टैक्स लगाए जाने का सुझाव दिया है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से प्रति वर्गफुट 700 की दर से सालाना टैक्स अग्रिम में लिया जाए। इससे न केवल सरकार की आय बढ़ेगी बल्कि व्यापारियों और करदाताओं को होने वाले उत्पीड़न और अत्याचार से भी मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार का बजट लगभग 57 लाख करोड़ है, जिसमें राजस्व 40 लाख करोड़ के आसपास अनुमानित है। 17 लाख करोड़ का घाटा विभिन्न प्रकार के कर्ज़ से पूरा किया जाता है। यह ऋण और उस पर ब्याज भुगतान एक न खत्म होने वाली बढ़ती हुई समस्या है, जिसमें कोई स्पष्ट दिशा नहीं दिखती। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों और नगरपालिकाओं के भी बजट होते हैं, जो लगभग सभी कर्ज़ पर आधारित हैं। जीएसटी, इनकम टैक्स जैसे जटिल टैक्स सिस्टम के स्थान पर, व्यावसायिक क्षेत्रों से प्रति वर्गफुट 700 सालाना टैक्स लिया जाए। भारत में अनुमानित

**टैक्स फ्री इंडिया'की मांग**




10,000 करोड़ वर्गफुट व्यावसायिक क्षेत्र है, जिससे 70 लाख करोड़ टैक्स संग्रह किया जा सकता है, जो भारत सरकार के अनुमानित राजस्व से भी अधिक है। वर्तमान कर प्रणाली अत्यंत जटिल है और इससे भ्रष्टाचार और उत्पीड़न को बढ़ावा मिलता है। मुंबई के एक सामान्य व्यवसायी सुबोध जयप्रकाश ने बीते 40 वर्षों में सरकारी कानूनों का पालन करने में बहुत समय और ऊर्जा खर्च की है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव को रचनात्मक रूप में एक पूर्ण हिंदी फीचर फिल्म 'टैक्स फ्री इंडिया' के रूप में प्रस्तुत किया है, जो देश की समस्याओं का समाधान और आमजन के लिए मार्गदर्शन प्रस्तुत करती है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान से परेशान हुआ ईरान

**दोनों देशों से लगे बॉर्डर पर बना रहा दीवार**

**नई दिल्ली।** सरहद पर पाकिस्तान की आतंकी करतूतों से सिर्फ भारत ही परेशान नहीं है, बल्कि पाकिस्तान का एक और पड़ोसी ईरान इन दिनों बॉर्डर पर दीवार खड़ी करने की तैयारी में जुटा है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी एक दिन पहले ही सिस्तान और बलूचिस्तान के इलाकों का दौरा करने पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जनरल बघेरी ने जहां वरिष्ठ कमांडरों के साथ बैठक की। वहीं इस बात के निर्देश भी दिए कि ईरान की पूर्वी सीमा से लगे इलाके में सीमा पर सुरक्षा दीवार बनाने का काम तेजी से पूरा किया जाए। ईरान जहां अफगानिस्तान से हो रही अवैध घुसपैठ से परेशान है, वहीं पाकिस्तान के इलाके से हो रही तस्करी और आतंकी गतिविधियों को लेकर फिक्रमंद है। इस कड़ी में सीमा पर दीवार बनाने की कवायद करीब दो साल पहले शुरू की गई थी।

# लू-गर्मी से निपटने को यूपी सरकार का एक्शन प्लान

## हीटवेव से बचाने को गरीबों के घरों की छतें करेंगे पेंट



महानगर संवाददाता

प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज में हीटवेव से बचाने के लिए अहमदाबाद की तर्ज पर मलिन बस्तियों के घरों पर सफेद पेंट कराया जाएगा। छतों पर सफेद पेंट होने से घरों का तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक कम होने से गरीब परिवारों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी। नगर निगम स्थित प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सभागार में बुधवार को हीटवेव पर आयोजित कार्यशाला के बाद मलिन बस्तियों के घरों की छतों पर सफेट पेंट करने और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए शहरवासियों को हेटवेव से बचाव को लेकर जागरूक किया जाएगा। कार्यशाला समापन के पश्चात अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव ने बताया कि हीटवेव को देखते हुए प्रदेश सरकार के निर्देश पर नगर निगम महत्वपूर्ण कदम उठाया है। तैयार किए गए एक्शन प्लान में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के अलावा शहरवासियों को रेडियों जिंगल्स, वीडियो मेसेज के के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। हीटवेव से बचाव को लेकर की जाने वाली व्यवस्था और इसपर निगरानी के लिए शासन के निर्देश पर 18 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि अहमदाबाद में भी इसी तरह की कार्य योजना लागू की गई, जिससे वहां के लोगों को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मौसम विभाग के अतुल कुमार मिश्रा और आकाश मिश्रा ने जनवरी 2024 से मई 2025 तक प्रयागराज में तापमान ने कई बार रिकॉर्ड टूटने की जानकारी दी।

# मथुरा की शादी में दबंगों का हंगामा

## दलित दूल्हे को बग्घी से उतार दिया, फिर हुई पुलिस की एंट्री

महानगर संवाददाता

मथुरा



यूपी के मथुरा जिले में एक दलित लड़की की शादी में कुछ लोगों ने बाधा डालने की कोशिश की। यह घटना 20 मई को नौहझील थाना क्षेत्र में हुई। डीजे पर डांस के दौरान दबंगों ने बारातियों से झगड़ा किया और दूल्हे को बग्घी से नीचे उतार दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा के बीच शादी की रस्में पूरी करवाईं। शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन को पुलिस सुरक्षा में उनके घर अलीगढ़ पहुंचाया गया।

नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में कल्पना नाम की दलित लड़की की शादी थी। बारात अलीगढ़ से आई थी। बाराती डीजे पर नाच रहे थे। तभी कुछ दबंगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने बारातियों के साथ मारपीट की और दूल्हे आकाश को बग्घी से नीचे उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले को शांत कराया और शादी को संपन्न कराया। 21 मई की सुबह पुलिस टीम दूल्हा-दुल्हन को सुरक्षित उनके घर अलीगढ़ ले गई। एसपी देहात सुरेश चंद ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अगर शिकायत मिलती है, तो मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि यूपी में पहले भी दलित दूल्हों की शादी में दबंगों ने हंगामा किया है। कई मामलों में ऐसा भी हुआ है कि दलित दूल्हे की बारात अगर दबंग के घर के सामने से गुजरती है तो वे इसको लेकर मारपीट करने लगते हैं।

# प्रतापगढ़ में 4 बच्चों की बकुलाही नदी में डूबने से मौत

## सीएम योगी ने जताया दुख, राजा भैया परिवार से मिलने पहुंचे

महानगर संवाददाता

प्रतापगढ़



उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में चार बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के चैती का पुरवा बकुलाही नदी में यह हादसा हुआ है। हादसा उस समय हुआ, जब बच्चे नहाने के लिए नदी में गए थे। कुंडा और महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बच्चे नदी में नहाने के लिए गए थे, लेकिन अचानक पानी की गहराई में चले गए और डूब गए। मामला महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर गांव का है। यहां की रहने वाली तीन सगी बहने समेत पड़ोस की बच्ची गुरुवार की सुबह करीब दस बजे कुंडा इलाके के जैतीपुर बकुलाही नदी में चूल्हा और घर में लेप लगाने के लिए मिट्टी निकालने गई थी। वहीं सभी नहाने लगे। नहाते समय गहरे पानी में चली गईं, जहां डूबने से चारों की मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस

साथ गई बालिका के शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और नदी में डूबी स्वाती (13), संध्या (11), चांदनी (6) और प्रियांशी (7) को बाहर निकाला। हालांकि तब तक उनकी सांसें थम चुकी थी। परिजन शव लेकर घर चले गए, सूचना मिलने पर महेशगंज और कुंडा पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद नायब तहसीलदार अजय सिंह भी राजस्व विभाग की टीम लेकर मौके पर पहुंचे। तीन बहनों समेत चार की मौत से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

### पीड़िता परिवार को दी जाएगी आर्थिक मदद

**मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ अनिल कुमार ने बताया कि परिजनों ने बताया बच्चियां मिट्टी निकालने गई थी और फिर वो नदी में नहाने चली गई। गहरे पानी में जाने से 4 बच्चियों की मौत हो गई। पीड़ित परिवार से हमने मुलाकात की और शासन द्वारा जो मदद पीड़ित परिवार को मिल सकती है, उसको जिला प्रशासन के स्तर से सुनिश्चित कराया जाएगा।**

# 69000 शिक्षक भर्ती: कुशीनगर में 20 शिक्षक बर्खास्त



कुशीनगर। 69 हजार शिक्षक भर्ती में आवेदन के दौरान गलत डाटा भरकर चयनित शिक्षकों पर कोर्ट के आदेश के बाद कुशीनगर का बेसिक शिक्षा विभाग सख्त हुआ है। जिले में पिछले तीन चरणों में नियुक्त हुए 2209 शिक्षकों में से 20 शिक्षकों को बीएसए कुशीनगर ने चिह्नित कर बर्खास्त कर दिया है। जांच में इन शिक्षकों का मेरिट सूची और शैक्षणिक कट ऑफ में अंतर होने का मामला सामने आया है। एक साथ हुई कार्रवाई से जिले में इस भर्ती के तहत तैनात शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में 69 हजार भर्ती का विज्ञापन निकाला था। 22 दिसंबर 2018 तक आवेदन की अंतिम तारीख तय थी। भर्ती प्रक्रिया को कोर्ट के आदेश में पर तीन चरणों में पूरा किया गया। वर्ष 2018 से डेढ़ साल पूर्व तक तीन चरणों में कुल 2209 शिक्षक तैनात हुए। भर्ती में आवेदन के दौरान बीटीसी 2015 बैच के शिक्षकों ने एक विषय में बैक लगने के बावजूद मनमानी मेरिट दिखाकर आवेदन कर दिया था, जबकि उन अभ्यर्थियों द्वारा बैक पेपर देने पर बाद में नंबर मेरिट के अनुसार कम हो गया है। शिक्षक भर्ती चयन समिति ने आवेदन के दौरान फीड मेरिट के आधार पर ऑनलाइन मेरिट सूची जारी कर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से नियुक्ति पत्र का वितरण कर दिया गया। इस मामले में मेरिट सूची से छंटने वाले बीटीसी के उस बैच के कुछ अभ्यर्थियों ने चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेंद्र तिवारी ने पिछले 9 मई को बीएसए को पत्र जारी कर मेरिट सूची तथा शिक्षकों के शैक्षणिक सूची की जांच कर ऐसे शिक्षकों को चिह्नित करके बर्खास्त करने का आदेश दिया था।

### क्या बोले बीएसए

बीएसए डॉ .रामजियावन मौर्य ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत जिले में 20 शिक्षकों का चयन जारी मेरिट सूची के तहत हुआ था। सचिव के आदेश पर ऐसे शिक्षकों को चिंह्नित करके उनके शैक्षणिक अभिलेखों की जांच में मेरिट सूची के आधार पर भिन्नता प्राप्त हुई है। शैक्षिक अर्हता पूरी न करने वाले 20 शिक्षकों को सचिव के आदेश पर बर्खास्त कर दिया गया है।

# बदायूं की मेंथा ऑयल फैक्ट्री में भीषण आग

## लगातार धमाके, मेरठ-दिल्ली हाइवे किया बंद

महानगर संवाददाता

बदायूं



यूपी के बदायूं में बुधवार रात तेज आंधी के बीच उझानी के कुड़ानरसिंहपुर गांव स्थित मेंथा ऑयल फैक्ट्री में भयावह आग लग गई। फैक्ट्री में आग की लपटें व धुएं का गुबार छा गया। फैक्ट्री के भीतर रखे वायलरों में लगातार हो रहे धमाकों की आवाजों ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दौरान प्रशासन ने एहतियातन गांव को खाली करा लिया है। 100 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। घबराए ग्रामीण जान बचाने को घर छोड़कर खेतों की ओर भाग गए। आग बुझाने के लिए बदायूं के अलावा बरेली से फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों को बुलाया गया है। दमकल की कई गाड़ियां घंटों मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पा सकीं। घटना के दूसरे दिन गुरुवार की दोपहर तक आग धधकती रही। बदायूं-मेरठ-दिल्ली हाईवे को भी बंद करा दिया गया है।

भीषण आग को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए वहीं आसपास के गांव के भारी संख्या में लोग मदद के लिए पहुंच गए। जिन्होंने जल्दी-जल्दी कर ट्रैक्टर ट्रालियों से कूड़ा नरसिंहपुर गांव को खाली कराया और महिला पुरुष बच्चों व उनके जानवरों को पड़ोस के गांव संजरपुर पहुंचाया गया। बारिश के चलते रात को कूड़ा नरसिंहपुर के ग्रामीणों को रुकने के लिए संजरपुर गांव में धर्मशाला खोल दी गई। उझानी कोतवाली के कुड़ानरसिंहपुर गांव के मेंथा ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने न सिर्फ गांव को दहशत में डाला, बल्कि आसपास के इलाकों की यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। आग की विकरालता और लगातार हो रहे धमाकों को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन बदायूं-मेरठ-दिल्ली हाइवे पर ट्रैफिक रोक दिया है। आग के दौरान उठते धुएं और धमाकों से हाइवे पर चल रहे वाहनों के लिए खतरा बढ़ गया था, इसलिए तुरंत निर्णय लेते हुए बदायूं से मेरठ और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को उझानी बाईपास पर ही रोक दिया गया।

# हमीरपुर में फाइलेरिया का खतरा

- मासूम बच्चों में मिले संक्रमण के लक्षण
- स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

महानगर संवाददाता

हमीरपुर



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में फाइलेरिया बीमारी ने दस्तक दे दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान फाइलेरिया के कई गंभीर मामले सामने आए हैं, जिससे अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। कई मासूम बच्चों के खून में फाइलेरिया के माइक्रोफाइलेरिया बैक्टीरिया पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फाइलेरिया बीमारी की चपेट में बड़ी संख्या में बच्चे आ गए हैं। विशेष रूप से 6 से 7 वर्ष की उम्र के बच्चों में इस बीमारी का खतरा बढ़ता देख शासन ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की अनुमति दी है। फाइलेरिया विभाग ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जांच के लिए 14 दिवसीय विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

# आसमान से अचानक गिरने लगे सैकड़ों तोते

## इतने पक्षियों की मौत देखकर वन विभाग भी हैरान

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में बुधवार और गुरुवार की देर रात आई आंधी और बारिश के कारण बामौर वन रेंज के सिंगार गांव में सैकड़ों तोतों की दुखद मौत हो गई। सुबह के समय जब गांव में स्थित तालाब के किनारे मंदिर के निकट घायल और मृत तोते जमीन पर इधर उधर बिखरे दिखे तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों से मिली सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तोतों को एक जगह इकट्ठा किया गया। इनमें से जीवित और जख्मी तोतों को बामौर के पशु स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में घायल पड़े या मृत पड़े तोतों की खोज के लिए वन विभाग के कर्मचारी तैनात कर दिए गए। बताया जा रहा है कि मंदिर के निकट पेड़ों पर बड़ी संख्या में तोते रहते थे। देर रात आई तेज आंधी और बारिश की मार ये तोते नहीं झेल सके और बुरी तरह जख्मी होकर जमीन पर बिखर गए। इस आंधी और बारिश ने तोतों पर बुरा कहर ढाया और सैकड़ों की संख्या में तोते पंख चोटिल होने के कारण जमीन पर गिरकर और अधिक जख्मी हो गए।

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर सीएम योगी ने कहा

# जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोचें

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गुरुवार को यूपी में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहे। वन मंत्री अरुण सक्सेना के अलावा विभाग के राज्यमंत्री केपी मलिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वन व जैव विविधिता से संबंधित विभागों के अतिरिक्त कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन, व पंचायती राज विभाग के अधिकारी, अनुसंधान संस्थान, विश्वविद्यालयों और जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में करने वाली संस्थाएं शामिल रहीं। इस वर्ष की जैव विविधता दिवस की विषयवस्तु 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रकृति प्रदत्त वरदानों का उपभोग कर



आध्यात्मिक तथा भौतिक प्रगति करता है। प्रकृति से प्राप्त लाभों की निरन्तरता बनाये व बचाए रखने हेतु विद्यमान प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा तथा प्रकृति मित्र जीवनशैली अपनाकर इन संसाधनों का विस्तार करना प्रत्येक व्यक्ति का संवैधानिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दायित्व है। प्रदेश सरकार जैव विविधता को सुरक्षित रखते हुए तीव्र गति से विकास हेतु प्रतिबद्ध है। जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरुआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्ड होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था।

# विवाह रजिस्ट्रेशन नियम में करें संशोधन

## हाईकोर्ट का यूपी सरकार को निर्देश

महानगर संवाददाता

प्रयागराज।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जाली दस्तावेजों के जरिए शादी कराने वाले गिरोह पर और घर से भागकर शादी के बाद मानव तस्करी, यौन शोषण और जबरन श्रम जैसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम 2017 को संशोधित करने के निर्देश दिए हैं और इसके लिए छह महीने का समय निर्धारित किया है। कोर्ट ने कहा कि विवाह की वैधता और पवित्रता को बनाए रखने के लिए नियम में संशोधन करने की आवश्यकता है। कोर्ट ने कहा कि सत्यापन योग्य विवाह पंजीकरण तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शनिदेव व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने यह आदेश जाली दस्तावेजों के जरिए शादी कराने वाले संगठित गिरोह का खुलासा होने पर दिया है। कोर्ट के समक्ष घर से भागकर शादी करने वाले करीब 125 अलग-अलग मामलों की सुनवाई के दौरान कई विसंगतियां आईं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि सुरक्षा के लिए अदालतों में विवाह के फर्जी प्रमाण पत्र दिए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि गवाहों के रूप में नामित व्यक्ति के नाम भी काल्पनिक पाए गए। सुनवाई के दौरान पाया गया कि कई मामलों में तो वास्तव में विवाह हुआ ही नहीं था। विवाह प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्थाओं का कोई अता पता नहीं था। कोर्ट ने कहा कि वयस्क होने पर निःसंदेह सभी को जीवन साथी चुनने का अधिकार है लेकिन इस अधिकार का प्रयोग वैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करके नहीं किया जा सकता।

# एक तरफ नशोड़ियों का जमावड़ा, दूसरी ओर से पुलिस की गाड़ी

## डरकर भागे युवक की कुएं में गिरकर मौत

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज में पुलिस की गाड़ी देखकर डर से भागते एक युवक की सड़क किनारे कुएं में गिरने से मौत हो गई। विजय प्रकाश नाम का 25 साल का यह युवक अपने घर से कुछ दूरी पर एक गुमटी के पास बैठा था। वहीं पास में कुछ नशेड़ियों का जमावड़ा लगा था। इसी दौरान रात में गश्त पर निकली पुलिस की गाड़ी की लाइट देखकर नशेड़ी वहां से भागने लगे। नशेड़ियों को भागते विजय प्रकाश भी डर गया। वह भी भागने लगा और भागते-भागते सड़क किनारे एक कुएं में गिर गया। पुलिस को उसके कुएं में गिरने की जानकारी मिली तो तत्काल वहां पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की मदद से विजय को कुएं से निकाला गया। उसे आनन-फानन में एसआरएन हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना, प्रयागराज के करेली थाना क्षेत्र के करेंहदा क्षेत्र की है। विजय प्रकाश जिनकी मौत हुई उनके बारे में पता चला है कि पारिवारिक स्तर पर वह काफी परेशान चल रहे थे। विजय की पत्नी काफी समय पहले उन्हें छोड़कर चली गई थी। उनकी कोई संतान भी नहीं है।

# सुहागरात पर दुल्हन की चाल से चित हो गया दूल्हा

## बेडरूम का हाल देख घर वालों ने पकड़ लिया माथा

महानगर संवाददाता

अलापुर (बदायूं)



शादी-बारात में दूल्हा-दुल्हन को लेकर तरह-तरह के किस्से सुनने को मिल रहे हैं। कई केस ऐसे भी हैं जिन्हें याद करके ही रूह कांप जा रही है। कुछ ऐसा ही एक मामला यूपी के बदायूं से जिले से सामने आया है। यहां एक घर में नई नवेली दुल्हन ने कदम रखा तो खुशियों की बहार थी, लेकिन किसी को क्या पता था कि ये बहार एक तूफान से पहले की खुशी है। दुल्हन ने सुहागरात पर ऐसी चाल चली, जिससे दूल्हा पूरी तरह से चित हो गया और बेहोश होकर बेडरूम में ही गिर गया। दुल्हन की चाल कोई समझ नहीं पाया। अगले दिन जब घर वालों ने बेडरूम का नजारा देखा तो सबने अपना माथा पकड़ लिया। घर से जेवर, नगदी और कीमती कपड़े गायब थे। दुल्हन भी कहीं नहीं दिखी तो सबकुछ समझ आ गया। पीड़ित परिजनों ने जब होश संभाला तो पुलिस से गुहार लगाई, साथ ही दो रिश्तेदारों पर शक जताया है कि उन्होंने ही दुल्हन को भागने में मदद की। गांव में घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

मामला बदायूं जिले के अलापुर थाना क्षेत्र के चंदी फाजिल नगला गांव का है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने बेटे की शादी 19 मई को सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के शेखूपुर निवासी रिश्तेदार व बिचौलिया ने डेढ़ लाख रुपये लेकर बिहार की एक युवती से शादी कराई थी। दूल्हा ने बताया कि दुल्हन पहली रात तो घर पर रुकी, लेकिन दूसरी रात को ही घर में रखे 10 हजार रुपये नगद, एक जोड़ी सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, चांदी की पायल और कीमती कपड़े लेकर फरार हो गई। परिजनों का कहना है कि दुल्हन ने पति को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया था, जिससे वह बेसुध हो गया, वहीं शादी की थकावट के चलते बाकी परिवार गहरी नींद में था।

# अयोध्या में 3 जून से दूसरी प्राण प्रतिष्ठा

## रामलला के बाद अब राम मंदिर में किनके स्वागत की तैयारी?

**अयोध्या।** राम मंदिर में दूसरी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। अयोध्या में तीन जून से एक बार फिर भव्य उत्सव मनाया जाएगा। पिछली बार 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम लला (बाल राम) की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था। अन्य नव निर्मित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक समारोह उसी दिन किया जाएगा। इस बार राम दरबार सहित अन्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियों को भवन-निर्माण समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र अंतिम रूप प्रदान करेंगे। इस मौके पर सम्बन्धित निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति के सत्यापन के साथ समीक्षा



बैठक यहां गुरुवार से शुरू होगी। इस बैठक के लिए समिति चेयरमैन मिश्र भी यहां गुरुवार को मध्याह्न अयोध्या पहुंचेंगे। तीन दिवसीय इस बैठक के पहले सत्र में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण होगा। इसके बाद पहले और दूसरे तल सहित परकोटा के छह मंदिरों के निर्माण के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही राम मंदिर के लोअर प्लिंथ में निर्माणाधीन म्यूरल पेंटिंग व स्टोन पैनल के अलावा सप्त मंडपम के मंदिरों के निर्माण की समीक्षा होगी। इसके अतिरिक्त राम मंदिर की लाइटिंग व मंदिर पर लाइटनिंग अरेस्ट की भी समीक्षा की जाएगी। विशेष बात यह भी राम मंदिर में आवागमन की सीढ़ियों पर लगाई गई रेलिंग के अतिरिक्त कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त पत्थरों के रिप्लेसमेंट की भी समीक्षा होगी। वहीं सप्त मंडपम से परकोटा को जोड़ने वाले कॉरिडोर के साथ राम मंदिर के पश्चिम में परकोटा से जोड़ने के लिए निर्माणाधीन सेतु एवं दर्शनार्थियों के जूता-चप्पल रखने के लिए स्टैंड के निर्माण की स्थिति से भी समिति चेयरमैन रूबरू होंगे।

### नौ सौ करोड़ की लागत से बनेगा भरत पथ

**जहां भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी लीलाओं की गाथाएं हर कण में बसी हैं, वहां अब एक और भव्य मार्ग का उपहार मिलने जा रहा है। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है।**

# महराजगंज में 2018 में लव मैरिज, सात माह में 25 शादियां

## लुटेरी दुल्हन के खेल से सब हैरान

महानगर संवाददाता

महराजगंज

उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले से एक चौंकाने वाला ठगी का मामला सामने आया है। जिले की एक युवती ने अपने पति के साथ मिलकर शादी के नाम पर लोगों को ठगने का संगठित गिरोह खड़ा कर दिया। इस युवती ने पिछले सात महीनों में 25 शादियां कीं। हर बार शादी के कुछ ही दिन बाद घर से नकदी, जेवर और मोबाइल लेकर फरार हो जाती थी। आखिरकार, राजस्थान पुलिस ने इस महिला को मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। महराजगंज पुलिस को मामले की जानकारी नहीं है। हालांकि, घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।



### 2018 में किया था लव मैरिज

मामला महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने पति को धोखा दिया और एक लड़के के प्रेम में पड़ गई। महिला ने वर्ष 2018 में नौतनवा इलाके के एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया। रिश्तेदारी में पहले से संबंध होने के कारण दोनों ने घर से भागकर शादी की। कुछ समय बाद यह जोड़ा गांव लौट आया। एक साल साथ रहा। इस दौरान महिला के आचरण से ससुराल वाले परेशान हो गए। ससुराल वालों ने उसे घर से अलग कर दिया। इसके बाद दोनों गांव के पास एक खाली घर में रहने लगे। इसी दौरान दोनों ने मिलकर शादी वाला गैंग शुरू करने की योजना बनाई।

### 2021 में गायब हुए दोनों

गांव के लोगों का कहना है कि वर्ष 2021 में यह दंपती अपनी छह साल की बेटी को गांव में छोड़कर बिना बताए गायब हो गई। हालांकि, वह अपने साथ बेटे को ले गई। बाद में पता चला कि उन्होंने भोपाल में अपना नया ठिकाना बनाया है। वहीं से ठगी के एक बड़े नेटवर्क की शुरुआत की।

# पहली बार पहनने जा रही हैं साड़ी

## ये टिप्स करें फॉलो



किसी खास मौके पर ज्यादातर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। लेकिन पहली बार साड़ी पहनते समय कुछ महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते कई बार न चाहते हुए भी साड़ी पहनने का प्लान कैंसिल करना पड़ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि पहली बार साड़ी कैरी करने से पहले कुछ चीजों पर ध्यान दिया जाये।बता दें कि पहली बार साड़ी पहनते समय साड़ी की फैब्रिक और वेट से लेकर, प्लीट्स बनाने और पल्लू संभालने तक कई तरह की दिक्कतें सामने आती हैं। लेकिन कुछ टिप्स को फॉलो करके आप आसानी के साथ मिनटों में साड़ी कैरी कर सकती हैं और परफेक्ट लुक में नजर आ सकती हैं।

**प्री-प्लीट्स ऑप्शन ट्राई करें**

साड़ी कैरी करते समय अगर आपको प्लीट्स बनाने में दिक्कत आती है। तो ऐसे में आप साड़ी को पहले से ही प्लीट कर सकती हैं। इस तरह से साड़ी कैरी करने में आपको काफी आसानी होगी और आप मिनटों में अच्छी तरीके से साड़ी पहन सकेंगी। इतना ही नहीं साड़ी में आपका लुक भी एकदम परफेक्ट नजर आएगा।

**साड़ी को पिन जरूर करें**

साड़ी को संभालने और परफेक्ट लुक के लिए इसे अच्छी तरीके से पिन करना जरूरी है। इसके लिए आप पल्लू के साथ ही प्लीट्स को भी पिन करना न भूलें। इससे आपको साड़ी संभालने में आसानी होगी और प्लीट्स के खुलने का डर भी नहीं रहेगा। इसके साथ ही साड़ी को पिनअप करने से आपका लुक भी काफी ऑर्गेनाइज्ड दिखाई देगा।

**हैवी ब्लाउज कैरी न करें**

अगर आप पहली बार साड़ी पहन रही हैं तो बेहतर होगा कि आप ज्यादा हैवी ब्लाउज कैरी न करें। अगर आप चाहें तो साड़ी में यूनीक लुक कैरी करने के लिए लाइट वेट ब्लाउज के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप शर्ट स्टाइल ब्लाउज, क्रॉप टॉप ब्लाउज या फिर स्पेगेटी ब्लाउज का चुनाव करें।

# बच्चों की मेंटल हेल्थ को कैसे प्रभावित करती है पेरेंट्स की सख्ती



हम सभी ने बचपन में कभी न कभी अपने माता या पिता से डांट जरूर खाई होगी। बच्चों को अनुशासन सिखाने के लिए अक्सर कई पेरेंट्स उनके साथ सख्ती से पेश आते हैं। दरअसल, कई माता-पिता का ऐसा मानना होता है कि बच्चों की सही परवरिश और उन्हें जिम्मेदार बनाने के लिए सख्त अनुशासन बेहद जरूरी है। हालांकि, जरूरत से ज्यादा सख्त अनुशासन और हर बात पर डांटने से बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। हाल ही में इसे लेकर एक स्टडी भी सामने आई है।

बच्चों के मेंटल हेल्थ पर पेरेंटिंग स्टाइल पूरी तरह से निर्भर नहीं करती है। बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य कई जोखिम कारकों के आधार पर आकार लेता है, जिनमें लिंग, शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक स्थिति आदि शामिल हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि कैसे जरूरत से ज्यादा अनुशासन आपके बच्चे पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

**भरोसे की कमी :** अगर आप उन पेरेंट्स में से हैं, तो बच्चों से जुड़े सभी फैले खुद ही लेना पसंद करते हैं, तो अपनी इस आदत को बदल लें। बच्चों से जुड़े फैसलों में उनकी राय लेना बेहद जरूरी है, लेकिन अगर आप उनकी राय नहीं लेते हैं, तो इससे उन्हें अपनी इच्छाओं और भावनाओं को पहचानने में दिक्कत होने लगती है और वह खुद पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते।

**आत्मविश्वास में कमी :** अगर आप अपने बच्चे के साथ जरूरत से ज्यादा सख्ती से पेशा रहे हैं, तो इससे उनके मानसिक विकास पर भी गहरा असर पड़ता है। अक्सर ऐसे बच्चों में आत्म-विश्वास कमी देखने को मिलती है।

# हल्दी सेहत के लिए लाभकारी



हल्दी एक ऐसा मसाला है, जो खाने का रंग और स्वाद दोनों ही बढ़ा देता है। इसका इस्तेमाल सिर्फ खाना पकाने तक ही सीमित नहीं है। असल में इस मसाले में ऐसे औषधि गुण होते हैं, जो स्किन निखारने से लेकर घाव भरने तक में काम आते हैं। हल्दी में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फाइबर, आयरन, कॉपर, जिंक, फास्फोरस, जैसे मिनरल्स मौजूद होते हैं। वहीं हल्दी में विटामिन - B-6, विटामिन - C, विटामिन - E, विटामिन - K जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। इसलिए आप हल्दी का पानी खाली पेट पी लेते हैं तो कई तरह की परेशानियों से आपको आराम मिल सकता है। स्किन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप हल्दी पानी का सेवन जरूर करें। इसमें मौजूद इन्फ्लामेट्री गुण दाग धब्बों को जड़ से खत्म करने में मदद करते हैं। आप चाहें तो हल्दी में नींबू और शहद मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे आप फेस की झुर्रियों और फाइन लाइंस से छुटकारा पा सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल करे कंट्रोल**

अगर आपके शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ गया है, तो रोज खाली पेट ये पानी पीना शुरू कर दीजिए। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक होने का जोखिम कम हो सकता है। वहीं इस पानी से चलने फिरने में होने वाली परेशानी से निजात मिल सकती है।

**पाचन रखे दुरुस्त**

पाचन दुरुस्त करने के लिए आप हल्दी वाला पानी गरम करके पीना शुरू कर सकते हैं। इससे मेटाबॉलिज्म (metabolism) भी मजबूत होता है। इस पानी को पीने से जोड़ों का दर्द भी कम होता है।

**मुंह के छाले करे ठीक**

हल्दी पानी से मुंह के छालों से राहत मिलती है। बस आपको एक गिलास पानी में 2 चम्मच हल्दी डालकर उबाल लेना है, फिर ठंडा करके उससे गलाला करना है। यह तुरंत असर करेगी।

# लौंग असली है या नकली कैसे करेंगे पहचान



रोज एक लौंग खाली पेट खाने से मुंह से बदबू नहीं आती है। इससे आपको रिफ्रेशमेंट मिलती है। साथ ही यह आपकी पाचन शक्ति को भी मजबूत करता है। लौंग एक ऐसा मसाला जो किचन में आसानी से मिल जाएगा। इसका इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने से लेकर सर्दी खांसी (cold cough) में राहत पाने के काम आता है। लेकिन इस मसाले की खपत ज्यादा होने के कारण बाजार में यह नकली भी आने लगा है। ऐसे में इसकी पहचान कैसे की जाए इसके बारे में यहां पर आपको बताने वाले हैं, ताकि आप नकली लौंग खरीदने से बच जाएं। लौंग असली है या नकली इसकी पहचान करने के लिए आपको एक गिलास पानी में लौंग को डालना है। अगर लौंग पानी में तौर नहीं रही है गिलास में नीचे बैठ गई है, तो फिर आप समझ जाइए असली है।

**लौंग के पोषक तत्व**

कार्बोहाईड्रेट 61.21 ग्राम, प्रोटीन 5.98 ग्राम, फ़ैट 20।07 ग्राम, उर्जा 323 किलोकैलोरी, फ़ाइबर 34।2 ग्राम, कैल्शियम 646 मिलीग्राम, आयरन 8.68 मिलीग्राम, पोटैशियम 1102 मिलीग्राम, फॉस्फोरस 105 मिलीग्राम, मैग्नीशियम 264 मिलीग्राम, सोडियम 243 मिलीग्राम, कॉपर (तांबा) 0.347 मिलीग्राम, जिंक 1.09 मिलीग्राम, सेलेनियम 5.9 माइक्रोग्राम, मैंगनीज 30.033 मिलीग्राम, विटामिन C 80.8 मिलीग्राम, राइबोफ्लेविन 0.267 मिलीग्राम, थायमिन 0.115 मिलीग्राम, विटामिन B6 0.590 मिलीग्राम, नियासिन 1.458 मिलीग्राम, विटामिन A 530 अंतरराष्ट्रीय यूनिट, विटामिन E 8.52 मिलीग्राम, विटामिन K 141.8 माइक्रोग्राम, फ़ैटी एसिड, टोटल सैचुरेटेड 5.438 ग्राम, फ़ैटी एसिड, टोटल मोनोसैचुरेटेड 1.471 ग्राम, फ़ैटी एसिड, टोटल पॉलिअनसैचुरेटेड 7.088 ग्राम।

**लौंग के फायदे**

- ✓ रोज एक लौंग खाली पेट खाने से मुंह से बदबू नहीं आती है। इससे आपको रिफ्रेशमेंट मिलती है। साथ ही यह आपकी पाचन शक्ति को भी मजबूत करता है।
- ✓ सर्दी खांसी से परेशान होते हैं या फिर किसी इनफेक्शियस डिजीज से तो उसमें भी लौंग बहुत सहायक होती है। यह आपको तुरंत आराम दिलाने का काम करती है। यह कब्ज, एसिडिटी, अपच और पेट में अल्सर जैसी परेशानी में भी आराम दिलाने का काम करता है।
- ✓ इसको सुबह खाली पेट खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त होती है। इसमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होता है, जो संक्रमित बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।
- ✓ वहीं, लौंग खाने से दांत का दर्द भी दूर होता है। क्योंकि इसमें यूजेनॉल नाम का दर्द निवारक तत्व पाया जाता है। इससे साइनस की भी समस्या से निजात मिलती है। इसके अलावा लौंग लिवर की भी परेशानी से निजात दिलाने का काम करता है। लौंग से कान का दर्द भी ठीक होता है। जब आपको कान में दर्द महसूस हो तो आप इसका तेल कान में डालकर राहत पा सकते हैं।

# बरसात में खुजली और घमौरियों से बच्चों को बचाना बहुत जरूरी



**बरसात के मौसम में गर्मी और नमी एक साथ होती है। ऐसे में बड़ों से अधिक छोटे बच्चों की स्किन प्रभावित होती है। उनकी नाजुक स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए इन बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।**

**स्नान जरूरी:** बेबीसेंटर के मुताबिक, बरसात के मौसम में छोटे बच्चों की त्वचा पर खुजली और घमौरियों की समस्या आम है। इसकी वजह से वे चिड़चिड़ाते रहते हैं और रोने लगते हैं। ऐसे में मॉनसून में उनकी स्किन को अधिक हाइजीन की जरूरत होती है जिससे नमी की वजह से होने वाले संक्रमण के खतरे को रोका जा सके। ऐसे में बच्चे को दिन में एक से दो बार जरूर नहलाएं। इससे गंदगी साफ हो जाएगी और खुजली व घमौरियों का खतरा कम हो जाएगा।

**मालिश जरूरी:** बच्चे की त्वचा को संक्रमण से बचाने के लिए अच्छे क्वालिटी का तेल लगाएं और मालिश करें। आप इसके लिए नारियल तेल, जोजोबा ऑयल, बादाम तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि तेल लगाने के कुछ देर बाद उन्हें नहला भी जरूर दें। इससे स्किन पर नमी भी रहेगी और संक्रमण की गुंजाइश भी नहीं रहेगी। आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

**सही कपड़े जरूरी:** बरसात के मौसम में बच्चों को आरामदायक, ब्रीथेबल और सूखे कपड़े ही पहनाना चाहिए। ऐसा करने से स्किन पर पसीना अटकेगा नहीं और वे हवादार बने रहने की वजह से खुजली या रैश से बचे रहेंगे।

**हाइजीन का रखें ख्याल:** मानसून में संक्रमण काफी तेजी से फैलता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप उनके हाइजीन को लेकर अधिक सतर्क रहें। आप खुशबूदार साबुन की जगह नीम या डॉक्टर के बताए मेडिकेटेड सोप का इस्तेमाल करें।

**ड्राई रखें कपड़े:** गीले कपड़ों में रहने से रोकें। अगर वे अपना कपड़ा गीला कर लिये हैं तो तुरंत उनका कपड़ा बदल लें और ड्राई कपड़ा पहनाएं।

# पार्टनर आपसे खुश है या नहीं ऐसे लगाएं पता

एक समय के बाद हम सभी के रिलेशनशिप में थोड़ी बहुत परेशानियां आती हैं। मगर इसके बावजूद भी हम रिश्ते को हैप्पी बनाने के लिए अपना बेस्ट देते हैं। बहुत बार लोगों के लिए यह भी समझ नही आता है कि क्या जिसके साथ वो समय बिता रहे हैं, वो उनसे खुश भी है या नहीं। इसी को देखते हुए हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ टिप्स, जिनकी मदद से आप अपने रिलेशनशिप के बारे में गहराई से पहचान पाएंगे। हमसे जब कोई प्यार करता है, तो उसके लिए हमसे जुड़ी हर एक बात मायने रखती है।



**क्या आपका पार्टनर बातें छुपाता है?**

अगर आपका पार्टनर आपसे बातें छुपा रहा है, तो यह भी विचारणीय स्थिति है। दरअसल बातें छुपाने का मतलब है कि आपके पार्टनर और आपके बीच में गेप है। आपका पार्टनर ऐसा क्यों कर रहा है, यह जानने के लिए आपको उनके साथ समय बिताना होगा। साथ ही उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि आप उन्हें समझते हैं। तभी आपका पार्टनर आपके साथ हैप्पी रह पाएगा।

**विश्वास होना क्यों है जरूरी**

रिश्ते में विश्वास होना भी दिखाता है कि आपका रिलेशनशिप हैप्पी है। अगर आपका पार्टनर आप पर आपकी बातों पर विश्वास नहीं कर पा रहा है, तो मतलब आपके रिश्ते में कुछ कमी है, जिस पर काम करने से ही आप हैप्पी रह पाएंगे।

**रिश्ते में क्वालिटी टाइम क्यों जरूरी है**


जब कोई साथी आपसे प्यार करता है, तो वह आपके साथ कुछ समय का क्वालिटी टाइम जरूर बिताता है। अगर आपका पार्टनर आपको कुछ मिनटों का भी समय नहीं दे रहा है और उसकी प्रयामिकता अलग है, तो यह भी दिखाता है कि वो खुश नहीं है।

# जल्दी डिनर करने के फायदे

**देर से रात का खाना खाने से वजन बढ़ता है और ब्लड शुगर का लेवल भी खराब होने का खतरा रहता है। ऐसे में चलिए जान लेते हैं 7 बजे से पहले डिनर करना सेहत के लिए कितना ठीक है। डिनर जल्दी करने से वजन को कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन केवल भोजन के समय के आधार पर वजन को घटाया जा सकता है इसका अब तक कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन जल्दी खाने के कुछ फायदे भी हैं-**

**पाचन रहे दुरुस्त -** अगर आप जल्दी डिनर कर लेते हैं तो फिर आपका पाचन बेहतर रहेगा। अपच, ब्लोटिंग की परेशानी नहीं होगी। वहीं, आपका शरीर डिटॉक्स भी अच्छे से होगा।

**ब्लड शुगर करे कंट्रोल -** जल्दी रात का खाना इंसुलिन के प्रोडक्शन को बेहतर करता है। डिनर जल्दी करने से आपके शरीर में हाई ब्लड शुगर का जोखिम कम करता है। इससे ग्लाइसेमिक नियंत्रण में मदद मिलती है।



**नींद होती है अच्छी -** रात का खाना जल्दी खाने से आपका शरीर रात के में आराम की स्थिति में आ जाता है, जिससे नींद में किसी तरह का खलल नहीं पड़ता है।

**दिल रहे हेल्दी -** वहीं, डिनर जल्दी करने से आपके दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। इसके अलावा जल्दी रात का भोजन कर लेने से आपका चयापचय हार्मोन बेहतर होता है।

# कुकर की सीटी से जुड़ी परेशानियों से पाएं निजात



किचन में काम करते समय सबसे बड़ी परेशानी होती है कुकर में सीटी लगाना। अक्सर कुकर के सीटी ना देने के कारण खाना कई बार जल जाता है। यहां तक की कुकर से दाल बाहर बहने लग जाती है, सीटी देने की बजाय। इन सारी परेशानियों से महिलाएं रोज दो चार होती हैं। ऐसे में आपको यहां पर कुछ आसान टिप्स देने जा रहे हैं जिससे कुकर की सीटी से जुड़ी परेशानियों से निजात मिल जाएगी।

1. कुकर की सीटी सही से आए इसके लिए आपको कूकर की ढक्कन को सही से साफ करना जरूरी है। अगर उसमें खाना फंस जाता है तो फिर सीटी सही से नहीं आती है।
2. आप जब भी कुकर साफ करें सीटी को अच्छे से ब्रश की मदद से क्लीन कर लीजिए। इससे कुकर सीटी अच्छे से देगा। कई बार कुकर फट भी जाता है प्रेशर की वजह से।
3. आप सीटी को गरम पानी में भिगोकर ब्रश की मदद से अच्छे से साफ कर लीजिए। फिर देखिए कैसे कुकर सीटी फटाफट देता है। वहीं, आप कुकर के ढक्कन पर टिश्यू पेपर लगाकर रखिए। दाल के पीले दाग ढक्कन पर नहीं पड़ेंगे।
4. इसके अलावा ढक्कन की रबड़ भी कारण हो सकती है। अगर रबड़ ढ़ीली होती है तो फिर एयर नहीं बन पाता है। जिससे कुकर सीटी नहीं देता है अच्छे से। तो आगे से जब रबड़ ढीली हो जाए तो उसे बदल दीजिए।

# चेहरे पर फेस वॉश करने का सही तरीका

स्किन केयर की शुरुआत होती है चेहरा धोने या स्किन क्लिंजिंग के साथ और चेहरे की सफाई के लिए फेस वॉश का इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि यह क्लिंजिंग मिल्क या साबुन की तुलना में इस्तेमाल में आसान होता है। एक अच्छा फेस वॉश ना केवल स्किन की झटपट सफाई करने में मदद करता है बल्कि यह स्किन पोर्स में छुपी गंदगी को भी साफ करता है। लेकिन, अगर फेस वॉश का सही तरीके से इस्तेमाल ना किया जाए तो इससे मेकअप लगाने में भी दिक्कतें आ सकती हैं। इसी तरह मॉश्चराइजर जैसी जरूरी स्किन केयर प्रॉडक्ट्स को त्वचा पर लगा पाना भी मुश्किल हो सकता है। पर लोग अक्सर ये गलतियां कर जाते हैं और वे सही तरीके से फेस वॉश को यूज नहीं कर पाते। सबसे पहले समझें कि चेहरे की सफाई क्यों की जानी चाहिए। सुबह और शाम को चेहरे फेस वॉश से धोने के अलावा दिन में जब भी त्वचा चिपचिपी महसूस हो या चेहरे पर धूल-मिट्टी दिखे तो चेहरे को फेस वॉशसे साफ करें। चेहरे की त्वचा को फ्रेश दिखाने के लिए किसी मिस्ट या स्प्रे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। चेहरे की सफाई के करते समय इन बातों का ध्यान रखें-

- फेस वॉश के इस्तेमाल से पहले और चेहरे को छूने से पहले अपने हाथों को साबुन और पानी से साफ करें।
- चेहरे की सफाई के लिए हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। लेकिन, कभी भी बहुत गर्म पानी से चेहरा ना धोएं।
- किसी भी तरह के क्लिंजरका इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी से एक बार धो लें और उसे पोंछकर साफ कर लें।
- फेस वॉश की केवल 3-4 बूंदे ही चेहरे की सफाई करने के लिए काफी होते हैं। बहुत अधिक मात्रा में फेस वॉश लगाने से स्किन को नुकसान पहुंच सकता है और वह ड्राई बन सकती है।
- चेहरे पर फेस वॉश लगाने के बाद लगभग 1-2 मिनट चेहरे की मालिश करें। उसके बाद चेहरे को पानी से धोएं।
- सफाई करते समय चेहरे के साथ-साथ गर्दन और कानों की भी सफाई कर सकते हैं।
- फेस वॉश धोने के बाद चेहरे पर हल्के गुनगुने पानी से छींटे मारें।
- चेहरे की सफाई करते समय आंखों और आसपास की त्वचा का खास ख्याल रखें।
- सफाई के बाद चेहरे को तौलिए से थपथपाकर पोंछें - और त्वचा को खुद से सूखने दें। कभी भी चेहरे को रगड़कर ना सूखाएं।



# IPL 2025 के प्लेऑफ से पहले भिड़ेंगे RCB और SRH



**लखनऊ।** आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से पहले एक बड़े घटनाक्रम में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच बहुप्रतीक्षित 65वां मैच, जो मूल रूप से 23 मई को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाला था, कथित तौर पर प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण लखनऊ में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय संभवतः पिछले कुछ दिनों में बेंगलुरु में हुई भारी बारिश के बाद लिया गया, जिससे मैदान की स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई और खिलाड़ियों की सुरक्षा और मैच की निरंतरता को लेकर चिंताएँ पैदा हो गईं। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने शहर के लिए लगातार बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे अधिकारियों को निर्बाध प्रतियोगिता सुनिश्चित करने के लिए मैच को स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह मैच अब उसी तारीख 23 मई को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 19 मई को इकाना स्टेडियम में एलएसजी का सामना करने के बाद, एसआरएच को आरसीबी के खिलाफ आगामी मुकाबले के लिए लखनऊ में ही रहने की सलाह दी गई है। आरसीबी अब सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से एकाना स्टेडियम लखनऊ में भिड़ेगी, तथा एलएसजी के खिलाफ उसका अंतिम मैच 27 मई को होगा। जहां SRH का लक्ष्य अपनी मजबूत फॉर्म को जारी रखना होगा, वहीं RCB अपनी यात्रा के बाद फिर से संगठित होकर इस नए स्थल का अधिकतम लाभ उठाना चाहेगी। आरसीबी का कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आखिरी घरेलू मैच शुक्रवार को बेंगलुरु में लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना धुल गया था।



# श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं, सतीश करुणाकरण भी बाहर हो गए। उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से




पराजय मिली। युगल स्पर्धा में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मैयो की जोड़ी के खिलाफ 21-17, 18-21, 21-15 से जीत के साथ मिश्रित स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला चीन के जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की जोड़ी से होगा।




# सूर्यकुमार ने बेहतरीन पारी खेली : अजय जडेजा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की 59 रनों की विशाल जीत की नींव रखने के लिए सूर्यकुमार यादव और नमन धीर की सराहना की, जिससे अंतिम प्लेऑफ में जगह पक्की हो गई। सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली, जिसमें चार छक्के और सात चौके शामिल थे, जबकि धीर ने आठ गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में 180/5 का स्कोर बनाया। इसके बाद मिशेल सेंटनर और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे डीसी 121 रनों पर ऑल आउट हो गई और पांच बार की चैंपियन नॉकआउट चरण में पहुंच गई। जडेजा ने कहा, 'वे जानते थे कि उन्हें क्या करना है, लेकिन उन्होंने अंत में खुद को बहुत अधिक छोड़ दिया था। फिर भी, ये दोनों अविश्वसनीय थे। मुझे लगता है, सूर्यकुमार यादव ने एक असाधारण पारी खेली, लेकिन यह नमन धीर थे, जिन्होंने इसे बदल दिया। 19वें ओवर में सूर्य को स्ट्राइक मिलने से पहले नमन ने पहले ही लगातार तीन छक्के जड़ दिए थे जिसमें पार्क के बाहर कुछ धीमे छक्के भी शामिल थे। फिर, अंतिम ओवर में सूर्या ने उस ट्रेडमार्क शॉट से शुरुआत की और बस हावी हो गए।' उन्होंने कहा, 'गेंदबाजों के पास उन दोनों का कोई जवाब नहीं था।



# आज नीरज और वेबर फिर आमने-सामने

## दोनों ने दोहा में 90+ मीटर भाला फेंक कर मचाया था तहलका

**चोरजोव (पोलैंड)।** पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर एक बार फिर आमने सामने होंगे। दोनों ही शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।





# प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी मुंबई इंडियंस

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के 63वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का कर लिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। अक्षर इस मुकाबले में नहीं खेल रहे थे। उनकी जगह फाफ डु प्लेसिस कप्तानी कर रहे थे। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्या की 73 रनों की तूफानी पारी के दम पर दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में उतरी दिल्ली 121 रन ही बना सकी। बुमराह और सैंटनर ने कमाल की गेंदबाजी की। इसके दम पर मुंबई ने 59 रन से ये मैच जीत लिया।



### ऐसी रही दिल्ली की बल्लेबाजी

181 रनों के जवाब में उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में दीपक चाहर ने कप्तान फाफ को पवेलियन का रास्ता दिखाया। फाफ के बल्ले से 6 ही रन निकले.इसके बाद तीसरे ही ओवर में बोल्ट ने केएल राहुल को भी आउट कर दिया। फिर अभिषेक पोरेल भी कमाल नहीं दिखा सके और उन्हें विल जैक्स ने चलता किया। इसके बाद सैंटनर ने विप्रज को आउट किया और 10वें ओवर में दिल्ली को 5वां झटका लगा जब स्टब्स को बुमराह ने आउट किया। इसके बाद समीर रिजवी और आशुतोष में अच्छी साझेदारी पनप रही थी लेकिन 15वें ओवर में सैंटनर ने उन्हें भी चलता किया। समीर के बल्ले से 39 रन निकले। इसी ओवर में सैंटनर ने आशुतोष को भी पवेलियन का रास्ता दिखाकर मुंबई का दावा मजबूत कर दिया. इसके बाद बुमराह ने 16वें ओवर में माधव को भी चलता किया और दिल्ली को 8वां झटका दे दिया। इसके बाद 18वें ओवर में कर्ण शर्मा ने दिल्ली को 9वां झटका दिया और कुलदीप को आउट कर दिया. कुलदीप के बल्ले से केवल 7 रन ही निकले।

### ऐसी रही मुंबई की बल्लेबाजी


पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद शानदार रही। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी की। लेकिन तीसरे ही ओवर में मुंबई को पहला झटका लगा जब रोहित शर्मा 5 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इसके बाद विल जैक्स और रिकेल्टन ने अच्छी साझेदारी की। 5 ओवर में टीम का स्कोर 46 पर पहुंचा दिया। लेकिन छठे ओवर में विल जैक्स अपना विकेट गंवा बैठे. जैक्स ने 21 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में रिकेल्टन को कुलदीप यादव ने चलता किया। रिकेल्टन के बल्ले से 25 रन निकले। इसके साथ ही कुलदीप यादव ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। 10 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 80-3 था। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई।लेकिन 15वें ओवर में मुंबई को चौथा झटका लगा जब तिलक वर्मा 27 रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार बने. इसके बाद हार्दिक पंड्या भी कुछ कमाल नहीं कर सके। लेकिन एक छोर पर सूर्या टिके रहे। उन्होंने शानदार फिफ्टी जड़ी. वहीं नमन धीर ने भी अच्छी पारी खेली। जिसके दम पर मुंबई ने दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा. सूर्या ने नाबाद 73 रनों की पारी खेली।

# उत्तराखंड के रोहित भट्ट ने एवरेस्ट फतह किया



**टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के रहने वाले पर्वतारोही रोहित भट्ट के नाम और उपलब्धि जुड़ गई है। रोहित भट्ट ने गुरुवार सुबह माउंट एवरेस्ट आरोहण किया है।पर्वतारोही रोहित भट्ट ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगे को लहराया और इसी के साथ ये पल उनकी जीवन का खास पल बन गया। इस दौरान रोहित ने उनसे बिछुड़ चुके 29 पर्वतारोहियों को भी श्रद्धांजलि दी। उनके इस सफल आरोहण में उनके साथ शेरपा समेत दो लोग मौजूद थे। वहीं रोहित भट्ट की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इससे पहले रोहित भट्ट अप्रैल महीने में दुनिया की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी को फतेह करने के लिए रवाना हुए थे. इस यात्रा के परमिशन मिलने के बाद रोहित काफी खुश नजर आए थे। पर्वतारोही रोहित भट्ट उत्तरकाशी में 4 अक्टूबर 2022 में द्रौपदी का डांडा 2 में हुए हिमस्खलन में सकुशल बच गए थे। इस एवलॉन्च हादसे में निम के 41 पर्वतारोहियों का दल था। जिसमें 34 प्रशिक्षु, 7 प्रशिक्षक थे और हादसे में 29 की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद पर्वतारोही रोहित भट्ट ने कुछ महीने बेड रेस्ट करके फिर से पर्वतारोहण के लिए तैयारी की। जिसके बाद उन्होंने अपनी मंजिल को पाया। रोहित भट्ट यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस को फतह कर चुके हैं। रोहित ने माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा भी फहराया था, जो एक रिकॉर्ड है।

# दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (DC) के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मुंबई इंडियंस (MI) से हार के बाद मैच फीस का 10% जुर्माना लगाया गया, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें आधिकारिक रूप से समाप्त हो गईं। मुकेश को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट गियर, कपड़े या ग्राउंड उपकरण का दुरुपयोग करने से संबंधित है। उन्होंने आरोप स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी डेनियल मनोहर द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। बुधवार को मुकेश के लिए गेंद से खेलना मुश्किल रहा। उन्होंने अपने चार ओवरों में 48 रन दिए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। सबसे ज्यादा नुकसानदायक 19वां ओवर था, जहां सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने उन्हें 27 रन ठोके जिससे मुंबई 180 के मजबूत स्कोर तक पहुंच गई। उस ओवर में 6, 1, 4, 6, 6 और 4 रन बने और उन्होंने 2/48 के आंकड़े के साथ अंत किया। मुकेश को प्रतिस्थापित किया गया क्योंकि डीसी ने पीछा करने के दौरान केएल राहुल को अपने प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में लाया, लेकिन दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ 121 रनों पर ढह गई। केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ी, समीर रिजवी (39) और विप्रज निगम (20), 20 या उससे अधिक रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहे। मुंबई के गेंदबाज खासकर मिशेल सेंटनर और जसप्रीत बुमराह, शानदार थे। दोनों ने मिलकर 44 गेंदें फेंकी और सिर्फ 23 रन दिए हालांकि, वह महंगे साबित हुए हैं, उन्होंने 10.11 की इकॉनमी रेट से रन दिए। मुंबई जीत के साथ गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स सहित प्लेऑफ में पहुंच गया। अगले ग्रुप स्टेज मुकाबलों से यह तय होगा कि प्लेऑफ से पहले ये चारों टीमें स्टैंडिंग में किस स्थान पर रहेंगी।

# टोटेनहम हॉटस्पर ने रचा इतिहास

## मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर 17 साल बाद जीता यूरोपा लीग का खिताब




**बिलबाओ (स्पेन)।** टोटेनहम हॉटस्पर ने 22 मई, बुधवार को यहां स्पेन के बिलबाओ में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर 1-0 की मामूली जीत के साथ यूरोपा लीग फाइनल जीतकर अपने 17 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे को खत्म किया। 2008 में लीग कप जीतने के बाद से यह उनकी पहली खिताबी जीत है। पहले हाफ में ब्रेनन जॉनसन का गोल मैच में बनाया गया एकमात्र गोल साबित हुआ। इस मैच में कोई बेहतरीन फुटबॉल नहीं देखने को मिला, लेकिन नॉर्थ लंदन के इस क्लब के लिए यह बहुत मायने रखता था। मैनचेस्टर यूनाइटेड को 16 मौके मिले, जिनमें से छह निशाने पर लगे, लेकिन वे सफलता नहीं पा सके। इस करारी हार के साथ, रुबेन एमोरिम के पुरुष अब अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे। जॉनसन के गोल को छोड़कर, पहला हाफ दोनों टीमों के लिए यादगार नहीं रहा। वे गेंद को अपने कब्जे में रखने में लापरवाह थे और अंतिम तीसरे भाग में सटीकता की कमी थी। मैच का सबसे महत्वपूर्ण क्षण हाफटाइम से ठीक पहले आया जब पापे सार ने जॉनसन को निशाना बनाते हुए यूनाइटेड पेनल्टी क्षेत्र में गेंद को असिस्ट किया। जॉनसन ने यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को पीछे छोड़ते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया, यह गोल टोटेनहम हॉटस्पर की ऐतिहासिक जीत में निर्णायक साबित हुआ। दूसरे हाफ में, मैनचेस्टर यूनाइटेड बढ़त हासिल करने के लिए बेताब था और बराबरी की तलाश में था। स्पर्स ने अपना डिफेंस कड़ा रखा, यूनाइटेड के खिलाड़ियों को कभी भी स्पष्ट अवसर नहीं बनाने दिए। टोटेनहम ने कोई खास स्टाइलिश या प्रभावशाली खेल नहीं खेला, लेकिन उन्होंने वही किया जो उन्हें करना था। 17 साल तक बिना किसी ट्रॉफी के रहने के बाद, अंतिम सीटी ने खिलाड़ियों, प्रशंसकों और उनके मैनेजर के लिए जश्न का माहौल ला दिया, जिन्होंने अब अपनी बढ़ती उपलब्धियों की लिस्ट में यूरोपीय सिल्वरवेयर भी जोड़ लिया है।

# RCB में बेथेल की जगह लेगा न्यूजीलैंड का विकेटकीपर बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण IPL प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।' बेथेल का आरसीबी के साथ आखिरी मैच शुक्रवार को होगा जब टीम सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। उनका अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस प्ले-ऑफ में जगह बनाने वाली अन्य टीमें हैं। गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करने वाले जोस बटलर भी प्ले-ऑफ में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह इंग्लैंड की वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेलेंगे।

# आयरलैंड की हैट्रिक जीत, वेस्टइंडीज को फिर हराया



## पॉल स्टर्लिंग ने रचा नया इतिहास

**डबलिन।** आयरलैंड ने बुधवार, 21 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक 124 रनों की जीत दर्ज की. तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में जीत 304 के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 34.1 ओवर में 179 पर ही ढेर हो गई। यह वनडे क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर आयरलैंड की लगातार तीसरी जीत थी. वैसे कुल मिलाकर, आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर अपनी चौथी जीत दर्ज की. आयरलैंड की टीम ने एंडी बालबर्नी के शतक और गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रयास की बदौलत ये बड़ी जीत दर्ज की.304 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पारी की शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और उनके 31 के स्कोर पर ही 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए. उसके बाद जस्टिन ग्रीव्स (17 गेंदों पर 35 रन), रोस्टन चेज (76 गेंदों पर 55 रन) और मैथ्यू फोर्ड (48 गेंदों पर 38 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थीं. आयरलैंड की ओर से मकार्थी ने 4 जबकि डॉक्रेल ने 3 विकेट लिए.



इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (54) और एंडी बालबर्नी (112) ने पहले विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की. इसके बाद बल्लेबाजो ने रन बनाने की गति को जारी रखा और टीम ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया। हैरी टेक्टर ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 56 रन बनाए, मैथ्यू फोर्ड और अल्जारी जोसेफ ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में 54 रनों की अर्धशतक पारी खेलकर इतिहास रच दिया. क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले आयरलैंड के खिलाड़ी बन गए. 34 वर्षीय स्टर्लिंग देश के लिए अंतरराष्ट्रीय रन बनाने के मामले में अपने हमवतन से काफी आगे हैं. दूसरे स्थान पर मौजूद एंडी बालबर्नी अभी भी स्टर्लिंग से लगभग 4000 रन पीछे हैं।

# क्लासमेट ने ग्रैंड मास्टर्स आर. प्रग्गनानंद और आर. वैशाली के साथ की साझेदारी

**मुंबई।** भारत के अग्रणी नोटबुक और स्टेशनरी उत्पाद ब्रांड ITC के क्लासमेट ने EDUGAMES INFINITY लॉन्च किया है, जो एक अभिनव गेमिफाइड नोटबुक है जो शिक्षा के साथ खेल को सहजता से जोड़ती है। इसमें सीखने को एक सुखद अनुभव में बदलने के उद्देश्य से एक मजेदार और आकर्षक पहल शामिल है। क्लासमेट EDUGAMES INFINITY अब एक अनूठा अभियान शुरू कर रहा है, जिसमें भाग लेने से हांगकांग डिज्नीलैंड जाने का मौका मिलेगा, जो जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है, क्लासमेट EDUGAMES INFINITY के मूल में यह विचार है कि सीखना आनंददायक होना चाहिए, जिससे सीखने के मज़ेदार पक्ष को बढ़ावा मिले। क्लासमेट नोटबुक के लोकप्रिय अंतिम पृष्ठ पर निर्माण- जिसे कई पीढ़ियों से छात्र पसंद करते आ रहे हैं - EDUGAMES INFINITY इस अवधारणा को अंतिम पृष्ठ की पहेलियों को इंटरैक्टिव, गेमीफाइड और पुरस्कृत करके एक नई बुलन्दियों पर ले जाता है।





# होने वाली सास की लाडली हैं जाह्नवी

## कान 2025 लुक पर क्या बोलीं बॉयफ्रेंड शिखर की मां?

बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा जाह्नवी कपूर इन दिनों अपने कान लुक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है। एक्ट्रेस ने फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने ग्लैमरस और शानदार डेब्यू से सभी का दिल जीत लिया। अब जाह्नवी के इस लुक पर उनके बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की मां का भी रिएक्शन आ गया है। स्मृति शिंदे की प्रतिक्रिया से पता चला है कि जाह्नवी अपनी होने वाली सास की लाडली हैं।

### होने वाली सास की आई प्रतिक्रिया

जाह्नवी कपूर के कान डेब्यू लुक की शिखर पहाड़िया की मां स्मृति शिंदे ने भी तारीफ की। उन्होंने होने वाली बहुरानी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'बधाई हो शानदार डेब्यू के लिए जानू। ऐसे ही और बेहतर करती रहो।'

### शिखर की मां के साथ खास रिश्ता

बता दें शिखर पहाड़िया की मां स्मृति शिंदे के साथ जाह्नवी प्यारा बॉन्ड शेयर करती हैं। यह पहली बार नहीं है जब दोनों की बॉन्डिंग ने सुर्खियां बटोरी हों। इससे पहले जुलाई 2024 में जब जाह्नवी को फूड पॉयजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, तब खबरें आई थीं कि शिखर की मां रातभर उनके साथ अस्पताल में रुकी थीं।

### कान डेब्यू से छाईं जाह्नवी कपूर

जाह्नवी कपूर ने हाल ही में फ्रांस में आयोजित कान फिल्म फेस्टिवल में बतौर एक्ट्रेस रेड कार्पेट पर कदम रखा। इस मौके पर उन्होंने डिजाइनर तरुण तहिलियानी का शानदार गाउन पहना था, जिसमें उनका लुक किसी परी से कम नहीं लग रहा था। जाह्नवी की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गईं और फैंस से लेकर सेलेब्स तक, सभी ने उनकी खूब तारीफ की।

# ऐश्वर्या राय ने किया कुछ ऐसा कि हो गई रेखा से तुलना

## तस्वीरें देखकर लगेगा अमिताभ बच्चन को सदमा



बॉलीवुड अदाकारा ऐश्वर्या राय उस जमाने से कांस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं जब लोग इसके बारे में जानते तक नहीं थे. भले ही आज के समय में टीवी और बॉलीवुड सितारे कांस फिल्म फेस्टिवल जा रहे हैं लेकिन ऐश्वर्या राय का आज भी यहां जाना बड़ी बात है. हर साल की तरह इस बार भी ऐश्वर्या राय कांस फिल्म फेस्टिवल में पहुंची हैं. यहां पर ऐश्वर्या राय व्हाइट कलर की बनारसी साड़ी पहनकर पहुंचीं. इस दौरान ऐश्वर्या राय ने रेड कारपेट पर जमकर पोज दिए. इसी बीच कुछ ऐसा हो गया है जिसकी वजह से लोगों ने ऐश्वर्या राय की तुलना रेखा के साथ करनी शुरू कर दी है. चलिए जानते हैं कि ऐसा क्यों है?

अपनी व्हाइट गोल्डन साड़ी के साथ खूबसूरत नेकपीस पहने नजर आईं. इतना ही नहीं अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए ऐश्वर्या राय ने मांग में सिंदूर तक लगाया है. इसके अलावा ऐश्वर्या राय अपने एक कंधे पर खूबसूरत स्टॉल भी डाले नजर आईं. जिस तरह से ऐश्वर्या राय ने खुद को कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रजेंट किया है कुछ इसी तरह से रेखा भी बॉलीवुड पार्टीज में पहुंचती हैं. यही वजह है जो लोगों ने ऐश्वर्या राय की तुलना रेखा के साथ करनी शुरू कर दी है. सोशल मीडिया पर रेखा की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें वो भी व्हाइट गोल्डन कलर की साड़ी पहने दिख रही हैं. ऐश्वर्या राय की तरह रेखा भी मांग में सिंदूर लगाए हुए हैं. इस लुक में रेखा कमाल लग रही हैं. सोशल मीडिया पर लोगों ने ऐश्वर्या राय और रेखा की तुलना करनी शुरू कर दी है. फैंस का कहना है कि ऐश्वर्या राय का कांस लुक रेखा से इंस्पायर है. अब ये तो हर कोई जानता है कि ऐश्वर्या राय रखा को कितना मानती हैं. ऐश्वर्या राय रेखा को जमाने के सामने मां कहकर बुला चुकी हैं. इसके अलावा अमिताभ बच्चन और रेखा के कनेक्शन के बारे में तो हर कोई जानता ही है. ऐसे में ये कंपेरिजन होना बेहद खास हो जाता है. हालांकि बिग बी ये बात जानकर चौंक जरूर जाएंगे. गौरतलब है कि ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ कांस फिल्म फेस्टिवल में पहुंची थीं.

# हेरा फेरी 3 में परेश रावल की जगह लेंगे पंकज त्रिपाठी?

## बोले- उनके सामने मैं कुछ भी नहीं...

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की फिल्म हेरा-फेरी का नाम बॉलीवुड की बेस्ट कॉमेडी फिल्मों में लिया जाता है। फैंस इस फिल्म के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस बीच खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म का तीसरा पार्ट करने से मना कर दिया है। फैंस इस बात से काफी दुखी हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर फैंस परेश रावल की जगह पंकज त्रिपाठी को कास्ट करने की बात कर रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने इस बात पर रिएक्ट करते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता वो परेश रावल को रिप्लेस कर सकते हैं। बॉलीवुड हंगामा से खास बातचती के दौरान पंकज त्रिपाठी ने कहा, ₹मैंने पढ़ा और सुना है कि फैंस चाहते हैं कि मैं वो पार्ट प्ले करूं। मुझे नहीं लगता मैं ये कर सकता हूं। परेश सर एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी एक्टर हैं, और उनके सामने मैं कुछ भी नहीं हूं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं, और मुझे नहीं लगता की उस जॉब के लिए मैं सही व्यक्ति हूं।₹ पंकज त्रिपाठी के काम की बात करें तो उनकी वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस का सीजन 4 जल्द ही रिलीज होने वाला है। पंकज त्रिपाठी इस सीरीज में वकील माधव मिश्रा का रोल निभाते नजर आते हैं।





# साउथ की इस एक्ट्रेस की बढ़ी मुश्किलें

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस कयादु लोहार एक स्कैम मामले फंसती नजर आ रहीं हैं. दरअसल, एक्ट्रेस का नाम तस्माक घोटाला से जुड़ चुका है. रिपोर्ट्स के अनुसार एक्ट्रेस के अकाउंट में 35 लाख रुपए की पेमेंट की गई है. इस वजह एक्ट्रेस अब ED के नजर में आ चुकी हैं. आपको बता दें कि इस घोटाला के बाद जब ED ने इनके घरों में छापेमारी की तब वहां से एक्ट्रेस का भी नाम सामने आया है. इस खबर के सामने आते ही सब लोग एकदम हैरान हैं.



## तस्माक घोटाले में मिला कनेक्शन, नाइट पार्टी में हिस्सा लेने के मिले 35 लाख रुपए

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस कयादु लोहार एक स्कैम मामले फंसती नजर आ रहीं हैं. दरअसल, एक्ट्रेस का नाम तस्माक घोटाला से जुड़ चुका है. रिपोर्ट्स के अनुसार एक्ट्रेस के अकाउंट में 35 लाख रुपए की पेमेंट की गई है. इस वजह एक्ट्रेस अब ED के नजर में आ चुकी हैं. आपको बता दें कि इस घोटाला के बाद जब ED ने इनके घरों में छापेमारी की तब वहां से एक्ट्रेस का भी नाम सामने आया है. इस खबर के सामने आते ही सब लोग एकदम हैरान हैं. आपको बता दें कि तस्माक घोटाला 1000 करोड़ की शराब मनीलॉन्ड्रिंग का मामला है. इस घोटाले को लेकर हाल ही में ED ने कई जगहों पर छापा मारा है. जिसमे से एक्ट्रेस का भी कनेक्शन मिला है. बताया जा रहा है कि साउथ की ये हसीना नाइट पार्टी में जाने के लिए 35 लाख रुपए चार्ज करती थीं. इस खबर के सामने आते ही यह इंडस्ट्री में आग की तरह फैल गया है. एक्ट्रेस के फैंस को इस बात का विश्वास नहीं हो रहा है. हालांकि अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं जो सकी है.

# करण जौहर ने वॉर 2 को बताया सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म वॉर 2 के टीजर को फैंस समेत इंडस्ट्री के लोगों से जबरदस्त रिएक्शन मिल रहा है। यूजर्स ने इस फिल्म में एक्शन को शानदार बताया और लीड एक्टर्स की जोड़ी को साथ देखने को बड़ी ट्रीट। अब इस टीजर पर बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने भी अपना रिएक्शन दे दिया है। करण जौहर, मौनी रॉय, दीया मिर्जा, अली फजल समेत ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद, एक्स वाइफ सुजैन खान ने भी एक्टर को प्यार भेजा है।





करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'और ये रही इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर। ये क्लैश एपिक होने वाला है जो बॉक्स ऑफिस पर बाढ़ ले आएगा। इसका इंतजार नहीं कर पा रहा हूं।₹ करण ने एक दूसरी स्टोरी में कियारा अडवानी की बिकिनी वाली तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "क्या हम इन्हें हॉट कहने के लिए कुछ पल ले सकते हैं।"इसके अलावा टीजर पर ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा ने अपनी एक्साइटमेंट इमोजी शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की है। वहीं एक्स वाइफ सुजैन ने लिखा, 'वाओ, ये दुनिया से बाहर का, आपने और जूनियर एनटीआर ने आग लगा दी है।' इसके अलावा अली फजल ने कहा उनसे इंतजार नहीं हो रहा है। मौनी रॉय समेत कई और एक्टर्स ने ये जबरदस्त टीजर की तारीफ की है। बता दें, ब्रह्मास्त्र बनाने वाले अयान मुखर्जी ने वॉर 2 का डायरेक्शन किया है। टीजर में जूनियर एनटीआर को जबरदस्त तरीके से पेश करते हुए उनकी ऋतिक से उनकी टक्कर दिखाई है। कियारा अडवानी की एक झलक ने काम कर दिया है। अब हर जगह उनके चर्चे हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को थिएटर में दस्तक देने वाली है।

# दीपिका पादुकोण के हाथ लगी एटली की 700 करोड़ी फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इस वक्त कई वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। दीपिका को लेकिर कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म से बाहर कर दिया गया है। इसके पीछे की वजह दीपिका की बढ़ती मांगों को बताया जा राह है। एक तरफ जहां दीपिका को मेकर्स ने प्रभास की 'स्पिरिट' से बाहर किया तो वहीं, दूसरी तरफ उनके हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लग गया है। जी हां, दीपिका के हाथ किसी और की नहीं, बल्कि साउथ सुपरस्टार स्टार अल्लू अर्जुन की नई एक्शन मूवी 'AA22×A6' लग गई है। पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन ने एक साथ काम करने की इच्छा जताई है। दोनों के बीच काफी लंबे वक्त से 'AA22×A6' को लेकर बात चल रही थी। ऐसे में अब जवान के बाद दीपिका और निर्देशन एटली कुमार फिर से एक साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म का बजट 700 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में अब एटली की इस एक्शन फिल्म में दोनों सुपरस्टार्स यानी दीपिका और अल्लू के बीच ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। इस फिल्म में दोनों को एक साथ देखने के लिए फैन्स भी बेताब हैं। दीपिका, जो फिल्म की कहानी के अनुसार लुक अपनाएंगी, कथित तौर पर अपने रोल के लिए एक बड़ी फीस ले रही हैं।

# मणिरत्नम ने 'ठग लाइफ' में सान्या मल्होत्रा की भूमिका का किया खुलासा



कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ का गाना 'जिंगुचा' का एक झलक दिखा, तो उसमें सान्या मल्होत्रा और सिलंबरासन को एक साथ डांस करते देखा गया। इसने दर्शकों के मन में कई सवाल पैदा किए, कुछ ने तो यहां तक कहा कि वह फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगी। हालांकि, अब इन सभी सवालों के जवाब देते हुए खुद निर्देशक मणिरत्नम ने अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के रोल को लेकर खुलासा किया है।

### कैमियो में नजर आएंगी सान्या

ठग लाइफ फिल्म के निर्देशक मणिरत्नम ने हाल ही में तमिल पत्रिका विकटन से बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म में सान्या की मौजूदगी को लेकर बात की। डायरेक्टर ने कहा, 'वह फिल्म में एक छोटी सी भूमिका निभा रही हैं और केवल गाने में दिखाई देंगी। यह एक दोस्ताना भूमिका है। वह एक बेहतरीन डांसर और एक अच्छी इंसान हैं।' इस बात से निर्देशक ने लग रहे सभी कयासों को गलत साबित कर दिया है।

### सान्या को कास्ट करने की बताई वजह

आगे बातचीत में निर्देशक मणिरत्नम ने सान्या मल्होत्रा को कास्ट करने के पीछे वजह बताई है। उन्होंने कहा, 'कहानी दिल्ली की है, तो हमें उसी तरह का फ्लेवर चाहिए था। हमें उत्तर भारतीय चेहरा चाहिए था, इसलिए हमने उन्हें चुना।' इस फिल्म में सान्या के अलावा रोहित सराफ और अली फजल भी नजर आएंगे।

### ठग लाइफ फिल्म के बारे में

मणिरत्नम द्वारा निर्देशित 'ठग लाइफ' में कमल हासन ने रंगाराया शक्तिवेल नायकर की भूमिका निभाई है, जो क्राइम और जस्टिस के बीच फंसा हुआ व्यक्ति है। फिल्म में कमल हासन के अलावा सिलंबरासन टीआर, तृषा कृष्णन, अभिरामी और अशोक सेलवन भी नजर आएंगे। फिल्म में संगीत एआर रहमान ने दिया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में 05 जून को रिलीज होगी।



# संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से बाहर हुईं दीपिका?

## इस वजह से हो गई फिल्म से छुट्टी

'कबीर सिंह' और 'एनीमल' जैसी सुपरहिट फिल्में बनाने वाले निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपने नए प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म में बाहुबली स्टार प्रभास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के फिल्म में कास्ट किए जाने की चर्चाएं थीं। लेकिन अब इस फिल्म में दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। ये खबर बेशक दीपिका के फैंस का दिल तोड़ देगी।

### फिल्म से हुई दीपिका की छुट्टी !

'स्पिरिट' की स्टारकास्ट को लेकर अब एक नई खबर सामने आ रही है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि फिल्म से दीपिका पादुकोण की छुट्टी हो गई है। तेलुगु इंडस्ट्री की कई रिपोर्ट्स में ये कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं रही गई हैं। हालांकि, इस पर अभी तक दीपिका या फिल्म के मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन रिपोर्ट्स के हवाले से ये खबर काफी तेज फैल रही है।

### फीस से लेकर काम के घंटों तक, रहीं कई वजहें

हालांकि, अभी तक इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में दीपिका के फिल्म से बाहर होने के पीछे भी कई तरह के कारण बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स में ये कहा जा रहा है कि सेट पर काम करने के घंटों को लेकर भी दीपिका और मेकर्स के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि दीपिका ने फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपए की मोटी रकम की मांग की। जो उनकी अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। जबकि दीपिका ने अपनी लाइनें भी खुद बोलने से इंकार कर दिया। जिसके बाद संदीप रेड्डी वांगा और दीपिका के बीच तालमेल बिगड़ गया। नतीजा दीपिका को फिल्म से बाहर कर दिया गया।

### नई एक्ट्रेस की तलाश कर रहे मेकर्स !

रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि दीपिका के बाहर होने के बाद अब मेकर्स फिल्म की नई हीरोइन की तलाश कर रहे हैं। इससे पहले दीपिका की प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म की शूटिंग में देरी हुई थी। हालांकि, बेटी के जन्म के बाद दीपिका ने फिल्म के सेट पर वापसी की थी। लेकिन अब इन नई रिपोर्ट्स के मुताबिक, वो फिल्म से बाहर हो गई हैं।

# अमिताभ बच्चन पर्सनल वजह से नहीं होस्ट कर पाएंगे केबीसी 17

कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के रजिस्ट्रेशन का प्रोमो आ चुका है। इसमें अमिताभ बच्चन को देखकर लोगों को तसल्ली हुई कि वह इस बार भी होस्ट होंगे। हालांकि अब कुछ ऐसी रिपोर्ट्स हैं जो केबीसी के लॉयल दर्शकों को निराश कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि अमिताभ बच्चन इस साल केबीसी होस्ट नहीं करेंगे। उनकी जगह सलमान खान के होस्ट बनने की खबर आ रही है। अमिताभ बच्चन के बिना केबीसी और सलमान खान के बिना बिग बॉस कई दर्शकों को अधूरा लगता है। अब खबर है कि केबीसी 17 को अमिताभ बच्चन नहीं बल्कि सलमान खान होस्ट करेंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक एक सोर्स ने बताया, 'सलमान खान छोटे पर्दे के राजा और अमिताभ बच्चन को रिप्लेस करने के लिए बेस्ट फेस हैं। छोटी जगह के दर्शकों से उनका बढ़िया कनेक्ट है। पहले शाहरुख खान भी केबीसी होस्ट कर चुके हैं। अगर सब कुछ सही चलता है तो वह टीवी सेट्स पर तूफान ला देंगे।' सोर्स ने बताया कि अमिताभ बच्चन पर्सनल वजह से शो नहीं कर पाएंगे। हालांकि चैनल की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि अप्रैल में प्रोमो में अमिताभ बच्चन दिखाई दे चुके हैं। साथ ही सलमान खान बिग बॉस भी होस्ट कर रहे हैं तो इस इस खबर के सही साबित होने की संभावना कम लग रही है।

# सोहा अली खान ने LEGO® प्लेग्राउंड का किया उद्घाटन

विवियाना मॉल ने LEGO® ग्रुप के साथ मिलकर बच्चों के लिए एक रोमांचक और इंटरैक्टिव इवेंट 'LEGO प्लेग्राउंड' का आयोजन किया है, जो 25 मई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक संचालित रहेगा। यह कार्यक्रम बच्चों को LEGO® गतिविधियों के ज़रिए खेलने, सीखने और आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

रचनात्मकता, एकाग्रता और नवाचार को प्रेरित करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह प्लेग्राउंड 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए कई मज़ेदार ज़ोन प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैं – टॉवर नॉक डाउन, निंजागो स्पिनजिट्ज़ू चैलेंज, रेस डे – गो द डिस्टेंस, और एक एस्केप रूम भूल-भुलैया, जिसमें ब्रिज बिल्डिंग, मेमोरी टेस्ट और रेस्क्यू मिशन जैसे थीम शामिल हैं। हर ज़ोन बच्चों में गति, ध्यान, रचनात्मकता और त्वरित निर्णय क्षमता जैसे कौशल को बढ़ावा देता है। 5 वर्ष से कम उम्र के छोटे बच्चों के लिए एक विशेष LEGO® डुप्लो ज़ोन उपलब्ध है, जिसमें माता-पिता की सहायता से गाइडेड बिल्डिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विशेष LEGO® मर्चेंडाइज़ भी भेंट में दिए जाएंगे, जिससे यह अनुभव और भी यादगार और लाभकारी बनता है। यह सारी सुविधाएं मामूली शुल्क पर उपलब्ध हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने किया।

